श्रीयन्त्रपूजापद्धतिप्रकाशः

संकलनकर्ता

श्रीस्वामी शान्तिधर्मानन्द सरस्वती

॥ॐ श्री ॐ॥

श्रीयन्त्र पूजापद्धतिप्रकाश:

संकलनकर्ता

श्रीस्वामी शान्तिधर्मानन्द सरस्वती

सत्यं साधना कुटीर
181, ग्राम: गौहरी माफी,
पो: रायवाला, ऋषिकेश,
उत्तराखण्ड, 249205.

ग्रन्थनाम:-श्रीयन्त्रपूजापद्धतिप्रकाशः

प्रकाशक :- श्री सत्यं साधना कुटीर समिति, ऋषीकेश.

प्रथम संस्करण : शनिवार, 18 अप्रैल 2015,
चैत्र कृष्ण अमावस्या, संवत् 2072.
प्रतियां : 1000 (हजार)
प्रधान सम्पादक : स्वामी शान्तिधर्मानन्द सरस्वती
सम्पादक मण्डल: स्वामी सर्वेशानन्द सरस्वती, पं. ज्योतिप्रसाद उनियाल,
ब्र. रामकृष्णन् और चौ. विजयपाल सिंहजी.
अक्षर संयोजन : स्वामी शान्तिधर्मानन्द सरस्वती.

पुस्तक प्राप्ति स्थान-
श्री सत्यं साधना कुटीर समिति,
ग्राम-गौहरी माफी, पो. रायवाला, ऋषीकेश
जिला- देहरादून 249205 (उत्तराखण्ड)
दूरभाष संख्या:- 91-9557130251,

सहयोग राशि : 300/-

मुद्रक : सेमवाल प्रिंटिंग प्रेस, ऋषिकेश.

चित्र-2
शाक्ताः
कौलाः
समयिनः
पूर्वकौलाः
उत्तरकौलाः
1. मूलाधारनिष्ठाः
श्रीचक्रस्थ-
त्रिकोणनिष्ठाः ।
प्रत्यक्षयोनिनिष्ठाः
पंचमकारपराः ।
2. स्वाधिष्ठाननिष्ठाः
3. उभयनिष्ठाः
1. मातंगीतन्त्रनिष्ठाः
2. वाराहीतन्त्रनिष्ठाः
3. कौलमुख्यतन्त्रनिष्ठाः
4. भैरवीतन्त्रनिष्ठाः
1. बाह्यश्रीचक्रपूजकाः–स्थूलोपासकाः
2. अन्तर्बहिरुभयपूजकाः:- सूक्ष्मोपासकाः
3. अन्तरेव पूजकाः:- परोपासकाः
4. अर्चनानधीनाः:- जीवन्मुक्ताः

1. प्रस्तावना

संसार में परमपुरुषार्थ (मोक्ष)के साधन आत्मज्ञान को प्राप्त कर लेने में ही अत्यन्त दुर्लभ मनुष्य जन्म की सार्थकता है। लेकिन यह सामान्य मनुष्य से संभव नहीं है, बल्कि अत्यन्त प्रखर व तीक्ष्ण बुद्धिवाले मनुष्य से ही संभव है। जैसे कि कठोपनिषद् में कहा है-

''दृश्यते त्वग्र्यया बुद्ध्या सूक्ष्मया सूक्ष्मदर्शिभि:''(1.3.12)

अर्थात् सूक्ष्मदर्शी मनुष्य अपनी अत्यन्त प्रखर व तीक्ष्ण बुद्धि (शुद्ध अन्त:करण) के द्वारा आत्मा की अनुभूति कर सकते हैं, क्योंकि संपूर्ण वेद के तात्पर्य जीव ब्रह्म ऐक्यत्व की अनुभूति को अष्टांग योगादि साधन व विवेकादि साधन चतुष्टय से सम्पन्न कोई विरला ही कर पाता है, जैसे कि कठोपनिषद् (2.1.1) में कहा है-

'कश्चिद्धीर: प्रत्यगात्मानमैक्षदावृत्तचक्षुरमृतत्वमिच्छन्'

अर्थात् धैर्य युक्त कोई विरला पुरुष ही अमृतत्त्व (मोक्ष) को चाहते हुये इन्द्रियों को समेट कर प्रत्यगात्मा का अनुभव करता है। क्योंकि सामान्य मनुष्य का स्वभाव है बहिर्मुखी होकर सांसारके सुख केलिये प्रवृत्त होना। जैसे कि कठोपनिषद् (क.उप-2.1.1) में कहा है-

'पराँचि खानि व्यतृणत्स्वयम्भू: तस्मात्पराङ् पश्यति नान्तरात्मन्'

अर्थात् ईश्वर ने इन इन्द्रियों को बहिर्मुख कर जीव को हिंसित किया हैं, इसलिये यह मनुष्य बाहर ही देखता है, अपनी अन्तरात्मा को नहीं देखता है। अत: सभी साधनों का लक्ष्य मनो निग्रह ही है। इसलिये मैत्रायण्युपनिषद् में कहा है-

''मन एव कारणं बन्धमोक्षयो:''(4.11)

मनो निग्रह का सरलतम उपाय क्या है? इसका उत्तर श्रीमद्भागवत महापुराण में इस प्रकार दिया है-

य आशु हृदयग्रन्थिं निर्जिहीर्षु: परात्मन:।
विधिनोपचरेद्देवं तन्त्रोक्तेन च केशवम्।।(11.3.47)

अर्थात् जो मनुष्य शीघ्र ही हृदय ग्रन्थि को नष्ट करना चाहता है वह

वेदादि शास्त्रोक्त विधि से परमात्मा की उपासना करे और आगमोक्त विधि से केशव आदि इष्ट देवता की पूजा करे। लेकिन वेदरूपी महासागर में बतायी गयी विधियों को समझके स्वयं संग्रह कर उपासना व पूजा करना सर्व साधारण मनुष्य से संभव नहीं है। अत: मन्द व मध्यम बुद्धिवाले मनुष्यों पर कृपा करते हुये परमकारुणिक भगवान श्रीपरशुरामजी ने मनो निग्रह के सरलतम उपाय श्रीचक्रपूजा पद्धति को प्रकट कर महान उपकार किया है।

संसार में प्रसिद्ध समस्त मन्त्रविद्या, यन्त्रविद्या एवं तन्त्रविद्याओं में से श्रीविद्या सर्वश्रेष्ठ है। इसको सौभाग्यविद्या, सुन्दरीविद्या, पंचदशीविद्या आदि नाम से भी जाना जाता है। यद्यपि श्रीचक्र की पूजा पद्धति के संबंध में अनेकों ग्रन्थ प्रकाशित हैं तथापि पूर्व में प्रकाशित ग्रन्थों की न्यूनाधिकता के कारण उपासकों एवं जिज्ञासुओं की परेशानी को देखते हुये उनके निवेदन पर इस ग्रन्थ को दक्षिणामूर्तिमत के अनुसार सृष्टिक्रम पर आधारित होकर प्रकाशित किया जा रहा है, जिसमें विस्तृत और संक्षिप्त दोनों पुजन विधियों सहित मानसपूजन विधि को स्पष्ट व अलग-अलग दर्शाने का प्रयास किया गया है। इसलिये, श्रीचक्र के उपासकों के द्वारा प्रात: काल से रात्रि पर्यन्त जो-जो कर्म क्रम से करने होते हैं तथा उनके साथ समपेक्षित कुछ अन्य नैमित्तिक कर्म भी करने होते हैं, उन सबको संग्रह करके प्रकाशित करने का प्रयास किया गया है। पुरश्चरण करने के इच्छुक साधकों को दृष्टि में रखकर भी विधि-विधान को प्रकाशित करने केलिये प्रयास किया गया है। श्रीविद्या की उपासना तीन प्रकार से की जाती है - 1. स्थूलोपासना, 2. सूक्ष्मोपासना और 3. परोपासना।

1. स्थूलोपासना:- इसमें भोजपत्र पर लिखित, कागज पर लिखित अथवा मुद्रित, ताम्बा -चांदी-सोना आदि धातुओं से निर्मित, पुखराज - माणिक्य-पन्ना आदि पत्थर अथवा चन्दन आदि श्रेष्ठ लकड़ियों से निर्मित बाह्य स्थूल श्रीचक्र की पूजा-अर्चना करना स्थूलोपासना है, जिसमें मन स्वयं विधि का पालन करने में बंध जाता है जिससे अनायास

ही मन की निग्रह पूर्वक एकाग्रता सिद्ध हो जाती है। क्योंकि विधिवत् सामान्यार्घ्यपात्रस्थापन पूर्वक विशेषार्घ्यपात्रस्थापन से आरम्भ कर अन्तर्याग, बहिर्याग आदि को क्रम से अनुष्ठान करने में मन अत्यन्त व्यस्त हो जाने से मन को क्षणभर भी बहिर्मुख होने का अवसर नहीं मिलता है। इस प्रकार नित्य उपासना करते-करते अन्तःकरण शुद्धिपूर्वक मन अवश्य ही एकाग्र होकर आत्मानुभूति करने योग्य हो जाता है। जैसे कि श्रीमद्भागवत महापुराण (11.23.46) में कहा है-

"दानं स्वधर्मो नियमो यमश्च श्रुतं च कर्माणि च सद्व्रतानि।
सर्वे मनोनिग्रहलक्षणान्ताः परो हि योगो मनसः समाधिः॥"

अर्थात् दान, स्वधर्मपालन (अपने वर्ण-ब्राह्मण आदि और आश्रम- ब्रह्मचर्य आदि के अनुसार धर्म का पालन करना), यम-नियम (मनुस्मृति अथवा योगदर्शन में वर्णित) का पालन, वेद-गीता आदि ग्रन्थों का स्वाध्याय, कर्म और व्रत का लक्ष्य केवल मनो निग्रह ही है, जिसके फलस्वरूप मन का समाधि अवस्था में स्थित होना ही योग है।

2. सूक्ष्मोपासनाः- इसमें पंचदशी मन्त्र का जप आदि अनुष्ठान प्रधान होता है, बाह्य पूजा गौण होती है, अन्तर्पूजा मुख्य है। इसमें वाक्कूट (कएईलह्रीं), कामराजकूट (हसकहलह्रीं) और शक्तिकूट (सकलह्रीं) नाम से तीन कूट हैं। सकाम उपासक वाक्कूट से इस लोक सम्बन्धी सब प्रकार के फल प्राप्त कर सकता है, कामराजकूट से वशीकरण-सम्मोहन-आकर्षण आदि सिद्धियों को प्राप्त कर सकता है और शक्तिकूट से परलोक के समस्त सुख सहित मोक्ष तक के फल को प्राप्त कर सकता है। फल प्राप्ति तो प्रयोग करने की विधि-विधान और संकल्प के ऊपर निर्भर है। जो निष्काम भाव से करता है वह तो अवश्य ही मोक्ष को प्राप्त कर लेगा।

3. परोपासनाः- इसमें श्रीचक्र, संसारचक्र और स्वदेहस्थ नवचक्र की अभेदपूर्वक भावना यानि चिन्तन कर शिव और शक्ति की ऐक्यता की भावना करना होता है। यह सर्वोत्कृष्ट उपासना है।

उक्त किसी भी साधना को बिना गुरु से प्राप्त किये नहीं करना

चाहिये। क्योंकि गुरु साक्षात् भगवान है, जैसे कि तन्त्रराजतन्त्र में (1
29, 30 व 38) कहा है-

"यतो गुरुः शिवः साक्षात्तं स्तुवन्प्रणमन्भजेत्",

एवं "यथा देवे तथा मन्त्रे यथा मन्त्रे तथा गुरौ।
यथा गुरौ तथा स्वात्मन्येवं भक्तिक्रमः प्रिये।।"

तथा "गुरुं न मर्त्यं बुध्येत यदि बुध्येत तस्य तु।
न कदाचिद्भवेत्सिद्धिर्मन्त्रैर्वा देवतार्चनैः।।"

अर्थात् जिसलिये गुरु साक्षात् शिव ही है इसलिये उनकी स्तुति, प्रणाम, आदि करते हुये सेवा करें। एवं, हे प्रिये! जैसे देवता में वैसे मन्त्र में, जैसे मन्त्र में वैसे गुरु में और अन्त में जैसे गुरु में वैसे अपने में श्रद्धापूर्वक अभेद कर उपासना करना ही भक्ति का क्रम है। गुरु को कभी भी मनुष्य नहीं समझें, क्योंकि यदि मनुष्य समझकर व्यवहार, सेवा आदि करता है तो उसे मन्त्रों अथवा देवताओं की अर्चना आदि किसी भी साधना के द्वारा मनोनिग्रह, अन्तःकरण शुद्धि और ज्ञान प्राप्ति रूपी सिद्धि कभी भी प्राप्त नहीं हो सकती है। इसलिये तत्त्वसंग्रह नामक प्रकरण ग्रन्थ में जगद्गुरु श्री आद्य शंकराचार्यजी ने कहा है-

"कुर्याद्भावाद्वैतं सदा न क्रियाद्वैतं कदाचित्।" (78)

अर्थात् प्रारब्ध कर्म के अधीन व्यवहार युक्त गुरु के पांचभौतिक शरीर से होते हुये किसी भी प्रकार के व्यवहार की नकल न करें, किन्तु उनके द्वारा दिये गये उपनिषद् आदि मोक्ष परक शास्त्रज्ञान का मनन आदि करें और बताये गये अन्य साधनों का भी अनुष्ठान करें।

पुनः चार अथवा छः आम्नाय भेद से एवं कौल आदि तीन मत अथवा संप्रदाय भेद से भी श्रीविद्या की अनुष्ठान पद्धति में अन्तर माना जाता है। अतः दक्षिणामूर्ति मत के अनुसार श्रीविद्या के प्रयोगपूर्वक श्रीचक्र की पूजा में विशेष ध्यान देने योग्य बात यह है कि-केशव मातृका न्यास के बाद केशव मातृका स्तोत्र, गणेशमातृका न्यास के बाद गणेश कवच, पीठपूजा के बाद इन्द्राक्षि स्तोत्र, लक्ष्म्यर्चन एवं लक्ष्मीहृदयार्चन के बाद शिव कवच, योगिन्यर्चन के बाद दुर्गास्तुति,

कुलसुन्दरी पूजा के बाद त्रिपुरसुन्दरीस्तोत्र और सर्वमंगला के बाद मंगलचण्डिका स्तोत्र का पाठ करना अति आवश्यक है।

इस ग्रन्थ की संरचना में त्रिपुरोपनिषद्, भावनोपनिषद्, शारदातिलक, प्रपंचसार, नटराजतन्त्र, रुद्रयामल, ब्रह्मयामल, शिवरहस्य, तन्त्रसार, मन्त्ररत्नाकर, मन्त्रमहोदधि, अनुष्ठानप्रकाश तथा गोखा पुस्तकालय, रामघाट, बनारस द्वारा मुद्रित "पूजाविधि सहित अग्निस्थापना" आदि अनेक ग्रन्थों का उपयोग किया गया है। इसमें सब कुछ शास्त्र प्रमाण युक्त है और गुरु परम्परा के अनुसार है, कुछ भी स्वबुद्धि परिकल्पित नहीं है।

अतः भ्रम या प्रमाद आदि के कारणवश मुद्रण में किसी भी प्रकार का दोष रह गया हो तो मैं, संकलन कर्ता, श्री स्वामी शान्तिधर्मानन्द सरस्वती क्षमा प्रार्थी हूँ और पाठकों व उपासकों से विनम्र निवेदन करता हूँ कि वे अशुद्धियों को सुधारकर ही पढ़ें व प्रयोग करें। इस ग्रन्थ के लेखन, संपादन, संशोधन, प्रकाशन आदि विविध कार्यों में साक्षात् या परम्परा से या आर्थिक आदि अनेक प्रकार का सहयोग प्रदान करनेवाले समस्त आदरणीय सन्त- महात्माओं, ब्रह्मचारी-साधकों, उपासकों-भक्तों और सद्गृहस्थों के प्रति अत्यन्त आभार अभिव्यक्त करते हुये सब की सर्वांगीण अभिवृद्धि एवं विशेषतः आध्यात्मिक प्रगति व लक्ष्य प्राप्ति केलिये मैं, संकलन कर्ता, श्री स्वामी शान्तिधर्मानन्द सरस्वती, माँ भगवती से प्रार्थना करता हूँ व सहृदय से सबके कल्याण की मंगलकामना करता हूँ।

।। हरिः ॐ तत्सत्।।

2. भूमिका

2.1 श्रीविद्यापरिचय: -

परब्रह्म की सच्चिदानन्दमयी धारिकाशक्ति ही धर्म है। जैसे कि महाभारत (शां 109.11, कर्ण 69.58) में कहा है -

'धारणाद्धर्म इत्याहु धर्मो धारयति प्रजाम्।'

अर्थात् धारण करने से धर्म है और धारण किया हुआ धर्म प्रजा को धारण करता है। इसलिये धर्म का लक्षण इस प्रकार किया गया है

'यतोऽभ्युदयनिःश्रेयससिद्धिः स धर्मः'

अर्थात् जिसे धारण करने पर इहलोक व परलोक के सुख अथवा मोक्ष प्राप्त हों वह धर्म है। तात्पर्य यह है कि व्यक्ति अपने जीवन में अपने, समाज के और लोक हित में जिन नियमों का पालन करता है वह धर्म है। लेकिन मनुष्य अपनी क्षुद्र बुद्धि से धर्म (नियमों) को तय नहीं कर सकता है, इसलिये ईश्वर की प्रेरणा से समाधिस्थ ऋषियों के हृदय में अभिव्यक्त वेदों को मानवमात्र के कल्याण केलिये प्रामाणिक माना गया है। उन वेदों में ब्रह्म को जीव का वास्तविक स्वरूप बताया गया है, जो अविद्या के कारण सांसारिक बन्धन में अपने आपको बंधा हुआ मानता है। उस बन्धन की कारणीभूता अविद्या को विद्या से ही नष्ट किया जा सकता है। अतः वेदों पर आधारित होकर लोक कल्याण केलिये अधिकारी भेद से विभिन्न तन्त्रशास्त्रों में दस महाविद्याओं का वर्णन किया गया है, जिनका संग्रह इस प्रकार है -

काली च भैरवी तारा षोडशी भुवनेश्वरी।।
मातंगी छिन्नमस्ता च बगला कमला तथा।
धूम्रावतीति वेदज्ञैर्महाविद्या दशेरिताः।।

(धूमावती - पाठभेदः)। प्रत्येक व्यक्ति इन दसों विद्याओं की साधना एक साथ नहीं कर सकता है, असम्भव भी है, क्योंकि साधना के नियम, अनुष्ठान प्रक्रिया, मन्त्र व दीक्षा आदि में बहुत अन्तर है। इसलिये दक्षिणामूर्ति परम्परा में इनकी साधना का क्रम इस प्रकार तय किया गया है -

1. छिन्नमस्ता, 2. धूम्रावती, 3. मातंगी, 4. काली, 5. बगलामुखी, 6. भैरवी, 7. तारा, 8. कमला, 9. भुवनेश्वरी, 10. षोडशी (महात्रिपुर-सुन्दरी)। किसी भी विद्या की साधना कर रहे हों तो भी कुछ ऐसे सामान्य नियम (धर्म) हैं जिन्हें सबके द्वारा पालन करना ही है। जैसे-

1. ऐसा कोई कार्य न करे जिससे प्रकृति की हानि हो, क्योंकि मनुष्य आपके अपराध को भले ही क्षमा कर दे किन्तु प्रकृति कभी क्षमा नही करती। भूकम्प, बादल फटना, दैवी आपदायें इत्यादि इसके उदाहरण हैं।

2. **'अष्टादशपुराणेषु व्यासस्य वचनद्वयम्।**
परोपकारः पुण्याय पापाय परपीडनम्।।'

अर्थात् 18 पुराणों में व्यास के सारभूत दो ही वचन हैं – परोपकार करना पुण्यदायक है व किसी दूसरे को कष्ट देना पापदायक है।

3. **'अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः।**
चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्यायशोबलम्।।'

अर्थात् दूसरे को आदरपूर्वक प्रणाम करनेवाले व अपने से बड़ों की सेवा करने वाले की चार चीजें नित्य वृद्धि को प्राप्त होती हैं – आयु, विद्या, यश और बल।

4. **'सत्यं ब्रूयात्प्रियं ब्रूयान्न ब्रूयात्सत्यमप्रियम्।**
प्रियञ्च नानृतं ब्रूयादेषो धर्मः सनातनम्।।' (मनुस्मृतिः 4.138)

अर्थात् सत्य बोलो, प्रिय बोलो, अप्रिय सत्य को न बोलो, प्रियकर झूठ भी न बोलो। यही सनातन धर्म है। इत्यादि पालनीय और भी अनेक सामान्य नियम हैं। यदि आप सोचते हैं कि सनातनधर्म के मूलभूत मूल्यों का पालन न करने व कुकर्म करने का दण्ड नहीं मिलेगा क्योंकि आपके कर्मो का कोई साक्षी नहीं है तो आप भ्रम में हैं। क्योंकि शास्त्र कहता है कि काया, वाचा, मनसा हम जो भी जानकर व अन्जाने में करते हैं उनके 14 साक्षी हैं –

पंचभूतानि हृदयं सूर्यचन्द्रमा यमश्च।
अहोरात्रे सायं प्रातः धर्मस्सन्त्येते साक्षिणः।।

अर्थात् पृथिवी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, सूर्य, चन्द्रमा, हृदय, यमराज, दिन, रात, प्रातः, सायं और धर्म – ये साक्षी हैं।

शास्त्रों का सार यह है कि सदाचार (निष्काम कर्मयोग), उपासना और उपनिषद् ज्ञान – ये तीन ब्रह्मविद्या के साधन हैं। यही तीन हम सब में तीन शक्तियों के रूप में विद्यमान हैं – अपरा, परापरा, परा। पराशक्ति मोक्षदायिनी शक्ति है। इन तीनों शक्तियों का प्रतीक **श्रीचक्र** है। क्योंकि **श्री = शक्ति, चक्र = समूह**, अर्थात् शक्तिसमूह।

2.2 श्रीचक्रम्

दक्षिणामूर्ति मत के अनुसार इस त्रिशक्तिरूप श्रीचक्र का निर्माण 10 चक्रों से हुआ है, अन्य मतों में 9 चक्रों से बना है। जैसे कि कहा है–

बिन्दुत्रिकोणवसुकोणदशारयुग्मम्,
मन्वस्रनागदलशोभितषोडशारम्।
वृत्तत्रयं च धरणी सदनत्रयं च,
श्रीचक्रमेतदुदितं परदेवतायाः।।

ये दस चक्र हैं – भूपुर, त्रिवृत्त, षोडशदल, अष्टदल, चतुर्दशार, बहिर्दशार, अन्तर्दशार, अष्टार, त्रिकोण और बिन्दु। इन चक्रों के नाम इनकी पूजा से मिलने वाले फल के अनुसार हैं, जो क्रमशः इस प्रकार है – **त्रैलोक्यमोहनचक्र** (तीनों लोकों को मोहित करने की शक्तिप्रदायक), **त्रिवर्गसाधकचक्र** (धर्म, अर्थ और काम यानि तीनपुरुषार्थ के फलप्रदायक), **सर्वाशापरिपूरक** (सकलकामना प्रदायक), **सर्वसंक्षोभणचक्र** (सभी को क्षुब्ध करने की शक्ति प्रदायक), **सर्वसौभाग्यदायकचक्र** (समस्त प्रकार के सौभाग्य प्रदायक), **सर्वार्थसाधकचक्र** (समस्त प्रयोजन साधक शक्ति प्रदायक), **सर्वरक्षाकरचक्र** (सब प्रकार के कष्ट आदि से रक्षा प्रदायक), **सर्वरोगहरचक्र** (समस्त प्रकार के रोगों का नाशक), **सर्वसिद्धिप्रदचक्र** (समस्त सिद्धिप्रदायक) और **सर्वानन्दमयचक्र** (संपूर्ण आनन्दप्रदायक)। प्रत्येक चक्र को आवरण कहा जाता है। क्यों? जैसे कि वर्णन किया गया है कि प्रत्येक चक्र कुछ न कुछ उत्कृष्ट फल देता है जो प्रलोभित कर साधक को बहिर्मुख करते हुये

उसके स्वरूप पर पड़े हुऐ अज्ञानरूपी आवरण पर और आवरण चढ़ाकर उसे मोक्ष से दूर करता है। चादर पर चादर ओढ़ाकर किसी वस्तु को ढ़कने के समान आत्मा को ये चक्र फल देकर प्रलोभित करते हुये ढ़कते हैं अर्थात् आपको बन्धन में डालते हुये मोक्ष से दूर करते हैं, इसलिये इन्हें आवरण कहा गया है। इन आवरणों से प्राप्त होनेवाले फल को त्यागकर निष्काम भाव से उपासना करते हैं तो यही श्रीविद्या ब्रह्मविद्या प्रदान कर मोक्ष देगी।

श्रीचक्र में 9 त्रिकोण होते हैं। उन में से ऊपर की ओर कोणवाले चार त्रिकोण शिवात्मक और नीचे की ओर कोणवाले पांच त्रिकोण शक्त्यात्मक हैं। इसलिये श्रीचक्र शिवशक्ति उभयात्मक है। इसे यन्त्रराज भी कहते हैं क्योंकि समस्त यन्त्र लौकिक अथवा पारलौकिक फल ही दे सकते हैं अर्थात् केवल भोगदायक हैं किन्तु श्रीचक्र आपके संकल्प के अनुसार भोग एवं मोक्ष देने में समर्थ है। महात्रिपुरसुन्दरी ही इसकी संचालिका है। इसका एकाक्षरीमन्त्र (**ह्रीं**) से आरम्भ कर प्रासादीमन्त्र पर्यन्त मन्त्रों को क्रमशः दीक्षा से प्राप्त कर अनुष्ठान किया जाता है। यद्यपि त्रिपुरसुन्दरी का प्रासादीमन्त्र ही सर्वश्रेष्ठ मन्त्र है तथापि श्रीपंचदशीविद्या (मूलविद्या), षोडशीविद्या (महाविद्या) और महाषोडशीविद्या (परममन्त्रराज) को भी श्रेष्ठ माना जाता है।

प्रासादीमन्त्र (षष्टीमन्त्र) **ॐ ऐं ह्रीं श्रीं कएईलह्रीं हसकहलह्रीं सकलह्रीं हंसः सोऽहं अं हंसः अः सोऽहं हसौः हौं सोऽहं अः हंसः अं सोऽहं हंसः सकलह्रीं हसकहलह्रीं कएईलह्रीं श्रीं ह्रीं ऐं ॐ**, पंचदशीविद्या –**कएईलह्रीं हसकहलह्रीं सकलह्रीं** (कादि), **हसकलह्रीं हसकहलह्रीं सकलह्रीं** (हादि) और **सएईलह्रीं सहकहलह्रीं सकलह्रीं**(सादि), षोडशीविद्या –**ॐ कएईलह्रीं हसकहलह्रीं सकलह्रीं** अथवा **कएईलह्रीं हसकहलह्रीं ऐंसकलह्रीं** (कुछ मत में श्रीं को जोड़ते हैं। ऐं अथवा श्रीं किस कूट के आरम्भ में जोड़ना है इस विषय में भी मत भेद है। अतः **श्रीगुरुपरम्परा** से ही जानना उचित है।) और महाषोडशीविद्या– **श्रीं ह्रीं क्लीं ऐं सौः ॐ कएईलह्रीं हसकहलह्रीं**

सकलह्रीं ॐ सौः ऐं क्लीं ह्रीं श्रीं। तन्त्र भेद से बालात्रिपुरसुन्दरी का त्र्यक्षरीमन्त्र में भेद है – **ऐंक्लींसौः, ऐंसौःक्लीं, क्लींऐंसौः, क्लींसौःऐं** और **ह्रींक्लींह्सौः।** इसी प्रकार षडक्षरी में दो भेद है–**ऐंह्रींश्रीं ऐंक्लींसौः** तथा **ऐक्लींसौःऐंह्रींश्री** और बालाअष्टाक्षरी में भी प्रमुख दो भेद हैं – **ऐं क्लीं सौः नमः शिवाय** और **ऐं क्लीं नमः शिवाय सौः।**

यद्यपि पूर्व में श्लोक को उद्धृत कर दर्शाया है कि श्रीचक्र में दस आवरण ही हैं तथापि ज्ञानार्णवतन्त्र आदि ग्रन्थों पर आधारित होकर कुछ विद्वानों ने श्रीचक्र को पांच कल्पों में विभक्त कर 16 आवरणों का माना है। उनके मत को हम यहाँ संक्षेप में दर्शा रहे हैं – प्रथमकल्प (सृष्टिकल्प) में एक से चार आवरण, दूसरे कल्प (स्थितिकल्प) में पांचवें से आठवें तक, तीसरे कल्प (संहारकल्प) में नौवे और दसवें, चौथे कल्प (निग्रहकल्प) में ग्यारहवें और बारहवें, तथा पांचवें कल्प (अनुग्रहकल्प) में तेरहवें से सोलहवें आवरण तक का संग्रह किया गया है। प्रथम आवरण से दसवें आवरण तक में कोई भेद नहीं है, अतः उनको हम यहाँ नहीं दर्शा रहे हैं।

एकादश आवरण :– चौदहत्रिकोण और अष्टदलकमल के बीच में जो पीले वर्णवाला स्थान है उसे **कर्णिकाचक्र** कहते हैं, जो कि एक कल्पित चक्र है। इस कर्णिकाचक्र के दस भागों में दस महाविद्यायें स्थित हैं। यही एकादश आवरण है।

द्वादश आवरण :– शिवशक्तयात्मक नौ त्रिकोणों को एक चक्र के रूप में मानकर **अतुलचक्र** नाम से कहते हैं, जो कि एक कल्पित चक्र है। इस अतुलचक्र में चौबीसवर्णोंवाली वैदिक गायत्री विराजमान है। यही द्वादश आवरण है।

त्रयोदश आवरण :– सर्वानन्दमयचक्र में **महाबैन्दव** अथवा **अनाख्य** नामक चक्र की कल्पना की गयी है। दस आम्नाय (अधः, दक्षिण, नैर्ऋत्य, पश्चिम, वायव्य, उत्तर, ईशान, पूर्व, आग्नेय और ऊर्ध्व) इस चक्र के दस द्वार हैं, जिनकी अधिष्ठात्री देवियाँ हैं (उक्तक्रम से उनके नाम – तारा, दक्षिणकाली, श्रीचण्ड़िका, वज्रकुब्जेश्वरी, महासरस्वती,

गुह्यकाली, महाकाली, भुवनेश्वरी, महालक्ष्मी और बालात्रिपुरसुन्दरी)। इस चक्र के मध्य में एक षट्कोण की कल्पना करें, जिसके कोणों में पूर्वादि क्रम से षट्चक्रों के अधिष्ठातृ देवता स्थित हैं - ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, ईश्वर, सदाशिव और आदिनाथ। उस षट्कोण के भीतर एक त्रिकोण की कल्पना करें, जिसके कोणों में ऊर्ध्वादि क्रम से कामेश्वरी, वज्रेश्वरी और भगमालिनी विराजती हैं। त्रिकोण के बीच में श्रीललिताम्बिका हैं। इस चक्र में अद्वितीय स्वयंप्रकाश, अनुत्तरदेव, निर्वाणपीठ, चर्मेशनाथ, तुरीय अवस्था और श्रीमहात्रिपुरसुन्दरी शक्ति की उपासना की जाती है।

चतुर्दश आवरण :- उक्त अनाख्या चक्र के ऊपर एक षट्कोण की कल्पना कर उस षट्कोण व ऊर्ध्व में शरीर की सप्तधातुओं (अस्थि, मेदा, मांस, रक्त, चर्म, मज्जा और शुक्र) की अधिष्ठात्रीदेवियाँ जो मूलाधारादि सातचक्रों की शक्तियाँ (साकिनी, काकिनी, लाकिनी, राकिनी, डाकिनी, हाकिनी और याकिनी) हैं, उनकी उपासना करें। इस चक्र को **सोऽहं चक्र** कहते हैं। क्योंकि षट्चक्रों की देवियों का बीज 'स' से 'ह' तक है - सं वं लं रं यं हं। यहाँ 'स' शक्ति है यानि पर है और 'ह' शिव है यानि प्रासाद है, इन दोनों की सामरस्यता अर्थात् पराप्रासादैक्यता/प्रासादीभाव सहस्रार में होता है, जिसके लिये प्रासादीमन्त्र का प्रयोग किया जाता है।

पंचदशावरण :- श्रीचक्रराज के मध्यभाग में तथा वायव्य, ईशान, आग्नेय और नैर्ऋत्य कोण में पांचसिंहासनों की कल्पना करके प्रत्येक सिंहासन में मध्यादि क्रम से पांच अम्बिकाओं की उपासना की जाती है, इसलिये इस चक्र को **पंचसिंहासनचक्र** कहते हैं। त्रिशक्तिलक्ष्मी-लक्ष्म्यम्बिका, श्रीत्रिपुरसुन्दरीलक्ष्म्यम्बिका, सौभाग्यलक्ष्म्यम्बिका, महालक्ष्मीलक्ष्म्यम्बिका और साम्राज्यलक्ष्मीलक्ष्म्यम्बिका - <u>मध्यभाग</u> में स्थित सिंहासन में विराजमान हैं। श्रीत्रिपुरसुन्दरीकोशाम्बिका, परञ्ज्योतिकोशाम्बिका, परनिष्कलाकोशाम्बिका, मातृकाकोशाम्बिका और

अजपाकोशाम्बिका - वायव्यकोण में स्थित सिंहासन में विराजमान हैं। श्रीत्रिपुरसुन्दरीकल्पलताम्बिका, पंचकामेश्वरीकल्पलताम्बिका, पारिजातेश्वरीकल्पलताम्बिका, पंच- बाणेश्वरीकल्पलताम्बिका और त्रिपुराकुमारीकल्पलताम्बिका - ईशानकोण में स्थित सिंहासन में विराजमान हैं। पराम्बाश्रीत्रिपुरसुन्दरीकामदुघाम्बिका, अमृतपीठेश्वरीकामदुघाम्बिका, सुधाकामदुघाम्बिका, अमृतेशीकामदु- घाम्बिका और अन्नपूर्णाकामदुघाम्बिका - आग्नेयकोण में स्थित सिंहासन में विराजमान हैं। श्रीत्रिपुरसुन्दरीरत्नाम्बिका, सिद्धलक्ष्मीरत्नाम्बिका, मातंगिनीरत्नाम्बिका, भुवनेश्वरीरत्नाम्बिका और वाराहीरत्नाम्बिका - नैऋत्यकोण में स्थित सिंहासन में विराजमान हैं।

षोडश आवरण :- भूपुर के बाहर दस दिक्पालों की उपासना की जाती है, जिसे **दिक्पालचक्र** कहते हैं। पूर्व में इन्द्र, आग्नेय में अग्नि, दक्षिण में यम, नैर्ऋत्य में निर्ऋति, पश्चिम में वरुण, वायव्य में वायु, उत्तर में कुबेर, ईशान में ईशान, ईशान-पूर्व के बीच में ब्रह्मा और नैर्ऋत्य-पश्चिम के बीच में अनन्त विराजमान रहते हैं।

2.3 श्रीगुरुपरम्परा

किसी भी साधना केलिये गुरु का मार्गदर्शन अत्यन्त आवश्यक है। क्योंकि गुरु के बिना कोई भी ज्ञान को कोई भी व्यक्ति प्राप्त नहीं कर सकता, चाहे व्यावहारिक (लौकिक) हो, पारलौकिक हो या पारमार्थिक हो। अतः गुरु पर अटूट श्रद्धा होना जरूरी है। यद्यपि यह सत्य है कि इस कलियुग में सच्चरित्र, सदाचारी, श्रुत्यनुसारीसंप्रदाय में दीक्षित व श्रुत्यनुसारी संप्रदायवित्, श्रोत्रियब्रह्मनिष्ठ सद्गुरु मिलना कठिन है तथापि आप में तीव्र जिज्ञासा व मुमुक्षा हो तो ईश्वरकृपा से सद्गुरु अवश्य मिलेंगे और यदि आप में जिज्ञासा व मुमुक्षा ढ़ीली हो तो जो भी गुरु मिले (चाहे पाखण्डी भी क्यों न हो) श्रद्धापूर्वक उनकी बतायी हुयी साधना करते रहेंगे तो शीघ्र ही सद्गुरु अवश्य मिलेंगे। श्रीगुरुपरम्परा शाक्त आगम शास्त्रों के अनुसार तीन हैं- भैरव, दक्षिणामूर्ति और हयग्रीव (लोपामुद्रा/अगस्त्य)।

2.4 दीक्षा

आगम शास्त्रों के अनुसार उक्त तीनों ही परम्पराओं में तीन **क्रम** में दीक्षा दी जाती है – शिष्यक्रम, आचार्यक्रम और गुरुक्रम। जो संक्षेप में इस प्रकार है –

1. **शिष्यक्रम** में अधिकतर भौतिक साधना प्रधान साधक सकाम अनुरोधात्मक (अनुनयविनयरूपी) उपासना 13 आवरणों में बहिर्याग करता है, जिसमें एकाक्षरी से पंचदशाक्षरी तक की दीक्षा दी जाती है। विद्याक्रम से आरम्भ कर कुल 28 प्रकार की दीक्षायें लेनी पड़ती है। तब साधक पूर्णाभिषेक का अधिकारी बनता है।

2. **आचार्यक्रम** में दैवीसाधना प्रधान साधक निष्काम (सांसारिक कामना रहित किन्तु दैवी शक्ति की कामना युक्त) भाव से निरोधात्मक (उपदेशरूपी) उपासना पांच कल्पों में (जिन से सृष्टि, स्थिति, संहार, निग्रह और अनुग्रह करने की शक्ति प्राप्त की जाती है) से पंचमकल्प के अन्तर्गत स्थित 14 से 16 तक के आवरणों में अन्तर्याग करता है एवं 13 आवरणों में बहिर्याग भी करता है।

3. **गुरुक्रम** में आध्यात्मिक साधना प्रधान साधक पूर्णनिष्काम (मोक्ष से अतिरिक्त सर्व कामना रहित) भाव से अभेदात्मक (आदेशरूपी) उपासना श्रीचक्र–सृष्टि–स्वशरीर के अभेद चिन्तन पूर्वक केवल ध्यानरूपी अन्तर्याग करता है।

विस्तृत जानकारी केलिये साधक हमारे प्रकाशन "**श्रीशक्तिमहिम्नः स्तोत्रम्**" का अवलोकन करे।

2.5 अध्वा

आगमशास्त्रों में **अध्वा** का एक महत्त्वपूर्ण स्थान है। यद्यपि अध्वा का अर्थ मार्ग होता है तथापि यहाँ लक्ष्यप्राप्ति के साधन को अध्वा कहा गया है। निर्गुण निराकार अनुत्तरपद परमशिव ही लक्ष्य है और उसे प्राप्त करने का साधन यह विश्व ही है, अतः विश्व (संसारचक्र) ही अध्वा है। इसलिये संसारचक्र को श्रीचक्र से अभेद करते हुये श्रीचक्र में भूपुर

से बिन्दु तक छः अध्वाओं की व्याप्ति मानी गयी है। भूपुर के बाहर कलाध्वा, भूपुर में तत्त्वाध्वा, वृत्तत्रय में वर्णाध्वा, षोडशदल में भुवनाध्वा, अष्टदल में पदाध्वा, बिन्दु तक में मन्त्राध्वा और बिन्दु में पुनः तत्त्वाध्वा को अभेद कर उपासना की जाती है। जब शिव सृष्टि, स्थिति व संहार क्रिया करने केलिये कालक्रम में वर्ण, मन्त्र और पद वाले विश्व के रूप में अवभासित होता है, तब वह कालाध्वा कहलाता है और वही जब स्थूल मूर्तरूप धारण करने केलिये देशक्रम में कला, तत्त्व और भुवन वाले विश्व के रूप में अवभासित होता है, तब वह देशाध्वा कहलाता है। जिन्हें निम्न तालिका में स्पष्ट दर्शाया गया है।

	परा = अभेद,	परापरा=भेदाभेद,	अपरा=भेद।
कालाध्वा (वाचकाध्वा)=	वर्ण (कारण),	मन्त्र (सूक्ष्म),	पद (स्थूल)।
देशाध्वा (वाच्याध्वा)=	कला (कारण),	तत्त्व (सूक्ष्म),	भुवन(स्थूल)।

2.6 मुहूर्त

आगम शास्त्रों में तिथि, वार और नक्षत्र को अकुल, कुल, कुलाकुल नाम से तीन भागों में बाँटा गया है। अकुल मुहूर्त में कृत कार्य सफल होता है। कुल मुहूर्त में कृत कार्य विफल होता है। कुलाकुल मुहूर्त में कृत कार्य का फल मिलना संदिग्ध होता है।

अकुल मुहूर्त तिथि –1, 3, 5, 7, 9, 11, 13, पूर्णिमा और अमावस्या। वार – रवि, सोम, गुरु और शनि। नक्षत्र – भरणी, रोहिणी, पुनर्वसु, आश्लेषा, उत्तराफाल्गुनी, हस्त, स्वाती, अनुराधा, उत्तराषाढा, धनिष्ठा, उत्तराभाद्रपदा और रेवती ।

कुल मुहूर्त तिथि – 4, 8, 12, 14। वार – मंगल और शुक्र। नक्षत्र – अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुष्य, मघा, पूर्वाफाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढा, श्रवण और पूर्वाभाद्रपदा।

कुलाकुल मुहूर्त तिथि – 2, 6, 10। वार – बुध। नक्षत्र – आर्द्रा, मूल, अभिजित् और शतभिषा।

अन्त में इतना ही कहना है कि केवल जानने से व समझकर प्रयोग करने से काम नहीं बनता है अर्थात् लक्ष्य प्राप्त नहीं होता है किन्तु उनके साथ-साथ निष्काम कर्मयोग व निष्काम उपासना करने से ही काम बनता है यानि लक्ष्य प्राप्त होता है।

अतः माँ भगवती के चरणों में इस कृति को समर्पित करते हुये क्षमा याचना पूर्वक निवेदन करता हूँ -

तव तत्त्वं न जानामि कीदृशी त्वं महेश्वरि।
यादृशी त्वं महादेवी तादृश्यै नमो नमः।।

हरिः ॐ तत्सत्
श्रीमहात्रिपुरसुन्दर्यै नमः

-स्वामी शान्तिधर्मानन्द सरस्वती

विषयानुक्रमणिका

......000000......

श्रीचक्रपूजापद्धतिप्रकाशः
(उपक्रमप्रकरण भाग 1)

3. कर्म/उपासना के संबंध में कुछ जानने योग्य विषय :-

3.1 अनुष्ठानलक्षणम् :- शास्त्र में प्रतिपादित विधि विधान से नित्य अथवा नैमित्तिक कर्म और उपासना करने को अनुष्ठान कहते हैं। जैसे कि स्मृतिसन्दर्भ में कहा है-

शास्त्रस्य विहितं कर्म सम्यक्संपादनन्तु यत्।
तद्धि ज्ञेयमनुष्ठानं नित्यनैमित्तिककर्मसु।।

3.2 कालनिर्णयः- रुद्रयामल में अनुष्ठान आरम्भ करने योग्य **मास** के बारे में कहा है-

कार्तिकाश्विनवैशाखमाघेऽथ मार्गशीर्षके।
फाल्गुने श्रावणे मन्त्रपुरश्चर्या प्रशस्यते।।

अर्थात् वैशाख, श्रावण, आश्विन, कार्तिक, मार्गशीर्ष, माघ और फाल्गुन मास में मन्त्र का अनुष्ठान आरम्भ करना श्रेष्ठ है। **पक्ष** के बारे में कालोत्तर नामक ग्रन्थ में कहा है-

मुक्तिकामैः कृष्णपक्षे भूतिकामैः सिते सदा।।

अर्थात् मुक्ति की कामनावाले साधकों को कृष्णपक्ष में और सब प्रकार के ऐश्वर्य की कामना करने वाले मनुष्य को शुक्ल पक्ष में अनुष्ठान करना चाहिये। **तिथि** के बारे में स्मृतितत्त्वरहस्य में कहा है-

पूर्णिमा पंचमी चैव द्वितीया सप्तमी तथा।
त्रयोदशी च दशमी प्रशस्ता सर्वकामदा।।

द्वितीया, पंचमी, सप्तमी, दशमी, त्रयोदशी, पूर्णिमा और अमावस्या तिथियों में ही अनुष्ठान आरम्भ करना श्रेयस्कर है। **वार** के विषय में पुरश्चरणदीपिका में कहा है-

मन्त्रारम्भो रवौ शुक्रे बुधे जीवे विशेषतः।
शनौ मृत्युः क्षयो भौमे सोमे मध्यफलं स्मृतम्।।

अर्थात् विशेष तौर पर कहा जा सकता है कि रविवार, बुधवार,

गुरुवार (बृहस्पतिवार) और शुक्रवार मन्त्र का अनुष्ठान आरम्भ करने केलिये श्रेष्ठ है। जब कि सोमवार को आरम्भ किया गया कर्म मध्यम फल ही देगा, मंगलवार को आरम्भ किया गया कर्म क्षीण होगा और शनिवार को आरम्भ किया गया कर्म विनाश को प्राप्त होगा। अतः मंगलवार और शनिवार को अनुष्ठान अथवा कोई भी कर्म आरम्भ नहीं करना चाहिये। किन्तु कालसर्पयोगदोष की शान्ति शनिवार को आरम्भ कर सकते हैं। नक्षत्र के बारे में तन्त्रसार में कहा है

आर्द्रायां कृत्तिकायां च मन्त्रारम्भः प्रशस्यते।

अर्थात् आर्द्रा और कृत्तिका नक्षत्र में मन्त्र का अनुष्ठान आरम्भ करना श्रेष्ठ होता है। किन्तु 'पुरश्चरणदीपिका' में कुछ अन्य नक्षत्रों का नाम भी गिनाते हुये कहा गया है कि-

अश्विनीरोहिणीस्वातीविशाखाहस्तभेषु च।
ज्येष्ठोत्तरात्रयेष्वेव कुर्यान्मन्त्राभिषेचनम्।।

अर्थात् अश्विनी, रोहिणी, स्वाति, विशाखा, हस्त, ज्येष्ठा, उत्तराफाल्गुनी, उत्तराषाढ़ा और उत्तराभाद्रपदा नक्षत्रों में ही मन्त्र का अनुष्ठान आरम्भ करना चाहिये। उपरोक्त मास, पक्ष, तिथि, वार और नक्षत्र को पंचांग में देखकर उचित मुहूर्त में ही कर्म व उपासना को आरम्भ करना चहिये।

3.3 गुरु/आचार्य का लक्षण:- मन्त्र का अनुष्ठान आदि कोई भी कर्म करना हो अथवा उपासना करनी हो तो किसी न किसी योग्य व दक्ष गुरु अथवा आचार्य के मार्गदर्शन में ही करना चाहिये। अतः गुरु/आचार्य का लक्षण जानना जरूरी है। शारदातिलक (2.141-144) में गुरु का लक्षण इस प्रकार है-

मातृतः पितृतः शुद्धः शुद्धभावो जितेन्द्रियः।
सर्वागमानां सारज्ञः सर्वशास्त्रार्थतत्त्ववित्।।
परोपकारनिरतो जपपूजादितत्परः।
अमोघवचनो शान्तो वेदवेदार्थपारगः।।

योगमार्गानुसंधायी देवताहृदयंगमः।
इत्यादिगुणसंपन्नो गुरुरागमसंमतः।।

अर्थात् जो मातृकुल और पितृकुल से शुद्ध (यानि संस्कारहीन, बहिष्कृत अथवा वर्णसंकर नहीं हो), सरल स्वभाव, इन्द्रियजयी, सकल आगमों के रहस्य का ज्ञाता, संपूर्ण शास्त्रों के वास्तविक अर्थ का ज्ञाता, परोपकारी, जप-पूजा आदि कर्म का अनुष्ठाता, अमिथ्यावादी, शान्त चित्त, वेद-वेदार्थ का मर्मज्ञ, योगमार्ग का अनुसंधाता, देवताओं का प्रिय (कर्मकाण्डी) इत्यादि सकल सद्गुणों से संपन्न व्यक्ति ही गुरु/आचार्य के रूप में स्वीकार करने योग्य है। मत्स्यपुराण (265.2-4) में आचार्य का लक्षण इस प्रकार कहा गया है-

सर्वावयवसंपूर्णो वेदमन्त्रविशारदः।
पुराणवेत्ता तत्त्वज्ञो दम्भलोभविवर्जितः।।
कृष्णसारमये देशे उत्पन्नश्च शुभाकृतिः।
शौचाचाररतो नित्यं पाखण्डकुलनिःस्पृहः।।
ऊहापोहार्थतत्त्वज्ञो वास्तुशास्त्रविशारदः।
आचार्यश्च भवेन्नित्यं सर्वदोषविवर्जितः।।

अर्थात् विकलांग न हो ऐसा जो वेद के मन्त्रों का ज्ञाता, पुराणों को जानने वाला, तत्त्ववेत्ता, ढोंग और लोभ रहित, भारत देश में जन्म लिया हुआ (यानि म्लेच्छ देश में जन्म नहीं लिया हो), देखने में सुन्दर (सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार शुभ लक्षण वाला), नित्य ही शुद्धता-अशुद्धता का विवेक पूर्वक निश्चयकर पवित्रता आदि युक्त सदाचारी, पाखण्डी कुल के लोगों से किसी भी प्रकार के संबंध से रहित, ऊहापोह कर सकल शास्त्रों के रहस्यपूर्ण अर्थ का ज्ञाता, वास्तुशास्त्र का ज्ञाता और सकल दोष रहित व्यक्ति ही आचार्य के रूप में स्वीकार करने योग्य है।

3.4 जापक का लक्षण:-जब साधक स्वयं मन्त्र जपते हुये भी किसी अन्य का वरण कर जप कराना चाहता हो अथवा स्वयं एक मन्त्र को जपने में व्यस्त होने के कारण स्वकर्म/उपासना के उपयोगी अन्यमन्त्र का जप दूसरे से कराना चाहता हो अथवा किसी कारणवश स्वयं जप न कर

सके अथवा स्वयं को किसी मन्त्र को जपने का अधिकारी न मानता हो तब किसी जापक (जपनेवाले) का वरण कर लेना पड़ता है। अतः जापक का लक्षण जानना जरूरी है, जो कि पुरश्चरणदीपिका में बताया है-

जापकाश्च द्विजाश्शुद्धाः कुलीना ऋजवस्तथा।
स्नानसंध्यारता नित्यं शैचाचारपरायणाः।।
श्रोत्रियाः सत्यवाचश्च वेदशास्त्रार्थकोविदाः।
अक्रोधनाः पुराणज्ञाः सततं ब्रह्मचारिणः।।
देवध्यानरता नित्यं प्रसन्नमनसः सदा।
इत्यादिगुणसंपन्ना जापका मन्त्रसिद्धिदाः।।

अर्थात् द्विज, शुद्ध, कुलीन, सरल, नित्य ही त्रिकाल स्नान पूर्वक सन्ध्या आदि कर्म निष्ठ, शुद्ध-अशुद्ध विषयक आचरण युक्त, श्रोत्रिय [**जन्मना ब्राह्मणो ज्ञेयः संस्कारैः द्विज उच्यते।**
विद्यया याति विप्रत्वं त्रिभिः श्रोत्रिय उच्यते।।

अर्थात् मातृ-पितृ कुलों से विशुद्ध ब्राह्मण कुल में जन्म होने से जो ब्राह्मण है, गर्भाधान से आरम्भ कर समय समय पर सब संस्कारों से संस्कारित है जो, वह द्विज कहा जाता है और विधि विधान से वेद आदि विद्या को प्राप्त कर लेने पर वह विप्र कहा जाता है। जिस व्यक्ति में ये तीनों ब्राह्मणत्व, द्विजत्व, विप्रत्व का संगम है उसी को श्रोत्रिय कहा जाता है।], सत्य बोलनेवाला, वेद आदि शास्त्रों सहित पुराणों का ज्ञाता, क्रोध न करनेवाला, अखण्ड ब्रह्मचारी, नित्य इष्टदेवता का ध्यान करनेवाला, सदा प्रसन्नचित्त रहनेवाला, इत्यादि सद्गुणों से संपन्न जापक ब्राह्मण ही मन्त्र को जपकर यजमान के लिये सर्व फल दिलाने वाला जापक होता है।

3.5 अनुष्ठान योग्य देश: शारदातिलक (2.138) में अनुष्ठान योग्य देश के बारे में बताया है कि-

पुण्यक्षेत्रं नदीतीरं गुहा पर्वतमस्तकम्।
तीर्थप्रदेशाः सिंधूनां संगमः पावनं वनं।।

उद्यानानि विविक्तानि बिल्वमूलं तटं गिरेः।
देवतायतनं कूलं समुद्रस्य निजं गृहं।।
साधनेषु प्रशस्यन्ते स्थानान्येतानि मन्त्रिणाम्।

अर्थात् पुण्यक्षेत्र, नदी के तट, गुफा, पर्वत की चोटी पर, तीर्थस्थान, नदियों के संगम स्थान, पवित्र वन, एकान्त (विशेषतः स्त्रियों के आवागमन रहित) बगीचा, बेल के पेड़ के नीचे, पहाड़ की तलहटी - ये मन्त्र के अनुष्ठान यानि कर्म और उपासना के लिये श्रेयस्कर हैं।

3.6 आसन विषयक विचार: व्यास स्मृति में कर्म व उपासना केलिये आसन तीन प्रकार के बताये हैं-

आसनं त्रिविधं तत्र चाद्यमास्तरणं स्मृतं।
देहसाध्यं स्वस्तिकादि देवार्थं तृतीयकम्।।

बिछानेवाले (कुशा, रेशम, सूती या ऊन का), शरीर के अंगों को एक विशेष रूप से स्थिर रखना (स्वस्तिक आदि योग आसन) और देवताओं केलिये विशेष आसन। साधक द्वारा बिछाके बैठने योग्य आसनों के बारे में व्यासस्मृति में ही कहा है-

कौशेयं कम्बलं चैव ह्यजिनं पट्टमेव च।
दारुजं तालपत्रं च आसनं परिकल्पयेत्।।

अर्थात् रेशम का बना हुआ वस्त्र, कम्बल, मृग आदि के चर्म, सूत से बना कपड़ा, वल्कल (पेड़ की छाल से बना) अथवा ताड़ के पेड़ के पत्तों से बना आसन श्रेष्ठ होता है।

3.7 माला विषयक विचार: तन्त्रसार में माला के विषय में कहा है कि-

रुद्राक्षशंखपद्माक्षपुत्रजीवकमौक्तिकैः,
स्फाटिकैर्मणिरत्नैश्च सौवर्णैर्विद्रुमैस्तथा,
राजतैः कुशमूलैश्च गृहस्थस्याक्षमालिका।।

अर्थात् साधक कर्म और उपासना में मन्त्रों को जपने केलिये रुद्राक्ष, शंख, कमल के दाने, पुत्रजीविका पेड़ का फल, मुक्तामणि, स्फटिकमणि, सोने की मणि, मूंगा की मणि, चांदी की मणि और कुशा

की जड़ से बनायी हुयी माला से जप कर सकते हैं। किन्तु गृहस्थ को गायत्री आदि मन्त्रों के नित्य जप करने केलिये रुद्राक्ष माला का ही उपयोग करना चाहिये। कालिका पुराण में कामना भेद से माला भेद की व्यवस्था इस प्रकार दी गयी है –

रुद्राक्षमालिका सूते जपेन स्वमनोरथान्।
पद्माक्षैर्विहिता माला शत्रूणां नाशिनी मता।।
कुशग्रन्थिमयी माला सर्वपापप्रणाशिनी।
पुत्रजीवफलैः क्लृप्ता कुरुते पुत्रसंपदम्।।
निर्मिता रूप्यमणिभिर्जपमालेप्सितप्रदा।
प्रवालैर्विहिता माला प्रयच्छेद्विपुलं धनम्।।
हिरण्मयी विरचिता माला कामान्प्रयच्छति।
सर्वैरेभिर्विरचिता माला स्यान्मुक्तये नृणाम्।।

अर्थात् सूती धागे से गुंथित रुद्राक्ष माला का उपयोग कर जपने से अपने सकल मनोरथ पूरे होते हैं। पद्माक्षों से निर्मित माला से शत्रुओं का नाश होता है। कुशाग्रन्थियों से निर्मित माला से समस्त पापों का नाश होता है। पुत्रजीविका पेड़ के फलों से निर्मित माला से पुत्र/सन्तान की प्राप्ति होगी। चांदी के दानों से निर्मित माला से वांछित फल प्राप्त होगा। प्रवालों से निर्मित माला से बहुत धन प्राप्त होगा। सोने के दानों से निर्मित माला से कामनायें पूरी होंगी। उक्त सब प्रकार की मणियों से निर्मित माला से मुक्ति मिलेगी (यानि मुक्ति का साधन ब्रह्मज्ञान प्राप्त होगा)।

माला को किस प्रकार के धागे से किस प्रकार बनाना चाहिये?

सनत्कुमारसंहिता में इस प्रश्न का जवाब इस प्रकार दिया है–

कार्पाससंभवं सूत्रं धर्मकामार्थमोक्षदम्।
तच्च विप्रेन्द्रकन्याभिर्निर्मितं च सुशोभनम्।।
शुक्लं रक्तं तथा कृष्णं पट्टसूत्रमथापि वा।
शान्तिवश्याभिचारेषु मोक्षैश्वर्यजपेषु च।।
शुक्लं रक्तं तथा पीतं कृष्णं वर्णेषु च क्रमात्।
सर्वेषामेव वर्णानां रक्तं सर्वेप्सितप्रदम्।।

त्रिगुणं त्रिगुणीकृत्य ग्रंथयेच्छिल्पशास्त्रत:।
एकैकं मातृकावर्णं सतारं प्रजपेन्सुधी:।।
मणिमादाय सूत्रेण ग्रन्थयेन्मध्यमध्यत:।
ब्रह्मग्रन्थिं विधायेत्थं मेरुं च ग्रन्थिसंयुतम्।।
ग्रन्थयित्वा पुरो मालां तत: संस्कारमाचरेत्।।

अर्थात् रूई से बनाया हुआ धागा अथवा पट्टसूत्र यानि सन का धागा धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष (चतुर्विध पुरुषार्थ) प्रदायक है। वह धागा श्रेष्ठ ब्राह्मण की कन्या (अथवा विप्र-ब्राह्मण और इन्द्र-क्षत्रिय की कन्या) द्वारा निर्मित हो तो बहुत अच्छा। वह सफेद, लाल या काले रंग का हो तो श्रेष्ठ होता है। विशेषत: सफेद रंग शान्ति कर्म केलिये, लाल रंग वश्य अभिचार आदि केलिये, पीला रंग मोक्ष केलिये और काला रंग ऐश्वर्य प्राप्ति केलिये श्रेष्ठ है। सामान्यत: सभी प्रकार की कामनाओं केलिये लाल रंग ही ठीक है। शिल्प शास्त्र में वर्णित प्रक्रिया से त्रिगुणित त्रिगुणित करके गूंथना चाहिये। प्रत्येक मणिका को गूंथते वक्त प्रणव युक्त अकार आदि वर्णों का जप करना चाहिये। धागे से मणि को बीचोबीच ग्रहण कर ब्रह्मगांठ लगाकर गांठ युक्त मेरु को बनायें, तत्पश्चात् माला को संस्कारित करें।

माला में मणिकाओं की संख्या कितनी होनी चहिये ?

गौतमीय संहिता में कामना भेद से जपमालामणिसंख्या के बारे में इस प्रकार कहा है-

पंचविंशतिभिर्मोक्षं त्रिंशद्भिर्धनसिद्धये।
सर्वार्था: सप्तविंशत्या पंचदश्यभिचारिके।।
पंचाशद्भि: काम्यसिद्धि: स्यात्तथा चतुरुत्तरै:।
अष्टोत्तरशतै: सर्वा सिद्धिरुक्ता मनीषिभि:।।

अर्थात् विद्वानों ने बताया है कि 25 मणिका मोक्ष केलिये, 30 मणिका धन प्राप्ति केलिये, 27 मणिका सकल फल प्राप्ति केलिये, 15 मणिका अभिचार कर्म केलिये, 54 मणिका काम्य सिद्धि केलिये और 108 मणिका सर्व सिद्धि केलिये उचित है।

माला फेरने में अंगुली का महत्त्व क्या है?

पुरश्चरणदीपिका में अंगुलियों का प्रयोग करने के बारे में कहा है कि–

अंगुष्ठं मोक्षदं विद्यात्तर्जनी शत्रुनाशिनी।
मध्यमा धनदा शान्तिकरी ह्येषा ह्यनामिका।।
कनिष्ठाऽऽकर्षणे शस्ता जपकर्मणि शोभने।
अंगुष्ठेन जपं जप्यमन्यैरंगुलिभिः सह।।

अर्थात् अंगूठे से फेरने का फल मोक्ष है, तर्जनी से फेरने का फल शत्रुनाश, मध्यमा से फेरने का फल धन प्राप्ति, अनामिका से फेरने का फल सर्व शान्ति और कनिष्ठिका से फेरने का फल आकर्षण सिद्धि है। वैशम्पायन संहिता में माला फेरने का विधान इस प्रकार बताया है–

अंगुष्ठमध्यमाभ्यां च चालयेन्मध्यमध्यतः।
तर्जन्या न स्पृशेदेनां मुक्तिदो गणनक्रमः।।

अर्थात् अंगूठा और मध्यमा अंगुलि से ही बीचोंबीच मणिकाओं को चलाना चहिये, यही माला की मणिकाओं की गणना का मुक्ति प्रदायक क्रम है। तर्जनी अंगुलि से माला का स्पर्श भी नहीं करना चाहिये।

कर माला का विचारः– यदि माला किसी कारणवश उपलब्ध न हो तो हाथ की अंगुलियों पर ही माला की भावना करके जप कर सकते हैं। इस विषय में पुरश्चरणदीपिका में कहा है कि–

अलाभे जपमालायाः करशाखासु पर्वभिः।
अनामिकाया यो मध्यस्तस्मादधः क्रमेण तु।।
मध्यांगुल्यग्रपर्वादिप्रादक्षिण्यक्रमेण तु।।
तर्जन्यादौ जपान्तश्च साक्षमाला करे स्थिता।

अर्थात् जपमाला उपलब्ध न होने पर करशाखा में विद्यमान पर्वों से जप करना चाहिये। कैसे? अनामिका अंगुलि के मध्य पर्व से शुरु कर नीचे की ओर से प्रदक्षिणा करने के क्रम से कनिष्ठिका के नीचे के पर्व से ऊपर की ओर गिनते हुये मध्यमा के ऊपर के पर्व पर जपते हुये तर्जनी अंगुलि के निचले पर्व तक जपें, फिर विपरीत क्रम से जपें अथवा सनत्कुमारसंहिता में कहे गये सरल तरीके से भी करमाला

कर सकते हैं। जो इस प्रकार है-

हृदये हस्तमारोप्य तिर्यक्कृत्वा करांगुलीः।
आच्छाद्य वाससा हस्तौ दक्षिणेन सदा जपेत्।।
तर्जनी मध्यमाऽनामा कनिष्ठा चेति ताः क्रमात्।
तिस्रोऽंगुल्यस्त्रिपर्वाणो मध्यमा चैक पर्विका।।

अर्थात् अपने हृदय के पास दाहिने हाथ को स्थापित कर अंगुलियों को थोड़ा अन्दर की ओर मोड़के कपड़े से ढक कर तर्जनी, मध्यमा, अनामिका, कनिष्ठा के क्रम से प्रत्येक अंगुलि के तीनों पर्वों पर जप करें, किन्तु मध्यमा अंगुलि के ऊपर से दो पर्व को मेरु समझकर उस पर न जपें व न लांघें। दोनों पक्षों को चित्र -2 द्वारा स्पष्ट किया गया है।

पुरश्चरण दीपिका मत				सनत्कुमार मत			
कनिष्ठा	**अनामिका**	**मध्यमा**	**तर्जनी**	**कनिष्ठा**	**अनामिका**	**मध्यमा**	**तर्जनी**
5	6	7	8	8	9	x	1
4	1	x	9	7	10	x	2
3	2	x	10	6	5	4	3

चित्र -2

3.8 कर्तव्याकर्तव्यविषयकविचार : जप कैसे करना चाहिये और कैसे नहीं ? इस विषय पर अनेकों ग्रन्थों में विस्तृत विचार है। संक्षेप में कह सकते हैं कि जप तीन प्रकार से किया जाता है- वैखरी जप (निकटवर्ती व्यक्ति को सुनाई दे ऐसे उच्चारण करते हुये जपना), उपांशु जप (निकटवर्ती व्यक्ति को भी सुनाई न दे ऐसे उच्चारण करते हुये जपना - होंठ हिलते दिखाई देते हैं किन्तु कुछ भी सुनाई नहीं देता) और मानस जप, जिसका लक्षण योगीयाज्ञवल्क्यसंहिता (2.11) में इस प्रकार किया है-

जपस्याहं विधिं वक्ष्ये यथाकार्यं विधानतः।
न चंक्रमन्न प्रहसन्न पार्श्वमवलोकयन्।।

नापाश्रितो न जल्पंश्च न प्रावृत्तशिरस्तथा।
न पदा पादमाक्रम्य न चैव हि तथा करौ।।
नैवंविधं जपं कुर्यान्न च संश्रावयञ्जपेत्।
तिष्ठंश्चेद्वीक्षमाणोऽर्कमासीनः प्राङ्मुखो जपेत्।।
प्रागग्रेषु कुशेष्वेवमासीनश्चासने जपेत्।
जपस्त्वेवं हि कर्तव्य एकाग्रमनसापि च।।
धारयेन्मनसा मन्त्रान्न जिह्वोष्ठौ विचालयेत्।
न कम्पयेच्छिरो ग्रीवां दन्तान्नैव प्रकाशयेत्।।

अर्थात् मैं जप करने की विधि बताता हूं, यथाशक्ति विधि का पालन करें । घूमते हुये, हँसते हुये, इधर–उधर या अगल–बगल देखते हुये, गलत सहारा लेते हुये, बात करते हुये, सिर को ढके हुये, (पैरों को सामने फैलाके) पैर पर पैर लगाकर और हाथ पर हाथ धरकर जप न करें। दूसरों को सुनाते हुये, सिर व गर्दन आदि को हिलाते हुये और दान्तों को दिखाते हुये भी जप नहीं करना चाहिये। बैठकर जपना है तो पूर्वाभिमुख होकर सूर्य को देखते हुये (यानि सूर्य के सम्मुख आंख बन्द करके) पूर्व की ओर अग्रभाग हो ऐसे कुशा के आसन पर सुखासन, पद्मासन, आदि कोई भी अनायास जपकाल पर्यन्त बैठने स्वयोग्य आसन में बैठकर मन से मन्त्र को धारण कर जिह्वा या होंठ को हिलाये बिना जप करना चाहिये। किसी भी कर्म या उपासना में वाणी का संयम और ब्रह्मचर्य का पालन अत्यन्त आवश्यक है। जैसे कि पुरश्चरणदीपिका में कहा है–

स्त्रीशूद्रपतितव्रात्यनास्तिकोच्छिष्टभाषणम्।
असत्यभाषणं चैव कौटिल्यं च परित्यजेत्।।
सद्भिरपि न भाषेत जपहोमार्चनादिषु।
वाग्यतः कर्म निर्वर्त्य निःस्पृहो वर्त्तितादिषु।।
परस्त्रीं परनिन्दां च मनसापि विवर्जयेत्।
मैथुनं तत्कथालापं तद्गोष्ठीः परिवर्जयेत्।।

अर्थात् स्त्री, शूद्र, पतित, व्रात्य, नास्तिक और समाज से बहिष्कृत

के साथ ही नहीं बल्कि सत्पुरुषों के साथ भी जप, होम और अर्चना आदि काल में बातचीत नहीं करनी चाहिये तथा असत्य (झूठ), कुटिलता, परस्त्री चिन्तन और परनिन्दा को त्यागना चाहिये। इस प्रकार साधक वाणी के संयम आदि से कृत कर्म के इष्ट फल को निःस्पृह होकर अवश्य प्राप्त करेगा। उक्त के अलावा मैथुन, तत्सम्बन्धी वार्तालाप और तद्व्यसनियों का संग भी त्यागना होगा। अतः ब्रह्मचर्य के लक्षण और उसके अंगों को जानना जरूरी है, जिसके विषय में कहा गया है-

कायेन मनसा वाचा सर्वावस्थासु सर्वदा ।
सर्वत्र मैथुनत्यागो ब्रह्मचर्यं प्रचक्षते।।
स्मरणं कीर्तनं केलिः प्रेक्षणं गुह्यभाषणं।
संकल्पोऽध्यवसायश्च क्रियानिर्वृत्तिरेव च।।
एतन्मैथुनमष्टांगं प्रवदन्ति मनीषिणः।
एतेषां विपरीतन्तु ब्रह्मचर्यं निगद्यते।।

अर्थात् सदा और सर्वत्र किसी भी अवस्था में शरीर, वाणी और मन से मैथुन के त्याग को ब्रह्मचर्य कहते हैं। मैथुन के आठ अंग हैं- स्मरण करना, वर्णन करना, हंसी-मजाक करना, बारम्बार देखते रहना, एकान्त में बैठकर बातचीत करना, कसमें खाना, निश्चय करना और संभोग करना। इनके विपरीत आचरण को ब्रह्मचर्य कहते हैं।

3.9 भक्ष्याभक्ष्य विषयक विचार : किसी भी कर्म या उपासना के अनुष्ठान काल पर्यन्त सात्त्विक व सुपाच्य आहार ग्रहण करना अत्यन्त आवश्यक है, क्योंकि दूषित राजस या तामस भोजन से फल की हानि ही होगी। जैसे कि तन्त्रसार एवं गौतमीयसंहिता में कहा है-

उपासकश्च मन्त्री च भक्ष्याभक्ष्यं विचारयेत्।
अन्यथा भोजनाद्दोषात्सिद्धिहानिः प्रजायते।।
शतान्नं च समश्नीयान्मन्त्रसिद्धिसमीहया।
तस्मान्नित्यं प्रयत्नेन शतान्नाशी भवेन्नरः।।

अर्थात् उपासक और मन्त्र जापक को भक्ष्याभक्ष्य का विचार अवश्य करना चाहिये क्योंकि दोष युक्त भोजन से फल की हानि ही

होगी। इसलिये मन्त्र की सफलता का संकल्प करते हुये साधक नित्य ही शतान्न (यानि स्यांवां चावल का भात) को ही ग्रहण करें। शारदातिलक (2.140) में इस विषय पर कहते हैं-

भैक्ष्यं हविष्यं शाकानि विहितानि फलं पयः।
मूलं सक्तुर्यवोत्पन्नो भक्ष्याण्येतानि मन्त्रिणाम्।।

अर्थात् भिक्षा से प्राप्त, स्यांवां चावल का भात, व्रत में विहित सब्जियां, फल, दूध, कन्द-मूल, जौ के सत्तू को ही साधक ग्रहण करें।

3.10 भोजनग्रहणविधिः हाथ-पैर धोकर उत्तर अथवा पूर्व की ओर मुख करके आसन के ऊपर भोजन के लिये बैठें और अपने सामने की जमीन, पाटा, चौकी अथवा मेज पर थोड़ा जल हाथ में लेकर निम्न मन्त्र बोलते हुये छिड़कें-

अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थांगतोऽपि वा।
यः स्मरेत्पुंडरीकाक्षं स बाह्याभ्यन्तरः शुचिः।।

1. **ॐ भूर्भुवःस्वः** - इस मंत्र से तीन बार आचमन करें।
2. **ॐ श्री शिवार्पणमस्तु** - भोजन को नमस्कार करते हुये दोनों हाथ जोड़कर इस मंत्र को बोलें।
3. **ॐ अस्माकं सर्वेषां च नित्यमस्त्वेतत्** - दोनों हाथ जोड़कर भगवान् से प्रार्थना करें।
4. **ॐ सत्येन त्वर्तेन त्वा परिषिंचामि** - दिन में इस मन्त्र को बोलते हुये दाहिने हाथ में जल लेकर भोजन पर छिड़कें। रात में इस मंत्र से करें - **ॐ ऋतं त्वा सत्येन त्वा परिषिंचामि।**
5. **ॐ ब्रह्मार्पणं ब्रह्महविः ब्रह्माग्नौ ब्रह्मणा हुतम्।**
   ब्रह्मैव तेन गन्तव्यं ब्रह्मकर्म समाधिना।। (गी. 4.24)
   दाहिने हाथ में जल लेकर इस मंत्र को बोलते हुए थाली के चारों ओर गोलाकार में बायें से दाहिने तरफ जल छोड़ें।
6. **ॐ भूपतये स्वाहा। ॐ भुवनपतये स्वाहा। ॐ भूतानां पतये स्वाहा। ॐ धर्माय स्वाहा। ॐ चित्रगुप्ताय स्वाहा। ॐ यत्र क्वचन संस्थानां क्षुत्तृषोपहतात्मनाम्। भूतानां तृप्तयेऽक्ष्य्यमिदमस्तु यथासुखं स्वाहा।।** इन छः मंत्रों से छः ग्रास रोटी/भात थाली के

बाहर दाहिने तरफ ऊपर से नीचे की ओर एक सीध में थोड़े-थोड़े दूर में रखें।

7. **ऊँ अमृतोपस्तरणमसि स्वाहा** - जल से आचमन करें।

8. **ऊँ प्राणाय स्वाहा, ऊँ व्यानाय स्वाहा, ऊँ अपानाय स्वाहा, ऊँ समानाय स्वाहा, ऊँ उदानाय स्वाहा, ऊँ परमात्मने स्वाहा** - इन छः मंत्रों से छः बार रोटी/भात का ग्रास मुख में डालकर निगलें, दांतों से न चबायें। यह छान्दोग्योपनिषद् 5.19-23 में उक्त श्रौत क्रम है, किन्तु लोकप्रसिद्ध स्मार्तक्रम (ब्रह्म संहिता आदि के अनुसार) ऐसा है- **प्राणाय स्वाहा, अपानाय स्वाहा, व्यानाय स्वाहा, उदानाय स्वाहा** और **समानाय स्वाहा**।

9. अब भोजन करना है लेकिन ध्यान दें-पेट में परमात्मा ही वैश्वानर अग्नि के रूप में रहकर भोजन को पचाता है इसलिये भोजन को यज्ञ रूप देना है, जिसे प्राणाग्निहोत्र कहते हैं। कैसे? आप मुख में जब भोजन डालोगे तब अपने इष्ट देवता के नाम का चतुर्थ्यन्त के साथ स्वाहा जोड़कर मन ही मन उच्चारण करते हुये भोजन करें। जैसे- शैव हो तो '**ॐ नमः शिवाय स्वाहा**', वैष्णव हो तो '**ॐ विष्णवे नमः स्वाहा**', शाक्त हो तो '**ॐ श्री महात्रिपुरसुन्दर्यै नमः स्वाहा**', पढ़ाई में सफलता केलिये '**ॐ ऐं सरस्वत्यै नमः स्वाहा**', धन प्रप्ति केलिये '**ॐ श्रीं लक्ष्म्यै नमः स्वाहा**' इत्यादि। बातचीत न करें, मौन रहें।

10. **ऊँ अमृतापिधानमसि स्वाहा**-आचमन करें।

11. भोजन समाप्ति के बाद - '**ऊँ श्री रुद्रार्पणमस्तु**' तथा

ऊँ रौरवे पुण्य निलये पद्मार्बुदनिवासिनाम्।
आर्तीनामुदकं दत्तमक्ष्य्यमुपतिष्ठतु ।।

इन दो मंत्रों को बोलकर थाली में जल छोड़ें।

12. **हरिः ऊँ तत्सत्** - कहें। तत्पश्चात् उठकर हाथ-पैर धोवें और गीले हाथों से आँखें पोछें और पेट पर दाहिने हाथ को घड़िनुमा फेरते हुए अथवा दाहिने हाथ से स्पर्श करके इस मंत्र को बोलें -

अगस्त्यं कुम्भकर्णं च शनिं च वडवानलं।
आहारपरिपाकार्थं स्मरेद् भीमं च पंचमं।।
आतापी मारितो येन वातापी च निपातित:।
समुद्र: शोषितो येन स मेऽगस्त्य: प्रसीदतु।।

तत्पश्चात् शवासन में लेटकर स्वाभाविक 8 श्वास गिनें फिर दाहिने करवट में 16 और बायें करवट में 32 श्वास गिनें। उसके बाद उठकर अपने काम में लगें। रात्रि भोजन के बाद 100 कदम घूमकर अपने काम में लगें।।

3.11 शयन कैसे करें?

रात्रि सुयोग्य बिस्तर पर सोने के भी कुछ नियम है, पशु जैसे दिशा आदि का विचार किये विना सोना नहीं चाहिये। किन्तु निम्न बातों पर ध्यान दें-

स्वगृहे प्राक्शिरा: शेते श्वाशुरे दक्षिणाशिर:।
प्रवासे पश्चिमाशिर: न कदाचिदुदकशिरा:।।

अर्थात् अपने घर या कुटिया में सो रहे हों तो पूर्व दिशा में सिर रखके सोवें, ससुराल में हो तो दक्षिण दिशा में सिर रखके सोवें और यात्रा में जब धर्मशाला आदि में सो रहे हों तो पश्चिम दिशा में सिर रखके सोवें। लेकिन कभी भी किसी भी दशा में उत्तर दिशा में सिर रखके न सोवें। सोने से पूर्व बिस्तर पर बैठे अथवा लेटे निम्न चिन्तन करें-

रात्रिसूक्तं जपेत्स्मृत्वा देवांश्च सुखशायिन:।
नमस्कृत्वाऽव्ययं विष्णुं समाधिस्थं स्वपेन्निशि।।

अर्थात् रात्रिसूक्त का मानस पाठ कर सुखशायी देव आदि पांच को नमस्कार करके समाधि में स्थित अव्यय भगवान् विष्णु को स्मरण कर सोवें। वे देव आदि पांच सुखशायी ये हैं-

अगस्त्यो माधवश्चैव मुचुकुन्दो महाबल:।
कपिलो मुनिरास्तीक: पंचैते सुखशायिन:।।

अर्थात् महामुनि अगस्त्य, वासुदेव श्रीकृष्ण, महाबली श्रीमुचुकुन्द, कपिल मुनि और महर्षि आस्तीक - ये पांच सुखशायी हैं। जिन लोगों को अशुभ स्वप्न आते हों अथवा भूत प्रेत आदि का भय हो वे निम्न विधि का पालन करें-

मांगल्यं पूर्णकुम्भं च शिरः स्थाने निधाय च।
वैदिकैर्गारुडैर्मन्त्रै रक्षां कृत्वा स्वपेत्ततः।।

अर्थात् सकल मंगल चिह्नों से युक्त जल अथवा अनाज से भरा हुआ घड़ा अथवा गरुड़ शिला सिर के पास रखके वेद में बताये गये गरुड़ देवता के मन्त्र अथवा अपने इष्ट देवता का कवच पाठ करने के पश्चात् सोवें।

3.12 जप के बाद कर्तव्य विषयक विचारः

उपासना एवं कर्म के अंग भूत मन्त्र के जप की पूर्ण संख्या में से एक निश्चित संख्या का नित्य जप करना होता है। नित्य ही निश्चित संख्या का जप करने के बाद क्या करना चाहिये, इस पर तन्त्रसार में कहा है कि-

जपान्ते प्रत्यहं मन्त्री होमयेत्तद्दशांशतः।
तर्पणं चाभिषेकं च तत्तद्दशांशतो मुने।।
प्रत्यहं भोजयेद्विप्रान्न्यूनाधिकप्रशान्तये।
अथवा सर्वपूर्तौ च होमादिकमथाचरेत्।।

अर्थात् जप के अन्त में प्रति दिन दशांश होम, उसका दशांश तर्पण और तर्पण के बराबर अभिषेक यानि मार्जन करना चाहिये। तत्पश्चात् न्यूनाधिक दोष प्रशान्ति केलिये तर्पण के दशांश संख्या ब्राह्मणों को भोजन खिलायें। अथवा संपूर्ण जप संख्या को जपने के बाद अन्त में होम आदि कर सकते हैं। लेकिन जो साधक प्रतिदिन एवं अन्त में भी हवन आदि कार्य नहीं कर सकता हो तो वह जप संख्या को बढ़ाकर भी उनकी आपूर्ति कर सकता है, जैसे कि सनत्कुमारसंहिता में कहा है-

यद्यदंगं भवेद्भग्नं तत्संख्या द्विगुणो जपः।
होमाभावे जपः कार्यो होमसंख्याचतुर्गुणः।।
विप्राणां क्षत्रियाणां च रससंख्यागुणः स्मृतः।
वैश्यानां वसुसंख्याकमेषां स्त्रीणामयं विधिः।।

अर्थात् किसी भी कारणवश जो-जो अंग भंग यानि नष्ट हो जाते हैं उनके दो गुणा जप करें और होम न कर सके तो उनकी होम संख्या का चार गुणा ब्राह्मण को, क्षत्रिय को छः गुणा, वैश्य को आठ गुणा जप करना चहिये। ब्राह्मण आदि की स्त्रियां जप कर रही हों तो उन्हें भी उक्त नियम का ही पालन करना होगा।

(उपक्रमप्रकरण भाग-2)

4. कर्म/उपासना में प्रयुक्त देवता आदि विषयक विचार:-

4.1 देवताविषयक विचार:

प्रत्येक युग में जन्म लेनेवाले जीवों के कर्म और संस्कार भिन्न-भिन्न होते हैं, इसलिये प्रत्येक युग में जीवों के आराध्य प्रमुख देवता अलग-अलग होते हैं। अत: **युगभेद** से देवता भेद के बारे में मत्स्य पुराण में कहा है-

ब्रह्मा कृतयुगे देवस्त्रेतायां भगवान् रवि:।
द्वापरे भगवान् विष्णु: कलौ देवो महेश्वर:।।

अर्थात् सत्ययुग में ब्रह्माजी, त्रेतायुग में सूर्यभगवान्, द्वापरयुग में भगवान् विष्णु और कलियुग में शंकर भगवान् ही प्रमुख आराध्य देवता हैं। **कामनाभेद** के अनुसार देवभेद के बारे में स्कन्दपुराण में कहा है-

आरोग्यं भास्करादिच्छेद्धनमिच्छेद्धुताशनात्।
ज्ञानं च शंकरादिच्छेन्मुक्तिमिच्छेज्जनार्दनात्।। (5.3.153.23)

अर्थात् आरोग्यकी कामना भगवान् सूर्य से, धन की कामना अग्नि भगवान् से (महाभारत के अनुसार धन की कामना कुबेर से), ज्ञान की कामना शंकर भगवान् से और मुक्ति की कामना भगवान् विष्णु से करनी चाहिये। देवताओं के **पूजा अर्चना काल** के बारे में स्कन्दपुराण (1.2.41.81) में कहा है-

प्रातर्मध्यन्दिने सायं देवपूजां समाचरेत्।
अशक्तौ विस्तरेणैव प्रात: संपूज्य दैवतम्।
मध्याह्ने चैव सायं च पुष्पांजलिमपि क्षिपेत्।।

नित्य ही तीनों काल-प्रात:, मध्याह्न और सायंकाल में विस्तृत देवपूजा करनी चाहिये। लेकिन यदि असमर्थ हैं तो प्रात:काल में विस्तृत पूजा करके मध्याह्न और सायंकाल में केवल पुष्पांजलि अर्पित कर सकते हैं। **देवता की मूर्ति/प्रतिमा** के विषय में मत्स्यपुराण में कहा गया है-

सौवर्णी राजता वापि ताम्री रत्नमयी तथा।
शैली दारुमयी वापि लोहसंघमयी तथा।। (2.58.20)

अंगुष्ठपर्वादारभ्य वितस्तिं यावदेव तु।
गृहेषु प्रतिमा कार्या नाधिका शस्यते बुधैः।।

अर्थात् सोना, चांदी, तांबा, माणिक्य आदि रत्न, स्फटिक आदि पत्थर, लकड़ी अथवा पंचलौह से निर्मित यजमान के अपने अंगूठे के बराबर (लगभग 1 इन्च) से लेकर एक वितस्ति (लगभग 9 इन्च) परिमाण वाली प्रतिमा/मूर्ति ही घर में होनी चाहिये, इससे अधिक बड़ी मूर्ति रखने का उपदेश विद्वान् लोग नहीं देते हैं। **देवतापूजोपचार** के विषय में परम्परा के अनुसार 64 उपचार होते हैं जिनके मन्त्र सहित प्रयोग को आगे विस्तृत पूजापद्धति प्रकरण में दर्शाया गया है। लेकिन अपनी शक्ति सामर्थ्य के अनुसार साधक को 16 अथवा 10 अथवा 5 उपचारों से पूजा अवश्य करनी चाहिये। वे कौन कौन हैं? प्रपंचसार में उनकी गणना इस प्रकार की है –

आसनं स्वागतं पाद्यमर्घ्यमाचमनीयकम्।
मधुपर्काचमनस्नानवसनाभरणानि च।।
सुगन्धिसुमनोधूप-दीप-नैवेद्यवन्दनम् ।
प्रयोजयेदर्चनायामुपचारांश्च षोडश।।
अर्घ्य-पाद्याचमन-मधुपर्काचमनान्यपि ।
गन्धादयो नैवेद्यान्ता उपचारा दश क्रमात्।।
गन्धादयो नैवेद्यान्ताः पूजाः पंचोपचारिकाः।
उपचारैर्यथाशक्ति देवतामन्वहं यजेत्।।

अर्थात् 16 उपचार क्रम से इस प्रकार हैं– 1. स्वागत (आवाहन), 2. आसन, 3. पाद्य, 4. अर्घ्य, 5. आचमन, 6. मधुपर्क, 7. पुनराचमन, 8. स्नान, 9. वस्त्र, 10. यज्ञोपवीत सहित आभरण, 11. सुगन्धीद्रव्य, 12. सुमनः (पुष्प), 13. धूप, 14. दीप, 15. नैवेद्य और 16. वन्दना (नमस्कार)।

कुछ अन्य ग्रन्थों में मधुपर्क और पुनराचमन को ग्रहण न करके अन्त में (यानि नमस्कार के बाद) प्रदक्षिणा और उद्वासन को ग्रहण किया है।

दस उपचार इस प्रकार है– 1. पाद्य, 2. अर्घ्य, 3. आचमन, 4. मधुपर्क, 5. पुनराचमन, 6. सुगन्धीद्रव्य, 7. सुमनः (पुष्प), 8. धूप, 9. दीप और 10. नैवेद्य। इसी प्रकार **पांच** उपचारों का क्रम इस प्रकार है– 1. गन्ध, 2. सुमनः (पुष्प), 3. धूप, 4. दीप और 5. नैवेद्य। साधक का कर्तव्य है कि यथाशक्ति उपचारों से देवता की पूजा करे। इन उपचारों के अन्त में कर्म गत अंग च्युति रूपी दोष निवृत्ति पूर्वक कर्म की साफल्यता केलिये फल सहित दक्षिणा को अवश्य अर्पण करे। किन्तु वैदिक परम्परा के अनुसार कर्मप्रदीप नामक ग्रन्थ में षोडशोपचार में थोड़ा फर्क करके कहा है–

आवाहनमासनं पाद्यमर्घ्यमाचमनीयकम्।
स्नानं वस्त्रोपवीतं च गन्धमाल्यान्यनुक्रमात्।।
धूपं दीपं च नैवेद्यं ताम्बूलं च प्रदक्षिणा।
पुष्पांजलिरिति प्रोक्ता उपचारास्तु षोडश।।

अर्थात् आवाहन, आसन, पाद्य, अर्घ्य, आचमन, स्नान, वस्त्र, यज्ञोपवीत, गन्ध, पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य, ताम्बूल, प्रदक्षिणा, पुष्पांजलि – ये 16 उपचार कहे गये हैं। प्रत्येक देवता के 16 उपचारों के वैदिक/पौराणिक /आगमिक मन्त्र अलग–अलग होते हैं (जैसे कि हमारे प्रकाशन **शिवपूजापद्धतिप्रकाश** में शिवजी के वैदिक/पौराणिक/आगमिक मन्त्रों को दर्शाया है) किन्तु सबको अलग–अलग याद करना सर्व सामान्य केलिये कठिन है, इसलिये शास्त्रकारों ने विकल्प दिया है कि पुरुषसूक्त (देव हो तो)अथवा श्रीसूक्त (देवी हो तो) से भी षोडश उपचार पूजन कर सकते हैं। इनके अलावा राजोपचार होते हैं जिनके बारे में कर्मप्रदीप में कहा गया है कि–

ततः पंचामृताभ्यंगमंगस्योद्वर्त्तनं तथा।
मधुपर्कं परिमलद्रव्याणि विविधानि च।।
पादुकान्दोलनादर्शं व्यजनं छत्रचामरे।
वाद्यार्तिक्यं नृत्यगीतशय्या राजोपचारकाः।।

अर्थात् उक्त 5/10/16 उपचारों से पूजा करने के बाद इन

राजोपचारों से भी पूजा करनी चाहिये- पंचामृत, अभ्यंग, उद्वर्त्तन, मधुपर्क, नाना प्रकार के सुगन्धिद्रव्य, पादुका, दोलन (झुलाना), दर्पण दिखाना, पंखा, चंवर, चामर, वाद्य, नृत्य, संगीत, आरती और शय्या अर्पण (सुलाना)।

4.2 सामग्री आदि साधन विषयक विचार:

स्वस्नान, पंचगव्य, पाद्य, अर्घ्य, आचमनीय, मधुपर्क, पंचामृत, देवतास्नान, उद्वर्तन, सौभाग्यद्रव्य, कौतुकद्रव्य, गन्ध, पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य और ताम्बूल में डालने की सामग्री/पदार्थ के विषय में साधक को जानना जरूरी है। अत: अब सामग्री विषयक विचार को विभिन्न शास्त्रों के आधार पर वर्णन किया जा रहा है। साधक द्वारा अपने स्नान केलिये स्नानपात्र में डालने की **स्वस्नानपात्रसामग्री**-(मन्त्रतन्त्रप्रकाश के अनुसार)

अक्षता गन्धपुष्पाणि स्नानपात्रे तथा त्रयम्।
द्रव्याभावे प्रदातव्याः क्षालितास्तण्डुलाः शुभाः।।

अर्थात् अक्षत, सुगन्धद्रव्य और फूल - इन तीन पदार्थों को साधक अपने स्नान पात्र में डाले। यदि सामग्री न हो तो धोये हुये अच्छे चावल (थोड़ा) डालकर नदी आदि का आवाहन आदि करके इष्ट देवता के नाम व लीला आदि को स्मरण करते हुये स्नान करना चाहिये। **पंचगव्यसामग्री**- विष्णुधर्मोत्तरपुराण के अनुसार-

गोमूत्रं भागतश्चार्धं शकृत्क्षीरस्य च त्रयम्।
द्वयं दध्नो घृतस्यैकमेकश्च कुशवारि च।।

अर्थात् जितनी मात्रा कुशा से पवित्र किया गया जल लेंगे उतना ही घी, उसका दो गुना दही, उसका तीन गुना दूध, उसकी आधी मात्रा गोबर और आधी मात्रा ही गोमूत्र को अलग-अलग ग्रहण करके आगे बताये गये मन्त्रों का उच्चारण करते हुये मिलायें। (भविष्यपुराण के अनुसार)-

पंचगव्यं पवित्रन्तु आहरेत्ताम्रभाजने।
गायत्र्या चैव गोमूत्रं गन्धद्वारेण गोमयं।।
आप्यायस्वेति च क्षीरं दधिक्राव्णेति वै दधि।
तेजोऽसि शुक्रमित्याज्यं देवस्य त्वा कुशोदकम्।। (135.31)

अर्थात् तांबे के बर्तन में ही पंचगव्य का मिश्रण करना चाहिये। गायत्री मन्त्र से गोमूत्र को, गन्धद्वारा इत्यादि मन्त्र से गोबर को, आप्यायस्व इत्यादि मन्त्र से दूध को, दधिक्राव्णा इत्यादि मन्त्र से दही को, तेजोऽसि शुक्रं इत्यादि मन्त्र से घी को और देवस्य त्वा इत्यादि मन्त्र से जल को पात्र में डालकर मिलावें (पृ. 75 देखें)।

पाद्यपात्रसामग्री– (शारदातिलक के अनुसार)

दूर्वां च विष्णुक्रान्तां च श्यामाकं पद्ममेव च।
पाद्यांगानि च चत्वारि कथितानि समासतः।।(17.73)

अर्थात् संक्षेप से कहा गया है कि दूर्वा, विष्णुक्रान्ता, स्यांवा चावल और कमल (की पंखुड़ि अथवा गुलाब की पंखुड़ि)– इन चार पदार्थों को पाद्य पात्र में डालना चाहिये।

अर्घ्यपात्रसामग्री– (शारदातिलक के अनुसार)

गन्धपुष्पाक्षतयवकुशाग्रतिलसर्षपैः।
सदूर्वैः सर्वदेवानामेतदर्घ्यमुदीरितम्।।(14.141)

अर्थात् सुगन्धीद्रव्य, पुष्प, अक्षत, जौ, कुशा का अग्रभाग, तिल, सरसों और दूर्वा – इन आठ पदार्थों को सभी देवताओं के अर्घ्य की सामग्री कहा गया है। मतान्तर में भी 8 पदार्थ ही माने गये हैं, लेकिन् कुछ भेद है। जैसे कि भविष्य पुराण में कहा गया है–

आपः क्षीरं कुशाग्राणि दध्यक्षततिलास्तथा।
यवाः सर्षपाश्चैव अर्घ्योऽष्टांग प्रकीर्तितः।।(163.37)

अर्थात् जल, दूध, कुशा के अग्रभाग, दही, अक्षत, तिल, जौ और सरसों – इन आठ पदार्थों को अर्घ्य की सामग्री कहा गया है।

आचमनीयपात्रसामग्री– (भविष्यपुराण के अनुसार)

कर्पूरमगरुं पुष्पं दद्याज्जातीफलं मुने।
लवंगमपि कंकोलं शस्तमाचमनीयके।।(17.35)

अर्थात् कपूर (खाने योग्य भीमसैनी कपूर), अगरु, पुष्प, जातीफल, लवंग और कंकोल वृक्ष के फलों से निर्मित गन्धद्रव्य ही आचमनीय जल में संमिश्रण करने केलिये विहित है।

मधुपर्कसामग्री- (विष्णुधर्मोत्तरपुराण के अनुसार)

सुधाणुना ततः कुर्यान्मधुपर्कं मुखाम्बुजे।
आज्यं दधिमधून्मिश्रमेतदुक्तं मनीषिभिः।।

अर्थात् कपूर (खाने योग्य भीमसैनी कपूर) के साथ घी, दही और शहद को मिश्रित कर मुख कमल में अर्पण करने योग्य मधुपर्क को तैयार करने का विधान विद्वानों द्वारा कहा गया है।

पंचामृतसामग्री- (भविष्यपुराण के अनुसार)

गव्यमाज्यं दधि क्षीरं माक्षिकं शर्करान्वितम्।
एकत्र मिलितं ज्ञेयं दिव्यं पंचामृतं परं।। (154.2)

अर्थात् गौ का ही घी, दही, दूध, शहद और गुड़ (चीनी)- इन पांच पदार्थों को एक पात्र में मिश्रित करने पर उसे श्रेष्ठ व दिव्य पंचामृत जानना चाहिये।

देवतास्नानसामग्री- (विष्णुधर्मोत्तरपुराण के अनुसार)

शुद्धोदकैः स्नायादतः गन्धाद्भिः कारयेत्स्नानम्।

अर्थात् पहले शुद्ध जल से स्नान कराके फिर सुगन्धिद्रव्यों से युक्त जल से स्नान करायें।

उद्वर्तनसामग्री- (विष्णुधर्मोत्तरपुराण के अनुसार)

रजनी सहदेवी च शिरीषं लक्ष्मणापि च।
सहभद्रा कुशाग्राणी उद्वर्तनमिहोच्यते।।

अर्थात् हल्दी, कुंकुम, शीशम का फूल, लक्ष्मणा का फूल, चन्दन और कुशा के अग्रभाग से निर्मित द्रव्य को उद्वर्तन कहते हैं।

सौभाग्यद्रव्य की सामग्री- (विष्णुधर्मोत्तरपुराण के अनुसार)

हरिद्रा कुंकुमं चैव सिन्दूरादिसमन्वितम्।
कज्जलं कण्ठसूत्रादि सौभाग्यद्रव्यमुच्यते।।

अर्थात् हल्दी, कुंकुम, सिन्दूर आदि सहित काजल, यज्ञोपवीत/मंगलसूत्र आदि को सौभाग्यद्रव्य कहते हैं।

कौतुकद्रव्य की सामग्री- (भविष्यपुराण के अनुसार)

दूर्वा यवांकुराश्चैव ह्रीवेरं चूतपल्लवाः,

हरिद्राद्वयसिद्धार्थशिखिपत्रोरगत्वचः,

कंकणौषधयश्चैव कौतुकाख्या दश स्मृताः।

अर्थात् दूर्वा, जौ के अंकुर, ह्रीवेर नामक पेड़ के फूलों से निर्मित सुगन्धि द्रव्य, आम के पत्ते, दोनों प्रकार की हल्दी, मोर पंख, सांप की केचुली, सरसों और कलगी- इन दस पदार्थों को कौतुक नामक द्रव्य कहते हैं।

गन्धानुलेपनविचार व सामग्री- (कालिकापुराण के अनुसार)

चूर्णीकृतो वा घृष्टो वा दाहकर्षित एव वा।

रसः संमर्दजो वापि प्राण्यंगोद्भव एव वा।।

गन्धः पंचविधः प्रोक्तो देवानां प्रीतिदायकः।।

अर्थात् चूर्ण किया गया, घर्षण से निर्मित, दाहकर्षित, संमर्दन से जन्य रस और प्राणी के अंग से उत्पन्न - देवताओं को प्रसन्न करने वाले ये पांच प्रकार के गन्ध होते हैं। प्रत्येक प्रकार के गन्ध का विवरण कालिकापुराण के अनुसार इस प्रकार है-

गन्धचूर्णं गन्धपत्रचूर्णं सुमनसां तथा।

प्रशस्तगन्ध उक्तानि पत्रचूर्णानि यानि च।।

तानि गन्धाह्वयानि स्युः स गन्धः प्रथमः स्मृतः।

घृष्टो मलयजो गन्धः सरलश्च नमेरुणा।

अगरुप्रभृतिश्चापि यस्य पंकः प्रदीयते।।

घृष्ट्वा स घृष्टो गन्धोऽयं द्वितीयः प्रकीर्तितः।

देवदार्वगरु ब्रह्मसारसालान्तचन्दनाः।।

प्रियादीनां च यो दग्ध्वा गृह्यते दाहजो रसः।

स दाहकर्षितो गन्धस्तृतीयः प्रकीर्तितः।।

स गन्धः कारवी बिल्वं गन्धिनी तिलकं तथा।

प्रभृतीनां रसो योऽसौ निष्पीड्य परिगृह्यते।।

स संमर्दोद्भवा गन्धः संमर्दज इतीर्यते।

मृगनाभिसमुद्भूतस्तत्कोशोद्भव एव च।।

गन्धः प्राण्यंगजः प्रोक्तो मोददः स्वर्गवासिनाम्।
सर्वेषु गन्धजातेषु प्रशस्तो मलयोद्भवः।।
तस्मात्सर्वप्रयत्नेन दद्यान्मलयजं सदा।

अर्थात् काली अगरु की लकड़ी का चूर्ण, काली अगरु के पत्तों का चूर्ण, सुगन्धित पुष्पों का चूर्ण तथा अन्य जो जो प्रशस्त गन्धवाले पत्तों के चूर्ण हैं वे प्रथम **चूर्णीकृत** गन्ध नाम से स्मृत हैं। चन्दन अथवा देवपुन्नाग के साथ चीड़ वृक्ष अथवा अगरु आदि की लकड़ी से जो पानी के साथ घिस-घिस कर तैयार किया गया लेप है, जिसे दूसरों को अपने शरीर में लगाने केलिये भी दिया जाता है उसे **घृष्ट** नामक दूसरा गन्ध कहा गया है। देवदारु, अगरु, पारस, पीपल, चन्दन के धड़ आदि प्रमुख अंगों को जलाकर जो रस (यानि तेल) ग्रहण किया जाता है उसे तीसरा **दाहकर्षित** गन्ध नाम से कहा जाता है। वह गन्ध जो सोंफ, बेल, तालीसपत्र, कचूरा, तिलक नाम के वृक्ष, इत्यादि सुगन्धि पेड़-पौधों के अंगों को कूटकर निचोड़ के रस निकाला जावे उस निचोड़ने पर उत्पन्न रस को चौथा **संमर्दज** नामक गन्ध कहा जाता है। स्वर्ग वासियों को भी आनन्दित करनेवाला मृग की नाभि से उत्पन्न या उसके कोश से उत्पन्न कस्तूरी आदि गन्ध पांचवां **प्राण्यंगज** गन्ध नाम से कहा गया है। इनमें से चन्दन का चूर्ण अथवा लेप ही सर्व श्रेष्ठ है इसलिये पूरा प्रयास कर के सदा पूजा/अर्चना/ उपासना में चन्दन का ही प्रयोग करें। लेकिन शारदातिलक (4.79-82) में पंचगन्ध की अपेक्षा अष्टगन्ध का विधान करते हुये कहा है कि-

गन्धाष्टकं तत्त्रिविधं शक्तिविष्णुशिवात्मकम्।
चन्दनागरुकर्पूरचौरकुंकुमरोचनाः ।।
जटामांसीकपियुताः शक्तेर्गन्धाष्टकं विदुः।
चन्दनागरुह्रीवेरकुष्ठकुंकुमसंव्यकाः ।।
जटामांसी मुरमिति विष्णोर्गन्धाष्टकं विदुः।
चन्दनागरुकर्पूरतमालजलकुंकुमम् ।।
कुशीतं कुष्ठसंयुक्तं शैवं गन्धाष्टकं विदुः।।

अर्थात् शक्ति, विष्णु और शिव नाम से अष्टगन्ध तीन प्रकार के होते हैं, जिनकी सामग्री इस प्रकार है–

1. **शक्ति नामक अष्टगन्ध** :– चन्दन, अगरु, कपूर, कचूर, कुंकुम, गोरोचन, जटामांसी और रक्तचन्दन।
2. **विष्णु नामक अष्टगन्ध** :– चन्दन, अगरु, ह्रीवेर, गन्धक, कुंकुम, उशीर, जटामांसी और कटहल का बीज।
3. **शिव नामक अष्टगन्ध** :– चन्दन, अगरु, कपूर, तमाल, खस, कुंकुम, कुशीत और गन्धक।

गन्ध के अर्पण में अंगुली विचार: भविष्यपुराण में दूसरे को गन्ध अर्पण करने व स्वयं पर गन्ध लगा लेने केलिये अलग–अलग अंगुलियों का विधान इस प्रकार किया है–

अनामिक्या च देवस्य ऋषीणां च तथैव च।
गन्धानुलेपनं कार्यं प्रयत्नेन विशेषतः।।
पितृणामर्पयेद्गन्धं तर्जन्या च सदैव हि।
तथैव मध्यमांगुल्या धार्यो गन्धो स्वयं बुधैः।।

अर्थात् समस्त देवी–देवताओं को और ऋषियों (सन्त–महात्माओं) को बिना गलती किये अनामिका अंगुलि से ही गन्धानुलेपन करना चाहिये, पितरों को सदा तर्जनी अंगुलि से अर्पण करें और स्वयं पर मध्यमा अंगुलि से धारण करें।

पुष्पभेद पर विचार :– (शारदातिलक 4.100–105 के अनुसार)

कमले करवीरे द्वे कुमुदे तुलसीद्वयं।
जातीद्वयं केतकी द्वे कह्लारं चम्पकोत्पले।।
कुन्दमन्दारपुन्नागपाटलानागचम्पकम्।
आरग्वधं कर्णिकारं पारन्ती नवमालिका।।
सौगन्धिकं सकोरण्टं पलाशाशोकमल्लिकाः।
धत्तूरं सर्जकं बिल्वमर्जुनं मुनिपत्रकम्।।
अन्यानपि सुगन्धीनि पत्रपुष्पाणि देशिकैः।
उपदिष्टानि पूजायामाददीत विचक्षणः।।

मलिनं भूमिसंस्पृष्टं कृमिकेशादिदूषितम्।
अंगस्पृष्टं समाघ्रातं त्यजेत्पर्युषितं गुरुः।।

आचार्यों के द्वारा किये गये विधान के अनुसार दो कमल, दो कनेर, दो सफेद कमल (जो रात में चन्द्रमा की किरण से खिलते हैं), दो तुलसी की मंजीर, जायफल के पेड़ के दो फूल, दो केतकी, कह्लार, चम्पा/चमेली, नीलकमल/ब्रह्मकमल, मोतिया पुष्प (कुन्द), मदार, शिवलिंगी, लाल लोध्रा/पादर का फूल, नागकेसर, आरग्वध, कनियार/अमलतास, पारन्ती, नौ परतोंवाला मोगरा, कोरण्ट, ढाक, अशोक, साधारण मोगरा, धतूर, साल, बेल के पत्ते, अर्जुन, मुनिपत्रक नाम के फूल और अन्य सब प्रकार के सुगन्धी पुष्पों और श्रेष्ठ पत्तों को पूजा में प्रयोग करना चाहिये। लेकिन मलिन, जमीन पर पड़ा हुआ, कीड़े से युक्त या छिद्र किया हुआ, केश आदि अपवित्र वस्तु से युक्त पत्र व पुष्प का त्याग करना चाहिये।

देवता विशेष केलिये वर्जित पुष्प आदि के विषय में मन्त्रमहोदधि (32.86-89) में इस प्रकार विधान किया है-

अक्षतानर्कधत्तूरौ विष्णौ नैवार्पयेत्सुधीः।
बन्धूकं केतकीं कुन्दं केशरं कुटजं जपां।।
शंकरे नार्पयेविद्वान्मालतीं यूथिकामपि।
शक्तौ दूर्वार्कमन्दारान्मालूरं तगरं रवौ।।
विनायके तु तुलसीं नार्पयेज्जातुचिद्बुधः।।
पत्रं वा यदि वा पुष्पं फलं नेष्टमधोमुखम्।
यथोत्पन्नं तथा देयं बिल्वपत्रमधोमुखम्।।

अर्थात् अक्षत और आक व धतूरे का फूल व पत्ते विष्णु भगवान को अर्पण न करें। बन्धूक, केतकी, कुन्द (मोतिया), बकुल के पेड़ का फूल, अगस्त्य पेड़ का फूल, जपा कुसुम, सफेद चमेली और जूही/बेला/लाल चमेली के फूल – इन्हें शंकर भगवान को अर्पण न करें। दूर्वा और आक व मदार के फूल या पत्ते देवी को अर्पण न करें। कैथ का फल/बेल का फल या पत्ते सूर्य भगवान को अर्पण न करें। भगवान

गणेश को तुलसी का अर्पण कभी नहीं करना चाहिये। फूल या पत्ते सदा सीधा चढायें यानि जैसा पैदा होते हैं वैसे ही, किन्तु बेल के पत्तों को तो उल्टा रख कर ही चढ़ाना चाहिये।

धूप की सामग्री :- तन्त्रसार में कहा है कि-

गुग्गुलुः सरलं दारु पत्रं मलयसंभवम्।
ह्रीवेरमगरुं कुष्ठगुडं सर्जरसं घनम्।।
हरीतकीं नखीं लाक्षां जटामांसीं च शैलजम्।
षोडशांगं विदुर्धूपं दैवे पित्र्ये च कर्मणि।।

अर्थात् कर्मकाण्डी जानते हैं कि- गुग्गल, देवदारु, हल्दी, तेजपत्ता, चन्दन, ह्रीवेर, अगरु, गन्धक, गुड़, साल, अभ्रक, हरड़, बबूल, लाक्षा, जटामांसी और शिलाजित - इन सोलह पदार्थों से बनायी गयी धूप को देव व पितृ कर्म में प्रयोग करना चाहिये।

दीप विषयक विचार :-शारदातिलक (4.107-108) में कहा है कि-

वर्त्या कर्पूरगर्भिण्या सर्पिषा तिलजेन वा।
आरोप्य दर्शयेद्दीपानुच्चैः सौरभशालिनः।।

अर्थात् रुई से बनी व कपूर से युक्त बत्ती को मिट्टी से बने दीपक में सरसों अथवा तिल के तेल में रखकर चारों तरफ प्रकाश फैल सके ऐसे उच्च स्थान पर स्थापित कर देवता आदि को दर्शायें। तथा कालिकापुराण में कहा है कि-

न मिश्रीकृत्य दद्यात्तु दीपं स्नेहे घृतादिकम्।
घृतेन दीपकं नित्यं तिलतैलेन वा पुनः।।
ज्वालयेन्मुनिशार्दूल सन्निधौ जगदीशितुः।
कार्पासवर्तिका ग्राह्या न दीर्घा न च सूक्ष्मिका।।

अर्थात् हे मुनिश्रेष्ठ! कभी भी घी व तेल को मिलाकर दीपक न जलायें। केवल घी अथवा केवल तिल के तेल से ही दीपक को प्रज्ज्वलित कर भगवान के सामने नित्य कर्म में प्रयोग करना चाहिये। बाती रुई की ही होनी चाहिये और वह बहुत छोटी या बहुत लम्बी नहीं होनी चाहिये।

नैवेद्य विषयक विचार:- शारदातिलक (4-108-110) में नैवेद्य का

लक्षण इस प्रकार है–

निवेदनीयं यद् द्रव्यं प्रशस्तं प्रयतं तथा।
तद्भक्ष्यार्हं पंचविधं नैवेद्यमिति कथ्यते।।
भक्ष्यं भोज्यं च लेह्यं च पेयं चोष्यं च पंचमम्।
सर्वत्र चैतन्नैवेद्यमाराध्यास्यै निवेदयेत्।।
स्वादूपदंशं विमलं पायसं सह शर्करम्।
कदलीफलसंयुक्तं साज्यं मन्त्री निवेदयेत्।।

अर्थात् अर्पण करने योग्य द्रव्य जो आराध्य देवता द्वारा ग्राह्य, श्रेष्ठ और प्रशस्त हो वह पांच प्रकार का कहा गया है– भक्ष्य, भोज्य, लेह्य, पेय और चोष्य। सब प्रकार की पूजा में देवता के समक्ष नैवेद्य को अर्पण अवश्य करना चाहिये। समस्त प्रकार के नैवेद्यों में से चीनी, घी और केले युक्त अत्यन्त स्वादिष्ट शुद्ध खीर अर्पण करना श्रेष्ठ है। नैवेद्यपात्र के विषय में इस प्रकार विधान किया गया है–

तैजसेषु च पात्रेषु सौवर्णे राजते तथा।
ताम्रे वा प्रस्तरे वापि पद्मपत्रेऽथवा पुनः।।
यज्ञदारुमये वापि नैवेद्यं स्थापयेद्बुधः।
सर्वाभावे च माहेये स्वहस्तघटिते यदि।।

अर्थात् तैजस द्रव्य से बना हुआ जैसे कि सोना, चांदी, तांबा आदि अथवा पत्थर के बने हुये अथवा कमल के पत्तों से निर्मित पत्तल अथवा यज्ञ में प्रयुक्त पवित्र लकड़ियों से बनाये हुये पात्र में नैवेद्य को अर्पण करना चाहिये। लेकिन उक्त प्रकार के कोई भी पात्र न हो तो मिट्टी के बर्तन में भी नैवेद्य अर्पण कर सकते हैं यदि स्वयं के द्वारा निर्मित हो तो।

गन्ध आदि अर्पण में मुद्रा आदि पर विचार :–रुद्रयामल में गन्ध आदि को अर्पण करने में प्रयुक्त मुद्रा का विधान इस प्रकार किया है–

मध्यमानामिकागुंष्ठैरंगुल्यग्रेण पार्वति।
दद्याच्च विमलं गन्धं मूलमन्त्रेण साधकः।।
अंगुष्ठतर्जनीभ्यां च पुष्पं देवे निवेदयेत्।
मध्यमानामिकांगुल्योर्मध्यपर्वणि देशिकः।।

अंगुष्ठाग्रेण देवेशि धृत्वा धूपं निवेदयेत्।
उत्तोलनं द्विधा कृत्वा गायत्र्या मूलयोगतः।।
ततः समर्पयेद्धूपं घण्टावाद्यजयस्वनैः।
न भूमौ वितरेद्धूपं नासने न घटे तथा।।
यथातथाधारगतं कृत्वा तं विनिवेदयेत्।
तत्त्वाख्यमुद्रया देवि नैवेद्यं विनिवेदयेत्।।
मूलेनाचमनं दद्यात्तांबूलं तत्त्वमुद्रया।
अंगुष्ठतर्जनीभ्यां तु निर्माल्यमपनोदयेत्।।

अर्थात् हे पार्वती! साधक अपने सीधे हाथ के अंगूठे, मध्यमा और अनामिका अंगुलि के अग्र भाग से तत्तद्देवता के मूलमन्त्र का उच्चारण करते हुये पूर्वोक्त सामग्रियों से निर्मित विशुद्ध गन्ध का अर्पण करें। उपदेश प्राप्त बुद्धिमान् साधक अंगूठे और तर्जनी के अग्र पर्व से देवताओं को तत्तद्देवता की नामावलि के चतुर्थ्यन्त मन्त्रों से पुष्प अर्पण करें। हे देवेशी! मध्यमा और अनामिका के मध्य पर्व व अंगूठे के अग्रभाग में धूप को धारण कर तत्तद्देवता के मूलमन्त्र सहित गायत्री मन्त्र का उच्चारण अथवा जय-जय कार करते हुये घण्टा नाद के साथ अर्धचन्द्राकार में देवता के दोनों तरफ घुमाकर धूप को समर्पित करें। धूप को जमीन, आसन और घड़े पर स्थापित न करें किन्तु उस केलिये अलग से जिस किसी प्रकार का एक आधार (धूप स्टैण्ड) बनाकर उस पर स्थापित करें। तत्त्व मुद्रा (पृ. 48) से (अन्यत्र धेनु मुद्रा का विधान भी है) नैवेद्य को अर्पण करें। तत्तद्देवता के मूल मन्त्र से आचमन को दें। ताम्बूल को तत्त्व मुद्रा (पृ. 48) से अर्पण करना चाहिये। अंगूठे और तर्जनी से ही निर्माल्य को हटाना चाहिये।

रुद्रयामल में ही गन्ध, पुष्प, आभूषण, धूप, दीप और नैवेद्य के **स्थान व दिशा** आदि के बारे में इस प्रकार विधान किया है-

निवेदयेत्पुरोभागे गन्धं पुष्पं च भूषणम्।
दीपं दक्षिणतो दद्यात्पुरतो वा न वामतः।।
वामतस्तु तथा धूपमग्रे वा न तु दक्षिणे।
नैवेद्यं दक्षिणे भागे पुरतो वा न पृष्ठतः।।

धूपदीपौ सुभोज्यं च देवाताग्रे निवेदयेत्।
दक्षिणे च सितां वर्तिं वामतो रक्तवर्तिकाम्।।

अर्थात् गन्ध, पुष्प और आभूषण सदा देवता के सामने से अर्पण करें। दीपक को सामने अथवा दाहिने भाग में स्थापित कर दर्शायें लेकिन भूल से भी बायें भाग में नहीं। धूप को सामने अथवा बायें भाग में स्थापित कर दर्शायें लेकिन भूल से भी दाहिने भाग में नहीं। नैवेद्य को सामने अथवा दाहिने भाग में स्थापित कर दर्शायें लेकिन भूल से भी पीछे या अन्य भाग में नहीं। भ्रमित होकर कोई गलती न हो, इसलिये सुगम यही है कि सदा धूप, दीप और नैवेद्य को सामने से ही अर्पित करें। दीपक में विशेष ध्यान देने योग्य बात यह है कि सफेद बाती हो तो उसे दाहिनी ओर रखें और लाल रंग की बाती हो तो बायीं ओर रखें।

नीराजन (आरती) विषयक विचार :- कालोत्तरतन्त्र में आरती का विधान इस प्रकार किया है-

पंचनीराजनं कुर्यात्प्रथमं दीपमालया।
द्वितीयं सोदकाब्जेन तृतीयं धौतवाससा।।
चूताश्वत्थादिपत्रैश्च चतुर्थं परिकीर्तितम्।
पंचमं प्रणिपातेन साष्टांगेन यथाविधि।।

अर्थात् पांच प्रकार से आरती करनी चाहिये।

1. एक/तीन/पांच/यथाशक्ति बत्ती प्रज्वलित आरती,
2. जल व पुष्प युक्त आरती,
3. शुद्ध वस्त्र से आरती,
4. आम पीपल आदि पवित्र पत्तों से आरती और
5. साष्टांग दण्डवत् प्रणाम के द्वारा आरती।

साष्टांग नमस्कार करने की विधि निम्न प्रकार है-

उरसा शिरसा दृष्ट्या मनसा वचसा तथा।
पद्भ्यां कराभ्यां जानुभ्यां प्रणामोऽष्टांग उच्यते।।

अर्थात् मन, वाणी और आंखों के द्वारा भगवान का चिन्तन, कथन और दर्शन करते हुये सिर, छाती, दोनों हाथ, दोनों घुटने और दोनों पैरों से जमीन को स्पर्श करते हुये लेटकर प्रणाम करना अष्टांग नमस्कार है।

अधिकारी विषयक विचार :- वराह पुराण में सर्वकर्मोपयोगी विषयों पर विचार करते हुये कर्माधिकारी (कर्म का तात्पर्य केवल वैदिक कर्म नहीं अपितु स्मार्त कर्म, देव पूजा अर्पण, भक्ति, उपासना और स्वाध्याय भी है) का लक्षण इस प्रकार किया है –

सुस्नातः सम्यगाचान्तः कृतसन्ध्यादिकक्रियः ।
जितेन्द्रियः सत्यवादी सर्वकर्मसु शस्यते ।।

अर्थात् शास्त्र विहित तरीके से स्नान कर स्नानांगभूत आचमनादि करके सन्ध्यावन्दन आदि नित्य कर्म से निवृत्त हुआ सत्यवादी व जितेन्द्रिय व्यक्ति ही सकल कर्म करने का अधिकारी होता है।

4.3 कर्माधिकारित्व प्राप्ति केलिये दैनिक पूर्वकृत्य

दक्षस्मृति में कर्म आरम्भ करने से पहले स्वयं को कर्म या उपासना का अधिकारी बनाने केलिये आवश्यक कुछ नित्य कर्तव्य के बारे में इस प्रकार कहा है –

प्रातरुत्थाय कर्तव्यं यद् द्विजेन दिने दिने ।
तत्सर्वं प्रवक्ष्यामि द्विजानामुपकारकम् ।।

अर्थात् प्रतिदिन प्रातः उठकर द्विजों के द्वारा करने योग्य उन सकल कर्मों का कथन करूंगा जो द्विजों के उपकारक हैं। कितने बजे उठना और क्या क्या करना चाहिये इत्यादि प्रश्नों के उत्तर इस प्रकार दिये हैं- ब्रह्म मुहूर्त में उठकर बिस्तर पर बैठे हुये ही अपने कर कमलों को देखते हुये निम्न मन्त्र का पाठ करें–

कराग्रे वसते लक्ष्मी करमध्ये सरस्वती ।
करमूले तु गोविन्द प्रभाते करदर्शनम् ।।

अर्थात् भावना करें कि हाथ के अग्रभाग में लक्ष्मी विराजमान है, मध्य भाग में सरस्वती और मूलभाग में गोविन्द भगवान हैं – यह प्रातःकालीन करदर्शन है। तत्पश्चात् बिस्तर पर बैठे हुये ही जमीन को स्पर्श कर निम्न मन्त्र का पाठ करें–

समुद्रवसने देवी पर्वतस्तनमण्डले ।
विष्णुपत्नी नमस्तुभ्यं पादस्पर्शं क्षमस्व मे ।।

अर्थात् हे माते! पर्वत हैं स्तन मण्डल जिनका, समुद्र में वास कर रही हैं जो और विष्णु की पत्नी हैं जो ऐसे आपको मैं नमस्कार करता हूं। आप मेरे पैरों के स्पर्श (चलने-फिरने से जो आघात होता है उस केलिये) क्षमा करें।

ब्राह्मे मुहूर्ते चोत्थाय परं ब्रह्म विचिन्तयेत्।
ततो व्रजेन्नैर्ऋताशां बृहत्सोदकभाजनः।।
दिवासंध्यासु कर्णस्थब्रह्मसूत्र उदङ्मुखः।
अन्तर्धाय तृणं भूमिं शिरः प्रावृत्य वाससा।।
वक्त्रान्नियम्य यत्नेन नोष्ठीवेन्नोच्छ्वसेदपि।
कुर्यान्मूत्रं पुरीषं च रात्रौ चेद्दक्षिणामुखः।।
छायायामन्धकारे वा रात्रावहनि वा द्विजः।
यथासुखं प्रकुर्वीत प्राणबाधाभयेषु च।।
गृहीतशिश्नश्चोत्थाय गृहीतशुचिमृत्तिकः।
गन्धलेपक्षयकरं शौचं कुर्यादतन्द्रितः।।

अर्थात् ब्रह्ममुहूर्त (यानि सूर्योदय से पूर्व उषाकाल 3 बजे से 6 बजे) में उठकर परब्रह्म परमात्मा का चिन्तन करें। तत्पश्चात् एक बड़े लोटे में जल लेकर कान पर यज्ञोपवीत (जनेउ) को लपेटकर सिर को कपड़े से ढक के नैऋत्यदिशा (दक्षिण पश्चिम के बीच की दिशा) की ओर जा के दिन के संन्ध्या काल में हो तो उत्तर दिशा की ओर मुख कर घास अथवा अन्य पेड़-पौधे की आड़ में उकडू बैठकर मल मूत्र को त्यागना चाहिये। मल मूत्र त्यागते वक्त वाणी आदि इन्द्रियों को संयमित रखते हुये न थूकें और न ही श्वसन क्रिया करें। रात्री में यदि मल मूत्र त्यागना पड़े तो दक्षिण की ओर मुख कर उकडू बैठके त्यागें। प्राण बाधा (आपात समय), भय, छाया और घोर अन्धकार में, चाहे दिन हो या रात, अपनी सुविधा के अनुसार मल मूत्र त्याग कर सकते हैं (अर्थात् कोई नियम नही और कोई दोष नही)। मल मूत्र त्यागने के बाद गुप्तेन्द्रिय को पकड़े हुये उठे तत्पश्चात् शुद्ध मिट्टी (मुल्तानी मिट्टी) को हाथ में लेकर विना आलस्य के विधि के अनुसार हाथ आदि को शुद्ध कर लें।

हाथ आदि को शुद्ध करने की विधि मनु स्मृति आदि ग्रन्थों में इस प्रकार बतायी गयी है-

एका लिंगे गुदे पंच त्रिर्वामे दश चोभयोः।
द्विसप्त पादयोश्चैव गार्हस्थ्यं शौचमुच्यते।।
ततः षोडश गण्डूषान्प्रकुर्याद्द्वादशैव वा।
मूत्रोत्सर्गे तु गण्डूषानष्टौ वा चतुरो गृही।।

अर्थात् गुप्तेन्द्रिय पर एक बार, गुदा पर पांच बार, बायें हाथ पर तीन बार, दोनों हाथ पर दस बार और चौदह बार दोनों पैर पर मिट्टी लगाकर धोवें, उसके बाद बारह अथवा सोलह बार कुल्ला करें और केवल मूत्र मात्र का त्याग किया है तो चार या आठ बार कुल्ला करें- यह गृहस्थों केलिये नियम है। इसका दो गुणा ब्रह्मचारी, तीन गुणा वानप्रस्थी और चार गुणा हंस पर्यन्त संन्यासी को करना चाहिये। परमहंस आदि को कोई नियम नहीं है। उसके बाद नित्य स्नान करना है जिसका विधान इस प्रकार है-

आचम्य प्रयतः सम्यक् प्रातः स्नानं समाचरेत्।
स्नानादनन्तरं तावत्तर्पयेत्तीर्थदेवताः ।।
समुद्रगनदीस्नानमुत्तमं परिकीर्तितम् ।
वापीकूपतडागेषु मध्यमं कथितं बुधैः।।
गृहे स्नानं तु सामान्यं गृहस्थस्य प्रकीर्तितम्।

अर्थात् आचमन करके प्रयत्नपूर्वक बहुत अच्छी तरह स्नान करना चाहिये (जल्दबाजी में नहीं)। विद्वानों ने गृहस्थों केलिये समुद्र में विलीन होनेवाली नदी (गंगा, नर्मदा, कृष्णा, कावेरी आदि) में स्नान करना श्रेष्ठ; यमुना, गोदावरी, सरस्वती, गण्डकी आदि नदियां जो गंगा आदि में विलीन होती हैं उनमें स्नान करना मध्यम है तथा बड़ा कुआं, छोटा कुआं और तालाब में स्नान करना मध्यम; घर में निर्मित स्नानघर में स्नान करना सामान्य कहा है। यह नियम अन्य सभी केलिये भी समान ही है। घर में स्नान करने केलिये यह विशेष विधि है- सर्वप्रथम बाल्टी अथवा किसी बर्तन में पानी ग्रहण कर उसमें निम्न मन्त्र बोलते हुये

आवाहनी मुद्रा से श्रेष्ठ व पवित्र नदियों का आवाहन करें-

गंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वती।
नर्मदे सिन्धु कावेरी जलेऽस्मिन्सन्निधिं कुरु।।

तत्पश्चात् थोड़ा जल लोटे में लेकर जिस पाटे पर बैठके स्नान करना है उसपर और स्वयं पर छिड़कते हुये निम्न मन्त्र को बोलें-

अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थांगतोपि वा।
यः स्मरेत्पुंडरीकाक्षं स बाह्याभ्यन्तरः शुचिः।।
पुंडरीकाक्षः पुनातु, पुंडरीकाक्षः पुनातु, पुंडरीकाक्षः पुनातु।।

पाटे पर बैठके भगवन्नाम स्मरण करते हुये स्नान करें। स्नान करने के बाद स्नानांग तर्पण नदी/तालाब/कुआं/स्नानघर में ही करें। तत्पश्चात् अपने वर्ण व आश्रम के अनुसार वस्त्र पहनें। जैसे कि कहा है-

ततश्च वाससी शुद्धे शुक्ले च परिधाय च।
उत्तरीयं सदा धार्यं द्विजन्मना विजानता।।
उपविश्य शुचौ देशे प्राङ्मुखो वा उदङ्मुखः।
भूत्वा बद्धशिखः कुर्यादन्तर्जानुभुजद्वयम्।।
सपवित्रेण हस्तेन कुर्यादाचमनक्रियाम् ।
नोच्छिष्टं तत्पवित्रन्तु भुक्त्वोच्छिष्टं तु वर्जयेत्।।

अर्थात् स्नान क्रिया के पश्चात् शुद्ध व शुक्ल यानि पवित्र कपड़े पहनें, ब्राह्मण आदि सभी वैदिक परम्परा को ध्यान में रखते हुये उत्तरीय वस्त्र अवश्य धारण करें (छाती व कन्धा खुला न रहे, ढकें)। उसके बाद शिखा को बांधकर शुद्ध स्थान में पूर्वाभिमुख अथवा उत्तराभिमुख होकर सुखासन, सिद्धासन आदि किसी भी आसन में बैठें। कुशापाणि होकर(कुशा से बनी हुई पवित्री को धारण कर) आचमन करें। एक ही पवित्री को बार बार प्रयोग कर सकते हैं क्योंकि वह कभी अपवित्र (उच्छिष्ट) नहीं होती किन्तु पवित्री पहने हुये यदि भोजन किया है तो उस पवित्री का पुनः प्रयोग नही किया जा सकता। विना कुशा से निर्मित पवित्री पहने कर्म नहीं करना चाहिये क्योंकि मार्कण्डेय पुराण में कहा है कि-

कुशपाणिः सदा तिष्ठेद् ब्राह्मणो दम्भवर्जितः।
स नित्यं हन्ति पापानि तूलराशिरिवानलः।।

अर्थात् ढोंग को त्यागकर ब्राह्मण आदि को सदा कुशा निर्मित पवित्री पहने रहना चाहिये क्योंकि आग जैसे अनायास ही रूई को जलाती है वैसे वह (पवित्री) नित्य ही समस्त पापों को नष्ट कर देती है। तत्पश्चात् संन्ध्या करके पूजा करें।

4.4 कूर्मचक्र विधान :-

मन्दिर, घर, आदि किसी भी स्थान में कर्म या उपासना करने केलिये कूर्म चक्र पर दीप को स्थापित करने का विधान है। अतः कूर्मचक्र/कूर्मयन्त्र को जानना जरूरी है। शारदातिलक में कहा है-

दीपस्थानं समाश्रित्य कृतं कर्म फलप्रदं।
चतुरस्रां भुवं भित्त्वा कोष्ठानां नवके लिखेत्।।
पूर्वकोष्ठादि विलिखेत्सप्त वर्गाननुक्रमात्।
लक्षावीशे मध्यकोष्ठे स्वरान्युग्मक्रमाल्लिखेत्।।
दिक्षु पूर्वादितो यत्र ग्रामस्याद्यक्षरं भवेत्।
मुखं तत्तस्य जानीयाद्धस्तावुभयतः स्थितौ।।
कोष्ठे कुक्षी उभे पादौ द्वि शिष्टं पुच्छमीरितम्।
क्रमेणानेन विभजेन्मध्यस्थमपि भागतः।।

अर्थात् दीप को विशेष स्थान में स्थापित कर किया गया कर्म ही फल देता है। इसलिये कूर्मचक्र/कूर्मयन्त्र का निर्माण कर उस पर दीपक को स्थापित करना श्रेष्ठ कहा गया है। कूर्मचक्र निम्न प्रकार से बनाना है-

चित्र 3

<table>
<tr><td>8. ईशान
ल क्ष</td><td colspan="3">1. पूर्व
क ख ग घ ङ</td><td>2. आग्नेय
च छ ज झ ञ</td></tr>
<tr><td rowspan="3">7. उत्तर
श ष स ह</td><td>16. अं अः</td><td>9. अ आ</td><td>10. इ ई</td><td rowspan="3">3. दक्षिण
ट ठ ड ढ ण</td></tr>
<tr><td>15. ओ औ</td><td></td><td>11. उ ऊ</td></tr>
<tr><td>14. ए ऐ</td><td>13. ऌ ॡ</td><td>12. ऋ ॠ</td></tr>
<tr><td>6. वायव्य
य व र</td><td colspan="3">5. पश्चिम
प फ ब भ म</td><td>4. नैऋत्य
त थ द ध न</td></tr>
</table>

जिस गांव/शहर में आप रहकर अनुष्ठान करना चाहते हैं उसके नाम का पहला अक्षर जिस कोष्ठक में है उस कोष्ठक में कूर्म के मुख की भावना करें, जैसे कोई दिल्ली में अनुष्ठान करता है तो 4 संख्या कोष्ठक में मुख की भावना करें। उस 4 संख्या कोष्ठक के दाहिने बाये कोष्ठकों में यानि 3 व 5 में कूर्म के दोनों हाथों की यानि क्रमशः दाहिने व बायें हाथ की भावना करें। 6 व 2 में दोनों बगल की भावना करें। 7 व 1 में दोनों पैर की भावना करें। 8 में पूँछ की भावना करें और मध्य भाग में पेट की भावना करें। इसी प्रकार मध्य भाग (10 से 16) में स्थित अक्षरों से आरब्ध कर गांव के नाम के बारे में भी समझ लेना चाहिये। इस प्रकार की भावना से निर्मित कूर्म की पीठ पर दीपक को स्थापित करना चाहिये। अथवा अनुष्ठान कर्ता या जापक के नाम के पहले अक्षर से भी कूर्म को देख सकते हैं, जैसे कि तन्त्रराज में कहा है-

क्षेत्राधिपस्य नाम्ना हि दीपस्थानं विचारयेत्।
दीपस्थाने जपं कुर्याद्धोमादस्य फलं लभेत्।।
कूर्मस्थितिं विज्ञाय यो जपेदवधिस्थितः।
स प्राप्नोति फलान्युक्तान्यन्यथा नाशमेति च।।

क्षेत्राधिप यानि यजमान जो अनुष्ठान करना चाहता है अथवा जो जप करता है, उसके नाम के पहले अक्षर से भी कूर्म का विचार करें। उक्त प्रकार से निश्चित दीपस्थान यानि कूर्म चिन्तन कर स्थापित दीप के समक्ष बैठकर जप करके हवन करने से ही फल प्राप्त होता है। अन्यथा कर्म का नाश हो जायेगा।

4.5 स्थण्डिल का निर्माण :-

बौधायन मत और कात्यायनीय श्रौत सूत्र के अनुसार सभी कर्म हवनकुण्ड/ यज्ञकुण्ड में नहीं किये जा सकते हैं किन्तु विधि के अनुसार कुछ कर्म स्थण्डिल में ही करना होता है, जैसे कि माला संस्कार का अंगभूत हवन। हवनकुण्ड के अभाव में भी स्थण्डिल में हवन कर सकते हैं, जैसे कि कर्मप्रदीप में कहा है-

कुण्डवन्मेखलां कृत्वा योनिं कृत्वा ततः परं।
कुण्डाभावे तु होमाथ स्थण्डिलं चतुरस्रकम्।।

अर्थात् कुण्ड के अभाव में यजमान के अरत्नी बराबर चतुष्कोण आकार का पवित्र नदी की मिट्टी/रेत से स्थण्डिल का निर्माण करना है जिस पर कुण्ड के समान ही मेखला बनाकर उससे परे योनि को बनाना है। कर्मप्रदीप में ही कहा है कि-

अष्टांगुलसमुत्सेधं चतुर्विंशांगुलायतम्।
पन्नगास्तत्र सीदन्ति तदर्थं स्थण्डिलं भवेत्।।

अर्थात् जमीन के स्तर पर सर्प आदि जीव-जन्तु के विहार क्षेत्र है इसलिये 24 अंगुल लम्बा व चौडा और 8 अंगुल ऊंचे स्थण्डिल का निर्माण करना चाहिये। स्कन्द पुराण में स्थण्डिल निर्माण की दिशा आदि के बारे में कहा है कि-

तस्माच्चोत्तरपूर्वेण स्थण्डिलं हस्तमात्रकम्।
त्रिवप्रं चतुरस्रं च वितस्त्युच्छ्रायसंमितम्।।

अर्थात् ईशान कोण में एक हाथ लम्बा व चौड़ा, 3 मेखला युक्त चौकोर आकार का अधिक से अधिक एक बित्था ऊंचाई का स्थण्डिल निर्माण करें।

4.6 गौरीतिलकमण्डल का निर्माण :-

व्रतराज में कहा है कि -

गणपतिव्रते प्रोक्तं भद्रं वैनायकाभिधं।
देव्या व्रते गौरीभद्रं सूर्ये सूर्यस्य मण्डलम्।।
शैवे च लिंगतोभद्रं सर्वतोभद्रकं हरेः।
स्वस्वभद्रालाभके तु कार्यं वै हरिमण्डलम्।।

अर्थात् गणेशजी के व्रत आदि अनुष्ठान में विनायकभद्रमण्डल का निर्माण कर पूजा करनी चाहिये। देवी के व्रत आदि में गौरीभद्रमण्डल, सूर्य के व्रत आदि में सूर्यभद्रमण्डल, शिवजी के व्रत आदि में चार/आठ /बारह लिंगतोभद्रमण्डल और विष्णु के व्रत आदि में सर्वतोभद्रमण्डल के निर्माण का विधान है। तत्तद्देवता के भद्रमण्डल प्राप्त न हो (बना न सके) तब सर्वतोभद्रमण्डल का निर्माण करना चाहिये। प्रस्तुत ग्रन्थ देवी से संबंधित होने से यहां हम रुद्रयामल में वर्णित गौरीभद्रमण्डल जिसे

गौरीतिलकमण्डल और एकलिंगतोभद्रमण्डल नाम से भी जाना जाता है को दर्शा रहे हैं (रुद्रयामल 132-135)-

तिर्यगूर्ध्वगता रेखाः कार्याः स्निग्धास्त्रयोदश।
कोणेन्दुस्त्रिपदः कार्यः शृंखलास्त्रिपदाः स्मृताः।।
वल्ली तु त्रिपदा नीला भद्रं रक्तं प्रकल्पयेत्।
पदैर्द्वादशभिः स्पष्टमुत्तरे पूर्वदक्षिणे।।
पश्चिमायां महारुद्रमष्टाविंशतिकोष्ठकैः।
लिंगपार्श्वे तथा मूर्ध्नि अष्टौ कोष्ठाः सुपीतकाः।।
लिंगमेकं तथा गौर्यास्तिस्रः स्युरत्र मण्डले।
पूजयेन्मण्डलं चैतत्तस्य गौरी प्रसीदति।।

इस मण्डल को चित्र से स्पष्ट कर दिया गया है, कृपया चित्र सं. 25 को पृष्ठ संख्या 342 में देखें।

चित्र सं. 26, पृ. सं. 343 में- 1, 2, 3...आदि संख्या में अंकित क्रम से पूजन करें। पूर्वे- **ॐ नमः कृत्स्नायतया धावते सत्त्वानां पतये नमो नमः सहमानाय निव्याधिनऽआव्याधिनीनां पतये नमो नमो निषङ्गिणे ककुभाय स्तेनानां पतये नमो नमो निचेरवे परिचरायारण्यानां पतये नमः। ॐ भूर्भुवःस्वः असिताङ्गभैरवाय नमः, असिताङ्गभैरवमावाहयामि, स्थापयामि, पूजयामि, नमस्करोमि।।1।।** आग्नेये- **ॐ श्वित्रऽआदित्यानामुष्ट्रो घृणीवान् वार्ध्रीनसस्ते मत्या-ऽअरण्याय सृमरो रुरू रौद्रः क्वयिः कुटरुर्दात्यौहस्ते वाजिनां कामाय पिकः। ॐ भूर्भुवःस्वः रुरुभैरवाय नमः, रुरुभैरवमा., स्था., पू., न.।।2।।** दक्षिणे- **ॐ उग्रँल्लोहितेन मित्रꣳसौव्रत्येन रुद्रं दौर्व्रत्येनेन्द्रं प्रक्रीडेन मरुतो बलेन साध्यान्प्रमुदा। भवस्य कण्ठ्यꣳरुद्रस्यान्तः पार्श्व्यं महादेवस्य यकृच्छर्वस्य वनिष्ठुः पशुपतेः पुरीतत्। ॐ भूर्भुवःस्वः चण्डभैरवाय नमः, चण्डभैरवमावा., स्था., पू., न.।।3।।** नैर्ऋत्ये- **ॐ इन्द्रस्य क्रीडोऽअदित्यै पाजस्यन्दिशा ञ्जत्रवोऽअदित्यै भसज्जीमूता हृदयौपशेनान्तरिक्ष पुरीतता नभऽउदर्येण चक्रवाकौ मतस्नाभ्यान्दिवं वृकाभ्याङ्गिरीन्प्लाशिभिरुपलान्प्लीहान् वल्मीकान् क्लोमभिर्ग्लौभिर्गुल्मान् हिराभिः स्रवन्तीर्ह्रदान् कुक्षिभ्याꣳसमुद्रमुदरेण वैश्वानरं भस्मना। ॐ भूर्भुवःस्वः क्रोधभैरवाय नमः, क्रोधभैरवमावा.,**

स्था., पू., न.।।4।। पश्चिमे- ॐ उन्नतऽऋषभो वामनस्तऽऐन्द्रा-वैष्णवाऽउन्नत: शितिबाहु: शितिपृष्ठास्तऽऐन्द्राबार्हस्पत्या: शुकरूपा वाजिना: कल्माषाऽआग्निमारुता: श्यामा: पौष्णा:। ॐ भूर्भुव:स्व: उन्मत्तभैरवाय नम:, उन्मत्तभैरवमावा., स्था., पू., न.।।5।। वायव्ये- ॐ कार्षिरसि समुद्रस्य त्वा क्षित्याऽउन्नयामि। समापोऽ-अद्भिरग्मतसमोषधीभिरोषधी:। ॐ भूर्भुव:स्व: कपालभैरवाय नम:, कपालभैरवमावा., स्था., पू., न.।।6।। उत्तरे- ॐ उग्रश्च भीमश्च ध्वान्तश्च धुनिश्च। सासह्वाँश्चाभियुग्वा च विक्षिप: स्वाहा। ॐ भूर्भुव:स्व: भीषणभैरवाय नम:, भीषणभैरवमावा., स्था., पू., न.।।7।। ईशाने- ॐ नम: शम्भवाय च मयोभवाय च नम: शंकराय च मयस्कराय च नम: शिवाय च शिवतराय च। ॐ भूर्भुव:स्व: संहारभैरवाय नम:, संहारभैरवमावा., स्था., पू., न.।।8।। पुन: पूर्वादि क्रम से अष्ट नागदेवताओं का पूजन करें। पूर्वे- ॐ स्योना पृथिवी नो भवानृक्षरान्निवेशनी। यच्छान: शर्मसप्रथा:।। ॐ भूर्भुव:स्व: अनन्ताय नम:, अनन्तमावा., स्था., पू., न.।।9।। आग्नेये- ॐ देहि मे ददामि ते नि मे धेहि नि ते दधे। निहारञ्च हराणि मे निहारं निहराणि ते स्वाहा। ॐ भूर्भुव:स्व: वासुकये नम:, वासुकिमावा., स्था., पू., न.।।10।। दक्षिणे- ॐ नमस्तक्षभ्यो रथकारेभ्यश्च वो नमो नम: कुलालेभ्य: कर्मारेभ्यश्च वो नमो नमो निषादेभ्य: पुञ्जिष्ठेभ्यश्च वो नमो नम: श्वनिभ्यो मृगयुभ्यश्च वो नम:। ॐ भूर्भुव:स्व: तक्षकाय नम:, तक्षकमावा., स्था., पू., न.।।11।। नैर्ऋत्ये- ॐ पुरुषमृगश्चन्द्रमसोद गोधा कालका दार्वाघाटस्ते वनस्पतीनां कृकवाकु: सावित्रो हꣳसो वातस्य नाक्रो मकर: कुलीपयस्तेऽकूपारस्य ह्रियै शल्यक:। ॐ भूर्भुव: स्व: कुलिशाय नम:, कुलिशमावा., स्था., पू., न.।।12।। पश्चिमे- ॐ सोमाय कुलङ्गऽआरण्योऽजो नकुल: शका ते पौष्णा: क्रोष्टा मायोरिन्द्रस्य गौरमृग: पिद्वो न्यङ्कु: कुक्कुटस्तेऽनुमस्यै प्रतिश्रुत्कायै चक्रवाक:। ॐ भूर्भुव:स्व: कर्कोटकाय नम:, कर्कोटकमावा., स्था., पू., न.।।13।। वायव्ये- ॐ अग्निर्ऋषि: पवमान: पांचजन्य: पुरोहित:। तमीमहे महागयम्। उपयाम गृहीतोऽस्यग्नये त्वा वर्चसऽएष ते योनिरग्नये त्वा वर्चसे। ॐ भूर्भुव: स्व: शंखपालाय नम:, शंखपालमावा., स्था., पू., न.।।14।।

उत्तरे- ॐ सीसेन तन्त्रं मनसा मनीषिणऽऊर्णासूत्रेण कवयो वयन्ति। अश्विना यज्ञ॰सविता सरस्वतीन्द्रस्य रूपं वरुणो भिषज्यन्। ॐ भूर्भुवःस्वः कम्बलाय नमः, कम्बलमावा., स्था., पू., न.।।15।। ईशाने- ॐ अश्वस्तूपरो गोमृगस्ते प्राजापत्याः कृष्णग्रीवऽआग्नेयो रराटे पुरस्तात्सारस्वती मेष्यधस्ताद् धन्वोराश्विनावधोरामौ बाह्वोः सौमापौष्णः श्यामो नाभ्या॰सौर्यामौ श्वेतश्च कृष्णश्च पार्श्वयोस्त्वाष्ट्रौ लोमशसक्थौ सक्थ्योर्वायव्यः श्वेतः पुच्छऽइन्द्राय स्वपस्याय वेहद्वैष्णावो वामनः। ॐ भूर्भुवःस्वः अश्वतराय नमः, अश्वतरमावा., स्था., पू., न.।।16।। ईशानादिदिगन्तरालों में देवताओं का पूजन करें। ईशान पूर्व मध्ये- ॐ नमः श्वभ्यः श्वपतिभ्यश्च वो नमो नमो भवाय च रुद्राय च नमः शर्वाय च पशुपतये च नमो नीलग्रीवाय च शितिकण्ठाय च। ॐ भूर्भुवःस्वः शूलिने नमः, शूलिनमावा., स्था., पू., न.।।17।। पूर्व अग्नि मध्ये- ॐ चन्द्रमा मनसो जातश्चक्षोः सूर्योऽअजायत। श्रोत्राद्वायुश्च प्राणश्च मुखादग्निरजायत। ॐ भूर्भुवःस्वः चन्द्रमौलिने नमः, चन्द्रमौलिनमावा., स्था., पू., न.।।18।। अग्नि यम मध्ये- ॐ आशुः शिशानो वृषभोन भीमो घनाघनः क्षोभणश्चर्षणीनाम्। संक्रन्दनो निमिषऽएकवीरः शत॰सेनाऽजयत्साकमिन्द्रः।। ॐ भूर्भुवःस्वः वृषभध्वजाय नमः, वृषभध्वजमावा., स्था., पू., न०।।19।। यम निर्ऋति मध्ये- ॐ सुगावो देवाः सदनाऽअकर्मय-ऽआजग्मेद॰सवनं जुषाणाः। भरमाणा वहमाना हवी॰ष्यस्मे धत्त वसवो वसूनि स्वाहा।। ॐ भूर्भुवः स्वः त्रिलोचनाय नमः, त्रिलोचन-मावा., स्था., पू., न.।।20।। निर्ऋति वरुण मध्ये- ॐ रुद्राः स॰सृज्य पृथिवीं बृहज्ज्योतिः समीधिरे। तेषां भानुरजस्रऽइच्छुक्रो देवेषु रोचते।। ॐ भूर्भुवःस्वः शक्तिधराय नमः, शक्तिधरमावा., स्था., पू., न.।।21।। वरुण वायु मध्ये- ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्। उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात्।। ॐ भूर्भुवःस्वः महेश्वराय नमः, महेश्वरमावा., स्था., पू., न.।।22।। वायु सोम मध्ये- ॐ या वां कशा मधुमत्यश्विना सूनृतावती। तया यज्ञं मिमिक्षतम्। ॐ भूर्भुवःस्वः शूलपाणये नमः, शूलपाणिमावा., स्था., पू., न.।।23।। सोम ईशान मध्ये- ॐ चन्द्रमाऽप्स्वन्तरा सुपर्णो धावते दिवि। रयिं पिशङ्गं बहुलं पुरुस्पृह॰हरिरेति कनिक्रदत्।।

ॐ भूर्भुवःस्वः महादेवाय नमः, महादेवमावा., स्था., पू., न.।।24।। अब परिधि और शृंखलाओं में पूजन करें। परिधौ- **ॐ भूर्भुवःस्वः परिधये नमः, परिधिमावा., स्था., पू., न.।।25।।** परिधिसमन्तात्- **ॐ भूर्भुवःस्वः चतुः पुरिभ्यो नमः, चतुःपुरीरावा., स्था., पू., न0।।26।।** आग्नेयकोणस्थशृंखलायां- **ॐ अग्निमीळे पुरोहितं यज्ञस्य देवमृत्विजम्। होतारं रत्नधातमम्। ॐ भूर्भुवःस्वः ऋग्वेदाय नमः, ऋग्वेदमावा., स्था., पू., न.।।27।।** नैर्ऋत्यकोणस्थशृंखलायां- **ॐ इषेत्वोर्जेत्वा वायवस्थ देवो वः सविता प्रार्थयतु श्रेष्ठतमाय कर्मणऽआप्यायध्वमघ्न्याऽइन्द्राय भागम्प्रजावतीरनमीवाऽयक्ष्मामा-वस्तेन ईशत माद्यश्ठसोद्ध्रुवाऽअस्मिन्गौपतौ स्यात् बह्वीर्यजमानस्य पशून्पाहि। ॐ भूर्भुवःस्वः यजुर्वेदाय नमः, यजुर्वेदमावा., स्था., पू., न.।।28।।** वायव्यकोणस्थशृंखलायां- **अग्न आयाहि वीतये गृणानो हव्य दातये। निहोता सत्सि बर्हिषि। ॐ भूर्भुवःस्वः सामवेदाय नमः, सामवेदमावा., स्था., पू., न.।।29।।** ईशानकोण-स्थशृंखलायां- **ॐ शन्नो देवीरभिष्टयऽआपो भवन्तु पीतये। शंयोर-भिस्रवन्तु नः। ॐ भूर्भुवः स्वः अथर्ववेदाय नमः, अथर्ववेदमावा., स्था., पू., न.।।30।।** तत्पश्चात् पूर्वादि क्रम से वापियों में पूजन करें। पूर्वे- **ॐ नमः श्वभ्यः श्वपतिभ्यश्च वो नमो नमो भवाय च रुद्राय च नमः शर्वाय च पशुपतये च नमो नीलग्रीवाय च शितिकण्ठाय च। ॐ भूर्भुवःस्वः भवसहितभवान्यै नमः, भवसहित-भवानीमावा., स्था., पू., न.।।31।।** आग्नेये- **ॐ अग्निश्ठ-हृदयेनाशनिश्ठहृदयाग्रेण पशुपतिं कृत्स्नहृदयेन भवं यक्ना। शर्वं मतस्नाभ्यामीशानं मन्युना महादेवमन्तः पर्शव्येनोग्रं देवं वनिष्टुना वसिष्ठहनुः शिङ्गीनि कोश्याभ्याम्। ॐ भूर्भुवःस्वः शर्वसहित-शर्वाण्यै नमः, शर्वसहितशर्वाणीमा., स्था., पू., न.।।32।।** दक्षिणे- **ॐ उग्रँल्लोहितेन मित्रश्ठसौव्रत्येन रुद्रं दौर्व्रत्येनेन्द्रं प्रक्रीडेन मरुतो बलेन साध्यान्प्रमुदा। भवस्य कण्ठ्यश्ठरुद्रस्यान्तः पार्श्व्यं महादेवस्य यकृच्छर्वस्य वनिष्ठुः पशुपतेः पुरीतत्। ॐ भूर्भुवः स्वः पशुपतिसहितपाशुपत्यै नमः, पशुपतिसहितपाशुपतीमा., स्था., पू., न.।।33।।** नैर्ऋत्ये- **तमीशानञ्जगतस्तस्थुषस्पतिन्धियञ्जिन्वमसे हूमहे वयम्। पूषानो यथा वेदसामसद्वृधे रक्षितापायुरदब्धः**

स्वस्तये। ॐ भूर्भुवः स्वः ईशानसहितेशान्यै नमः, ईशानसहिते- शानीमावा., स्था., पू., न.।।34।। पश्चिमे- **ॐ उग्रश्च भीमश्च दृध्वान्तश्च धुनिश्च। सासह्वाँश्चाभियुग्वा च विक्षिपः स्वाहा। ॐ भूर्भुवःस्वः उग्रसहितोग्रायै नमः, उग्रसहितोग्रामावा., स्था., पू., न. ।।35।।** वायव्ये- **ॐ नमस्ते रुद्र मन्यवऽउतो तऽइषवे नमः। बाहुभ्यामुत ते नमः। ॐ भूर्भुवःस्वः रुद्रसहितरुद्राण्यै नमः, रुद्रसहितरुद्राणीमावा., स्था., पू., न.।।36।।** उत्तरे- **ॐ वेदाहमेतं पुरुषं महान्तमादित्यवर्णन्तमसः परस्तात्। तमेव विदित्वाऽतिमृत्युमेति नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय। ॐ भूर्भुवःस्वः भीमसहितभीमायै नमः, भीमसहितभीमामावा., स्था., पू., न.।।37।।** ईशाने- **ॐ मा नो महान्तमुत मा नोऽअर्भकं मा नऽउक्षन्तमुत मा नऽउक्षितम्। मा नो वधीः पितरं मोत मातरं मा नः प्रियास्तन्वो रुद्र रीरिषः। ॐ भूर्भुवःस्वः महत्सहितमहत्यै नमः, महत्सहितमहतीमावा.,** स्था., पू., न.।।38।।

5. मुद्रा प्रकरणम्

आवाहनादि कर्म की मुद्राओं पर विचार :-

तन्त्रसार में मुद्रा की विशेषता को इस प्रकार बताया है-

मोदनात्सर्वदेवानां द्रावणात्पापसंहतेः।
तस्मान्मुद्रेति सा ख्याता सर्वकामार्थसाधिनी।।

अर्थात् समस्त देवताओं को आनन्दित करने से और पापों को दूर भगाने से उसे मुद्रा कहा गया, जो सकल कामनाओं को प्रदान करती है। शारदातिलक और तन्त्रसार में पूजा, अर्चना व होम आदि में उपयोगी 27 मुद्राओं तथा केवल श्रीयन्त्रपूजा में प्रयुक्त 10 विशेष मुद्राओं का वर्णन किया है। क्रम से उनके लक्षण आदि के बारे में इस प्रकार बताया है-

आवाहनादिका मुद्राः प्रवक्ष्यामि यथाक्रमम्।
याभिर्विरचिताभिस्तु मोदन्ते सर्वदेवताः।। (शा.ति. 23.106)

अर्थात् जिस क्रम से प्रयोग करना पड़ता है उसी क्रम से मैं आवाहनी आदि मुद्राओं का वर्णन करूंगा जिनके प्रदर्शन मात्र से सभी देवता प्रसन्न होते हैं।

(5.1) आवाहनी मुद्रा-

सम्यक्संपूरितः पुष्पैः कराभ्यां कल्पितोऽजलिः।

आवाहनी समाख्याता मुद्रा देशिकसत्तमैः।।(23.107)

अर्थात् श्रेष्ठ विद्वानों ने पुष्पों से परिपूर्ण करकमलों के अंगूठे को मध्यमा अंगुलि के मूल में स्थापित कर अपने वक्षस्थल के सामने ऊर्ध्वमुख धारण करने को आवाहनी मुद्रा नाम दिया है।

(5.2) स्थापनी मुद्रा-

अधोमुखी कृता सैव प्रोक्ता स्थापनकर्मणि। (23.108)

अर्थात् आवाहन करने के पश्चात् पुष्पों को उस स्थान पर डालें जहां आपने देवता को स्थापित करना है और अंगुलियों को वैसे ही रखते हुये केवल करकमलों को उल्टा कर अधोमुख धारण करने को स्थापनी मुद्रा कहा गया है।

(5.3) सन्निधापिनी मुद्रा-

आश्लिष्टमुष्टियुगला प्रोन्नतांगुष्ठयुग्मका।

सन्निधाने समुद्दिष्टा मुद्रेयं तन्त्रवेदिभिः।। (23.109)

अर्थात् अंगूठों को बाहर की ओर फैलाकर बाकी अंगुलियों से मुट्ठी बांधके दोनों मुट्ठियों को जोड़कर दर्शाने को सन्निधापिनी मुद्रा कहा गया है।

(5.4) सन्निरोधिनी मुद्रा-

अंगुष्ठगर्भिणी सैव सन्निरोधे समीरिता।। (23.109)

अर्थात् अंगूठों को भीतर की ओर बन्द करके बाकी अंगुलियों से उस पर मुट्ठी बांधके दोनों मुट्ठियों को जोड़कर सामने दर्शाने को सन्निरोधिनी मुद्रा कहा गया है।

(5.5) सम्मुखीकरणी मुद्रा-

उत्तानौ द्वौ कृतौ मुष्टी सम्मुखीकरणी स्मृता। (23.110)

अर्थात् पूर्ववत् अंगुठों को भीतर की ओर बन्द करके बाकी

अंगुलियों से उस पर मुट्ठी बांधके दोनों मुट्ठियों को जोड़कर ऊपर उठाकर अपने सम्मुख कर धारण करने को सम्मुखीकरणी मुद्रा कहते है।

(5.6) अवगुण्ठन मुद्रा–

सव्यहस्तकृता मुष्टिर्दीर्घाधोमुखतर्जनी।।
अवगुण्ठनमुद्रेयमभितो भ्रामिता सती। (23.111)

अर्थात् बायें हाथ में दाहिनी मुट्ठी को रखकर तर्जनी अंगुलि को सामने व नीचे की ओर झुकाकर तर्जनी अंगुलि को दोनों ओर घुमाने को अवगुण्ठन मुद्रा कहते है।

(5.7) धेनु मुद्रा–

अन्योन्याभिमुखाश्लिष्टे कनिष्ठानामिके पुनः।।
तथा च तर्जनीमध्या धेनुमुद्रा समीरिता।
अमृतीकरणं कुर्यात्तया देशिकसत्तमः।। (23.112)

अर्थात् दोनों हाथों की कनिष्ठा और अनामिका अंगुलियों को आमने–सामने जोड़कर मध्यमा से अंगुठों को ढ़कके तर्जनी अंगुलियों को आपस में जोड़कर धारण करना धेनु मुद्रा है। श्रेष्ठ साधक को उससे यानि धेनु मुद्रा से देवता के समक्ष रखे प्रसाद, भोग के अमृत होने की भावना करनी चाहिये।

(5.8) महा मुद्रा–

महामुद्रेयमुदिता परमीकरणे बुधैः। (23.114)

अर्थात् विद्वानों ने धेनु मुद्रा को पवित्रीकरण केलिये प्रयोग करने पर महामुद्रा कहा है। केवल भावना में अन्तर करना है।

(5.9) कुम्भ मुद्रा–

दक्षांगुष्ठे परांगुष्ठे क्षिप्त्वा हस्तद्वयेन च।
सावकाशमेकमुष्टिं कुर्यात्सा कुम्भमुद्रिका।। (तं सा)

अर्थात् दाहिने व बायें अंगूठे को दोनों हाथों की अन्य अंगुलियों सहित ऊपर की ओर थोड़ा फैलाकर आपसमें घड़े के आकार में मिलाके धारण करें इसे कुम्भ मुद्रा कहते हैं।

(5.10) कूर्म मुद्रा-

वामहस्ते च तर्जन्यां दक्षिणस्य कनिष्ठिका।
तथा दक्षिणतर्जन्यां वामांगुष्ठं नियोजयेत्।।
उन्नतं दक्षिणांगुष्ठं वामस्य मध्यमादिका:।
अंगुलीर्योजयेत्पृष्ठे दक्षिणस्य करस्य च।।
दक्षस्य पितृतीर्थेन मध्यमानामिके तथा।
अधोमुखे च ते कुर्याद्दक्षिणस्य करस्य च।।
कूर्मपृष्ठसमं कुर्याद्दक्षपाणिं च सर्वत:।
कूर्ममुद्रेयमाख्याता देवताध्यानकर्मणि।। (तं सा)

अर्थात् बायें हाथ की तर्जनी पर दाहिने हाथ की कनिष्ठिका को रखें तथा दाहिने हाथ की तर्जनी पर बायें हाथ का अंगूठा रखें और दाहिने हाथ के अंगूठे को उठाये हुये बायें हाथ की मध्यमा आदि शेष अंगुलियों को दाहिने हाथ के पृष्ठ भाग पर स्थापित करके दाहिने हाथ की मध्यमा व अनामिका को दाहिने हाथ के ही नीचे की ओर इस प्रकार मोड़ें ताकि कछुवे की पीठ जैसे दिखे, इसे कूर्म मुद्रा कहते हैं जो देवताओं के ध्यान कर्म में उपयोगी है।

(5.11) अस्त्र मुद्रा-

दक्षस्य तर्जनी मध्ये सव्ये करतले क्षिपेत्।
अभिघातेन शब्द: स्यादस्त्रमुद्रा समीरिता।। (तं सा)

अर्थात् दाहिने हाथ की तर्जनी और मध्यमा से बायें हाथ के तल भाग पर आघात द्वारा शब्द उत्पन्न करने को अस्त्र मुद्रा कहते हैं।

(5.12) मत्स्य मुद्रा-

दक्षपाणे: पृष्ठदेशे वामपाणितलं न्यसेत्।
अंगुष्ठौ चालयेत्सम्यङ् मुद्रेयं मत्स्यरूपिणी।। (तं सा)

अर्थात् दाहिने हाथ के पृष्ठ भाग पर बायें हाथ के तल भाग को स्थापित करके दोनों अंगुठों को फैलाकर ऊपर नीचे अच्छी तरह से हिलायें, इसे मत्स्य मुद्रा कहते हैं।

(5.13) शंख मुद्रा-

वामांगुष्ठन्तु संगृह्य दक्षिणेन तु मुष्टिना।
कृत्वोत्तानं ततो मुष्टिमंगुष्ठं तु प्रसारयेत्।।
वामांगुल्यस्तथा श्लिष्टाः संयुताः सुप्रसारिताः।
दक्षिणांगुष्ठसंस्पृष्टा ज्ञेयैषा शंखमुद्रिका।।(तं सा)

अर्थात् दाहिनी मुट्ठी में बायें अंगूठे को पकड़ कर दाहिने अंगूठे को ऊपर की ओर खड़ा रखके बायें हाथ की आपस में जुड़ी हुयी शेष अंगुलियों से दाहिने अंगूठे को स्पर्श करके धारण करने को शंख मुद्रा कहते हैं।

(5.14) योनि मुद्रा- (सामान्य)

मध्यमे कुटिले कृत्वा तर्जन्युपरि संस्थिते।
अनामिके मध्यगते तथैव हि कनिष्ठिके।।
सर्वा एकत्र संयोज्या अंगुष्ठपरिपीडिताः।
एषा तु प्रथमा मुद्रा योनिमुद्रेति संज्ञिता।। (तं सा)

अर्थात् दोनों हाथों की मध्यमा अंगुलियों को थोड़ा टेढ़ा करके तर्जनी अंगुलियों पर रखें और अनामिका एवं कनिष्ठिका अंगुलियों को भी उसी प्रकार परस्पर एक दूसरे के ऊपर रखते हुये भीतर की ओर करके सब को अंगूठों से दबाकर एकत्र धारण करने को सर्वश्रेष्ठ योनि मुद्रा कहा गया है।

(5.15) प्रार्थना मुद्रा-

प्रसृतांगुलिकौ हस्तौ मिथः श्लिष्टौ च संमुखौ।
कुर्यात्स्वे हृदये सेयं मुद्रा प्रार्थनसंज्ञिका।।(तं सा)

अर्थात् दोनों हाथों की अंगुलियों को आमने-सामने जोड़कर अपने हृदय के समक्ष ऊर्ध्वमुखी धारण करने को प्रार्थना मुद्रा नाम से कहा गया है।

(5.16) पंकज मुद्रा-

संमुखी कृत्य हस्तौ द्वौ किंचित्संकुचितांगुली।
मुकुली तु समाख्याता पंकजा प्रसृतैव सा।। (तं सा)

अर्थात् दोनों हाथों को सामने करके अंगुलियों को मुकुल के समान फैलाते हुये थोड़ा संकुचित कर धारण करने को पंकजमुद्रा नाम से कहा गया है।

(5.17) मृगी मुद्रा–

मृगी कनिष्ठतर्जन्यौ यदि मुक्ते तदा भवेत्। (तं सा)

अर्थात् कनिष्ठा और तर्जनी जब बाहर की ओर खुली हों तथा अंगूठा, मध्यमा और अनामिका के अग्र भाग जुड़े हों तो उसे मृगी मुद्रा कहते हैं। जिसे न्यासों और हवन आदि में प्रयोग किया जाता है।

(5.18) ज्ञान मुद्रा–

तर्जन्यंगुष्ठौ सक्तावग्रतो विन्यसेदूर्ध्वं।।
वामहस्ते भुजं वामजानुमूर्ध्नि विन्यसेत्।
ज्ञानमुद्रा भवेदेषा, (तं सा)

अर्थात् दोनों हाथों के अंगूठे व तर्जनी के अग्र भाग को स्पर्श कर दोनों घुटनों के ऊपर आकाश की ओर करके स्थापित करें, यह ज्ञान मुद्रा है।

(5.19) चिन्मुद्रा–

चिन्मुद्रा भवेदेवैषा।
तर्जन्यंगुष्ठौ सक्तावग्रतो विन्यसेदधः।।
वामहस्ते भुजं वामजानुमूर्ध्नि विन्यसेत्। (तं सा)

अर्थात् दोनों हाथों के अंगूठे व तर्जनी एक दूसरे के अग्रभाग को स्पर्श कर दोनों घुटनों पर नीचे पृथिवी की ओर करके स्थापित करें, यह चिन्मुद्रा है।

(5.20) स्वरोदय मुद्रा –

अंगुष्ठौ सरलौ कृत्वा हस्तौ संश्लिष्य च शेषैः।
पाणितलं स्पृशेन्मुद्रा स्वरोदयेति ज्ञेया सा।। (तं सा)

अर्थात् दोनों हाथों को परस्पर जोड़कर अंगुठों को सीधे रखते हुये शेष अंगुलियों से करतल को मुट्ठीनुमा स्पर्श करें, यह स्वरोदय मुद्रा है।

(5.21) चतुरस्र मुद्रा–

उभे पाणितले स्पृष्टे दक्षांगुलीर्बहिर्वामे।

वामांगुलीर्बहिर्दक्षे एषा चतुरस्र मुद्रा।। (तं सा)

अर्थात् दोनों करतालों को एक दूसरे के ऊपर रख कर दाहिने हाथ की अंगुलियों को बायीं ओर बाहर करें और बायीं हाथ की अंगुलियों को दाहिनी ओर बाहर करें, यह चतुरस्र मुद्रा है।

(5.22) मुष्टिक मुद्रा–

बहिर्मुष्टिः कृत्वा दक्षं वामोपरि स्थापयेच्च।

मुष्टिकमुद्रैषा तथा दर्शयेदधिकारन्तु।। (तं सा)

अर्थात् अंगूठे को बाहर कर मुट्ठी बांधके बायीं मुट्ठी पर दाहिनी मुट्ठी को स्थापित करें। यह अधिकार को दर्शानेवाली मुष्टिक मुद्रा है।

(5.23) सौभाग्यदण्डिनी मुद्रा–

वामकरबहिर्मुष्टिं वामतर्जनीं सरलां।

कृत्वा समीयेद्वामके सौभाग्यदण्डिनी मुद्रा।। (तं सा)

अर्थात् बायें हाथ की मध्यमा, अनामिका और तर्जनी अंगुलियों से बाये करतल को स्पर्श कर मुट्ठी बनायें और उस पर अंगूठे को रखकर तर्जनी को बाहर की ओर सीधा करें, यह सौभाग्यदण्डिनी मुद्रा है।

(5.24) ऋजुग्रीवा मुद्रा–

वामान्तर्मुष्टिं च कृत्वा तर्जनीं सरलां कुर्यात्।

भवेदेषा ऋजुग्रीवा मुद्रा सर्वकर्मफला।। (तं सा)

अर्थात् बायें हाथ के अंगूठे से कनिष्ठा के मूल को स्पर्श करें व तर्जनी को बाहर की ओर सीधा रखते हुये शेष अंगुलियों से अंगूठे को ढक दें, यह सर्वकर्मफलदायिनी ऋजुग्रीवा मुद्रा है।

(5.25) गालिनी मुद्रा–

कनिष्ठांगुष्ठकौ सक्तौ करयोरितरेतरम्।

तर्जनीमध्यमानामा संहता भुग्नवर्जिता।।

मुद्रैषा गालिनी प्रोक्ता शंखतोयविशोधने। (तंसा)

अर्थात् दोनों हाथों के अंगूठे और कनिष्ठा को परस्पर स्पर्श कराते हुये शेष अंगुलियों को विना टेढ़ा किये विपरीत क्रम से एक दूसरे के ऊपर रखें, यह गालिनी मुद्रा है जिसे शंख के जल के शोधन में प्रयोग किया जाता है।

(5.26) तत्त्व मुद्रा-

अंगुष्ठानामिका योगात्तत्त्वमुद्रा प्रकीर्तिता। (तंसा)

अर्थात् दोनों हाथों के अंगूठे से अनामिका के अग्रभाग को स्पर्श करें, यह तत्त्वमुद्रा नाम से कही गयी है।

(5.27-1) नैवेद्य को (भोग लगाने) अर्पण करने में प्रयुक्त 7 मुद्राओं का अब क्रम से वर्णन कर रहे हैं।

प्राण मुद्रा-

अंगुष्ठेन समायुक्ता कनिष्ठानामिका तथा।
प्राणमुद्रा समाख्याता प्राणहवनकर्मणि।।(तंसा)

अर्थात् अंगूठे से अनामिका और कनिष्ठा का स्पर्श करें व तर्जनी और मध्यमा को बाहर की और सीधा रखें, यह प्राण मुद्रा नाम से प्रसिद्ध है जिसका प्रयोग प्राण को आहुति देने के कर्म में होता है।

(5.27-2) व्यान मुद्रा-

तथाऽनामिकामध्यमा।
अंगुष्ठेन समायुक्ता नियुक्ता व्यान होमके।। (तंसा)

अर्थात् अंगूठे से अनामिका और मध्यमा का स्पर्श करें तथा कनिष्ठिका और तर्जनी को बाहर की ओर सीधा रखें, यह व्यान मुद्रा है जिसका प्रयोग व्यान को आहुति देने के कर्म में होता है।

(5.27-3) अपान मुद्रा-

तर्जनीमध्यमांगुष्ठै स्त्रिभिरेकीकृतं यदा।
स्यादपानाहुतौ मुद्रा (तंसा)

अर्थात् अंगूठे से तर्जनी और मध्यमा का स्पर्श करें व अनामिका और तर्जनी को बाहर की ओर सीधा रखें, यह अपान मुद्रा है जिसका प्रयोग अपान को आहुति देने के कर्म में होता है।

(5.27-4) समान मुद्रा-

सर्वाभिः संस्पृष्टा मुद्रा समानाहुतिकर्मणि।। (तंसा)

सभी अंगुलियों के अग्रभाग को परस्पर स्पर्श करें, यह समान मुद्रा है जिसका प्रयोग समान को आहुति देने के कर्म में होता है।

(5.27-5) उदान मुद्रा-

निष्कनिष्ठेन या मुद्रा सोदानहवने स्मृता।

अर्थात् कनिष्ठा को छोड़कर शेष अंगुलियों के अग्रभाग का आपस में स्पर्श करें, यह उदान मुद्रा है जिसका प्रयोग उदान को आहुति देने के कर्म में होता है।

(5.27-6) ब्रह्मार्पण मुद्रा-

नेत्रयोर्मीलनं कृत्वा देवता ध्यानपुरःसरं।
निम्ने सम्मुखे सर्वाभिः पृथक्स्पृष्टा धारिता तथा।
नैवेद्यसमर्पणे या मुद्रा सा च ब्रह्मार्पणा।। (तंसा)

अर्थात् आँखें बन्द करके देवता का ध्यान करते हुये अपने घुटनों के सामने दोनों हाथों की सभी अंगुलियों को ऊपर की ओर खुला रखें, यह ब्रह्मार्पण मुद्रा है जिसका प्रयोग नैवेद्य को समर्पण करने में होता है।

(5.27-7) ग्रास मुद्रा-

अंगुलयः कुटिली भूता विरलाग्रा परस्परम्।
ग्रासमुद्रा समाख्याता ह्यन्नं पाणौ नियोजिता।। (तंसा)

अर्थात् दाहिने हाथ की सभी अंगुलियों को थोड़ा टेढ़ा करें व परस्पर दूर रखें और उसमें अन्न को ग्रहण करने की भावना करें, यह ग्रास मुद्रा है जिसका प्रयोग देवता को भोजन खिलाने केलिये होता है।

अब केवल **श्रीयन्त्र** की पूजा में प्रयुक्त 10 विशेष मुद्राओं का लक्षण बता रहे हैं।

(5.28-1) सर्वसंक्षोभिणी मुद्रा-

कनिष्ठाऽनामिकामध्या नखैरन्योन्यसंगताः।

कृत्वाऽङ्गुष्ठौ कनिष्ठाग्रौ प्राक्कुर्याच्च तर्जनी।।

सर्वसंक्षोभिणीमुद्रा त्रैलोक्यक्षोभकारिणी। (तंसा)

अर्थात् दोनों हाथों की कनिष्ठा, अनामिका और मध्यमा अंगुलियों के नाखूनों से एक दूसरे का स्पर्श करें व दोनों अंगुठों को कनिष्ठा पर स्थित करके तर्जनी को बाहर की ओर सीधा रखें, यह संक्षोभिणी मुद्रा है जो तीनों लोकों को संक्षुब्ध करती है।

(5.28-2) सर्वविद्राविणी मुद्रा

एतस्या मध्यमे देवि तर्जनीवत्कृते सती।।

सर्वविद्राविणी मुद्रा सर्वासामपि योषिताम्। (तंसा)

अर्थात् सर्वसंक्षोभिणी मुद्रा में ही मध्यमा अंगुलियों को भी तर्जनी के समान बाहर की ओर सीधा रखें, यह सर्वविद्राविणी मुद्रा है जो समस्त स्त्रियों को द्रवीभूत करती है।

(5.28-3) सर्वाकर्षिणी मुद्रा

ताभ्यामंकुशरूपाभ्यां संश्लिष्टाकर्षिणी मता।। (तंसा)

अर्थात् उन्हीं दोनों यानि मध्यमा और तर्जनी को अंकुश के आकार में संश्लिष्ट रखें, यह सर्वाकर्षिणी मुद्रा है जो सभी को आकर्षित करती है।

(5.28-4) सर्ववश्यंकरी मुद्रा-

परिवृत्तांगुलीकृत्वा नखाश्लिष्टतरौ करौ।

अंगुष्ठतर्जनीश्लिष्टौ सर्ववश्यंकरी मता।। (तंसा)

अर्थात् अंगुलियों (मध्यमा अनामिका कनिष्ठिका) को अन्दर की ओर इस प्रकार आपस में बांधते हुये मोड़ें कि उनके नाखूनों का आपस में स्पर्श न हो और अंगूठा व तर्जनी आपस में श्लिष्ट हो, यह सर्ववश्यंकरी मुद्रा है जो संपूर्ण जगत को अपने वश में कर देती है।

(5.28-5) सर्वोन्मादिनी मुद्रा

करौ तु प्रसृतौ कृत्वा व्यत्यस्तौ तत्कनिष्ठिके।

तदग्राश्लेषतो भुग्ने मध्यमानामिके ऋजू।।

सम्मुखौ तु करौ कृत्वा मध्यमामध्यमेऽन्त्यजे।
अनामिके तु सरले तद् बहिस्तर्जनीद्वयम्।।
दण्डाकारौ ततोऽगुष्ठौ मध्यमानखदेशगौ।
एषोन्मादिनी मुद्रा सर्वोन्मादनकारिणी।। (तंसा)

अर्थात् दोनों हाथ सामने फैला कर कनिष्ठिकाओं को इस प्रकार व्यत्यस्त करें कि उनके अग्रभाग परस्पर स्पर्श न करते हुये मुड़े रहे और मध्यमा व अनामिका को सीधा धारण करें। अंगुठों को दण्डाकार कर दोनों मध्यमा के निचले पर्व के निकट स्थित करें और अंगुठों पर तर्जनियों को मोड़कर ढकें, यह सर्वोन्मादिनी मुद्रा है जो सभी को आपके प्रति मोहित कर देगी।

(5.28-6) सर्वमहांकुशा मुद्रा-

अन्या त्वनामिके भुग्ने तर्जन्यौ वांकुशाकृती।
एषो महांकुशा मुद्रा स्तम्भनाकर्षकारिणी।। (तंसा)

अर्थात् दोनों अनामिकाओं और दोनों तर्जनियों को नीचे की ओर झुकाकर अंकुश के रूप में धारण करें, मध्यमा को सीधे में थोड़ा अंकुशाकार में मोड़ें और कनिष्ठिका को सीधा रखें, यह सर्वमहांकुशा मुद्रा है जो सभी को क्षुब्ध और आकर्षित करती है।

(5.28-7) सर्वखेचरी मुद्रा-

वामदक्षकरौ सम्यग्विन्यसेत्कूर्परौ ततः।
मणिबन्धौ च बध्नीयादंजलिं मध्यपृष्ठयोः।।
विधाय भुग्ने तर्जन्यावंगुष्ठौ कारयेदृजू।
कनिष्ठानामिके कुर्याद्व्यत्यस्ते करपृष्ठके।।
इयं सा खेचरी मुद्रा ललिता प्रीतिकारिणी।। (तंसा)

अर्थात् दोनों हाथों की कोहुनियों को अच्छी तरह आपस में व्यस्त कर मणिबन्धों को बान्धते हुये मध्यमा के पृष्ठों से अंजलि आकार बनाकर उस पर तर्जनियों को थोड़ा टेढ़ा कर अंगुठों को सीधा रखें, यह सर्वखेचरी मुद्रा है जो ललिता देवी को अत्यन्त प्रसन्न करनेवाली है।।

(5.28-8) सर्वबीज मुद्रा-

अस्या विरचनेनैव सर्वा: सिद्ध्यन्ति देवता: ।
कनिष्ठे तर्जपृष्ठे च वृद्धाभ्यां योजयेच्छनै: ।।
कनिष्ठपृष्ठे मध्ये द्वे तयो: पृष्ठे त्वनामिके ।
अष्टमी बीजमुद्रेयं ।। (तंसा)

अर्थात् दोनों कनिष्ठिकाओं को तर्जनियों के पृष्ठभाग पर धीरे-धीरे लम्बा करके स्थापित करें और कनिष्ठिका के पृष्ठभाग पर दोनों मध्यमाओं को रखकर उन पर पुन: अनामिकाओं को स्थापित करे तथा अंगुठें को सामने से तर्जनी पर रखें, यह सर्वबीज मुद्रा है जिसकी विरचना से समस्त देवताओं को सिद्ध किया जाता है।

(5.28-9) महायोनि मुद्रा- (विशेष)

''नवमी याभिरीरिता ।।
मिथ: कनिष्ठिके बद्धा तर्जनीभ्यामनामिके ।
अनामिकोर्ध्वगश्लिष्टदीर्घमध्यमयोरध: ।।
अंगुष्ठाग्रद्वयं न्यस्येद्योनिमुद्रेयमीरिता ।। (तंसा)

अर्थात् कनिष्ठिकाओं को आपस में बांधकर तर्जनियों से अनामिकाओं को बांध लें और मध्यमाओं को अनामिकाओं के ऊपर बांधें तथा अंगुठें को सामने से अनामिकाओं पर रखें, यह महायोनि मुद्रा है।

(5.28-10) त्रिखण्डा मुद्रा-

परिवृत्य करौ स्पृष्टावंगुष्ठौ कारयेत्समौ ।
अनामान्तर्गते कृत्वा तर्जन्यौ कुटिलाकृती ।।
कनिष्ठके नियुंजीत निजस्थाने महेश्वरि ।
त्रिखण्डेयं समाख्याता ललिता प्रीतिकारिणी ।।(तंसा)

अर्थात् करकमलों को उल्टा कर अंगुठों को सीधा रखते हुये अनामिकाओं के भीतर तर्जनियों को थोड़ा टेढ़ा कर प्रवेश कराके कनिष्ठिकाओं को अपने पृष्ठ भाग से पूरा स्पर्श कराके उन पर अंगुठों को स्थापित करें, यह त्रिखण्डा मुद्रा है जो ललिता को प्रसन्न करनेवाली है।

(5.29) गरुड़ मुद्रा- वैष्णव मन्त्र व विष्णु पूजन में प्रयुक्त यह एक **विशेष मुद्रा है।**

मिथस्तर्जनिके श्लिष्टे श्लिष्टावंगुष्ठकौ तथा।।
मध्यमानामिके तु द्वौ पक्षाविव विचालयेत्।
एषा गरुडमुद्रा स्याद्विष्णोः संतोषवर्द्धिनी।। (तंसा)

अर्थात् तर्जनियों, अंगुठों और कनिष्ठिकाओं को परस्पर जोड़कर स्पर्श करके मध्यमा और अनामिका अंगुलियों को पक्षीके पंखके समान चलायें, यह गरुड़ मुद्रा है जो विष्णु की प्रसन्नता को बढ़ानेवाली है।

(5.30) सूकरी और हंसी मुद्रा-

सूकरी सर्वांगुलाभिर्हंसी मुक्तकनिष्ठिका।। (तंसा)

अर्थात् सभी अंगुलियों के अग्रभाग का परस्पर स्पर्श करना सूकरी मुद्रा है और कनिष्ठिकाओं को सीधा रखके शेष अंगुलियों के अग्रभागों का स्पर्श करना हंसी मुद्रा है। मृगी मुद्रा सहित ये दोनों मुद्रायें हवन कर्म में प्रयुक्त होती हैं।

6. अग्नि/होमप्रकरणम्

हवनकर्ता स्नानादि नित्य नैमित्तिक कर्मों को करके उत्तरीय सहित शुभ्रवस्त्र धारणकर यज्ञमण्डप में आकर यज्ञीय आसन पर **बैठके** कुशाओं के अग्रभाग को पूर्व या उत्तर की ओर करके बिछायें और आचमन प्राणायाम आदि सामान्य कृत्य करके संकल्प करें-

'**ॐ विष्णु**..... अमुक**कर्माङ्गतया पंचभूसंस्कारान् करिष्ये**'।

क्योंकि संकल्प के बिना कर्म व्यर्थ होता है जैसे कि कात्यायन ऋषि ने कहा है-

संकल्प एव मुख्यः स्यात्स्नानदानादिकर्मसु।
कर्म संकल्परहितं तत्सर्वं निष्फलं भवेत्।।

अर्थात् स्नान, दान आदि सकल कर्मों में संकल्प ही मुख्य है और संकल्प के बिना संपूर्ण कर्म निष्फल होता है।

'**भूरसीति भूमिशोधनम्**' अर्थात् भूरसि इत्यादि मन्त्र से हवनकुण्ड अथवा स्थण्डिल का पंचगव्य से प्रोक्षण कर भूमि शुद्धि की भावना करे- **ॐ भूरसि भूमिरस्यदितिरसि विश्वधाया विश्वस्य भुवनस्य धर्त्री। पृथिवीं यच्छ पृथिवीं दृꣳह पृथिवीम्मा हिꣳसीः।।**

हस्तप्रक्षालन करके **अश्मा चेति मृत्तिका स्थापनम्** अर्थात् अश्मा च इत्यादि मन्त्र से हवनकुण्ड अथवा स्थण्डिल में पवित्र नदी की थोड़ी मृत्तिका ड़ाले- **ॐ अश्मा च मे मृत्तिका च मे गिरयश्च मे पर्वताश्च मे सिकताश्च मे वनस्पतयश्च मे हिरण्यञ्च मे यश्च मे श्यामञ्च मे लोहञ्च मे सीसञ्च मे त्रपु च मे यज्ञेन कल्पन्ताम्।**

एष स्तोमेति दर्भं गृह्णाति अर्थात् एष स्तोम इत्यादि मन्त्र से दर्भ को ग्रहण करे -

ॐ एष स्तोमो मरुतऽइयङ्गीर्मान्दार्यस्य मान्यस्य कारोः।
एषामासीदृतन्वेवयां विद्याभेषं वृजनशीर दानुम्।।

पांच भूसंस्कार इस प्रकार है-

1. **यद्देवेति दर्भैः परिसमूहनम्** अर्थात् यद्देव इत्यादि मन्त्र से परिसमूहन संस्कार करें-

ॐ यद्देवादेव हेडनन्देवा सश्च कृमवयम्।
अग्निर्मातस्मादेनसो विश्वान्मुञ्चत्वꣳहसः।।

'परिसमुह्य' ऐसा बोलकर इस विधि का पालन करें-

धृत्वाङ्गुष्ठकनिष्ठाभ्यां मूलैः साग्रैः कुशत्रयम्।
तदग्रैस्तस्य रजसां पूर्वस्यामपसर्पणम् ।।

अर्थात् अंगूठा और कनिष्ठिका से अग्र सहित तीन कुशा को लेकर, उनके अग्रभाग से थोड़ा धूल (मिट्टी) निकालकर पूर्व दिशा में फेंकें।

2. **मानस्तोकेत्युपलेपनम्** अर्थात् मानस्तोक इत्यादि मन्त्र से गोबर से भूमि भाग को लीपे -

ॐ मानस्तोके तनये मानऽऽआयुषि मानो गोषु मानोऽअश्वेषु रीरिषः।
मानो वीरान्रुद्रभामिनो वधीर्हविष्मन्तः सदमित्वा हवामहे।।

'उपलिप्य' ऐसा बोलकर इस विधि का पालन करें- गोमय से हवनकुण्ड को लीपें। क्योंकि-

गोमये वसते लक्ष्मीः पवित्रा सर्वमंगला।
यज्ञार्थे संस्कृता भूमिस्तदर्थमुपलेपनं।।

गोमय में लक्ष्मी का वास है, इसलिये वह पवित्र और सर्वकल्याणकारी है। यज्ञ केलिये भूमि का संस्कार करना होता है और वह संस्कार गोमय से ही होता है। गोमय का लक्षण-

रुग्णा वृद्धा प्रसूता च वन्ध्या संधिन्यमेध्यभुक्।
मृतवत्सा च नैतासां ग्राह्यं मूत्रं शकृत्पयः।।
स्वच्छं तु गोमयं ग्राह्यं स्थाने च पतिते शुचौ ।
उपर्य्यधः परित्यज्य आर्द्रजन्तु विवर्जितम्।

अर्थात् रोगिणी, बूढ़ी, प्रसूता, बांझ, संधिकाल में अपवित्र चीजों को खानेवाली और जिसका बछड़ा मर गया हो ऐसी गाय के दूध, मूत्र और गोबर को पूजा, हवन आदि शुभ कर्मों केलिये ग्रहण नहीं करना चाहिये। शुद्ध स्थान में गिरा हुआ स्वच्छ गोबर ग्रहण करें, उसमें भी ध्यान रहे कि गीला न हो और कीड़ों से युक्त न हो एवं ऊपर व नीचे के भाग को छोड़कर लें।

3. **त्वामिद्धीत्युल्लिख्य** अर्थात् त्वामिद्धि इत्यादि मन्त्र से उल्लेखन संस्कार करें - **ॐ त्वामिद्धि ह व हसातो वाजस्य कारवः। त्वां वृत्रेष्विन्द्र सत्पतिन्नरस्त्वाङ्काष्ठा सर्वतः।। ॐ प्रथमा द्वितीयैर्द्वितीया-स्तृतीयैस्तृतीया सत्येन सत्यं यज्ञेन यज्ञो यजूभिर्यजूᳬषि सामभिः सामान्यृग्भिर्ऋचः पुरोनुवाक्याभिः पुरोनुवाक्या याज्याभिर्याज्या वषट्कारैर्वषट्कारा आहुतिभिराहुतयो मे कामान्समर्द्धयन्तु भूः स्वाहा।। ॐ दक्षिणमारोह त्रिष्टुप्त्वाऽअवतु। बृहत्साम पञ्चदश-स्तोमो ग्रीष्म ऋतुः क्षत्रन्द्रविणम्प्रतीचिमारोह।।ॐ प्रतीचिमारोह जगती त्वाऽअवतु। वैरूपᳬसाम सप्तदशस्तोमो वर्षा ऋतु विड्द्रविणमुदीचीमारोह।। ॐ उदीचीमारोहानुष्टुप्त्वाऽअवतु। वैराजᳬसामैकविᳬशस्स्तोमः शरदृतु फलन्द्रविणमूर्ध्वमारोह।।"**

'**त्रिरुल्लिख्य**' ऐसा बोलकर इस विधि का पालन करें-

खादिरेण हस्तमात्रेण खड्गाकृतिना स्फ्येन उल्लिख्य प्रागग्रा उदक्संस्थाः स्थण्डिलपरिमाणास्तिस्रो रेखा कुर्यात्।

अर्थात् खदिर (खैर) के पेड़ का एक हाथ लम्बा खड्ग के आकारवाले स्फ्य नामक अस्त्र को पूर्व की ओर आगे बढ़ाते हुये स्थण्डिल के नाप के अनुसार तीन रेखा बनायें।

4. **सदसस्पतिनोद्धरणं** अर्थात् सदसस्पति इत्यादि मन्त्र से उद्धरण संस्कार करे - **"ॐ सदसस्पतिमद्भुतम्प्रियमिन्द्रस्य काम्यम्। सनिम्मेधा मयासिषᳬस्वाहा।। ॐ व्रतङ्कृणुताग्निर्ब्रह्माग्निर्यज्ञो वनस्पतिर्यज्ञीयः दैवीं धियम्मनामहे सुमृडीकामभिष्टये वर्चोधां यज्ञ वाहसᳬसुतीर्थानोऽअसद्वशे। ये देवा मनो जाता मनो युजो दक्षक्रतवस्ते नोऽअवन्तु ते नः पान्तु तेभ्यः स्वाहा।।"**

'**उद्धृत्य**' ऐसा बोलकर इस विधि का पालन करें-

'**अनामिकांगुष्ठाभ्यां यथोल्लिखिताभ्यो लेखाभ्यः पांसूनुद्धरेत्**'

अर्थात् अनामिका और अंगूठे से अभी बनायी गयी रेखाओं के बीच में से थोड़ी धूल (मिट्टी) को निकालें।

5. शन्नो देवेत्यभ्युक्षणम् अर्थात् शन्नो इत्यादि मंत्र से अभ्युक्षण संस्कार करें-"**ॐ शन्नो देवीरभिष्टयऽआपो भवन्तु पीतये। शंय्योरभिस्रवन्तु नः।।"**
'**अभ्युक्ष्य**' ऐसा बोलकर इस विधि का पालन करें- "**मणिकाद्भिर-भ्युक्ष्याभिषिच्य**" यानि मणिकायुक्त जल से अभ्युक्षण और अभिषेक करें। क्योंकि कहा है-

आपो देव गणाः सर्वे आपः पितृगणाः स्मृताः।
तेनैवाभ्युक्षणं प्रोक्तमृषिभिर्वेदवादिभिः।।
उत्तानेन तु हस्तेन कर्त्तव्यं प्रोक्षणं बुधैः।
अवाचीनेन हस्तेन कर्त्तव्यं तदवेक्षणम्।
मुष्टिकृतेन हस्तेन चाभ्युक्षणमुदाहृतम्।।

अर्थात् सभी देवगण जल ही हैं, पितृगण जल ही हैं, इसलिये जल से ही अभ्युक्षण और अभिषेक करना चाहिये ऐसा वेदवादी ऋषियों ने कहा है। किस कर्म में जल का प्रयोग कैसे करें? बुद्धिमान प्रोक्षण कर्म को सदा ऊंचे हाथ से करें, नीचे की ओर हाथ करके जल का अवेक्षण करें और अभ्युक्षण कर्म केलिये हाथ में जल लेकर मुट्ठी बांधके जल को हवन कुण्ड में डालें। इस प्रकार पांच भूसंस्कारों को करके स्वस्ति वाचन करे। तत्पश्चात् अग्नि को उत्पन्न करें अथवा लावे।

अग्नि को उत्पन्न करने अथवा लाने की विधिः -

कर्मप्रयोगरत्न में कहा है कि-

उत्तमोऽरणिजन्योऽग्निर्मध्यमः सूर्यकान्तजः।
उत्तमः श्रोत्रियगृहान्मध्यमः स्वगृहादिजः।।

अर्थात् विभिन्न साधनों से उत्पन्न की जानेवाली अग्नियों में से अरणिमन्थन से उत्पन्न अग्नि श्रेष्ठ है और सूर्यकान्तमणि (अथवा लेन्स) से उत्पन्न अग्नि मध्यम है, शेष निकृष्ट है। यदि अग्नि को रसोई आदि अन्यस्थान से यज्ञकुण्ड में लाना है तो श्रोत्रिय के घर की हो तो श्रेष्ठ और अपने घर की हो तो मध्यम, शेष निकृष्ट है।

अग्नि लाने में पात्र आदि नियम-

शुभं पात्रं तु कांस्यं स्यात्तेनाग्निं प्रणयेद्‌बुधः।
तस्याभावे शरावेण नवेनापि दृढेन च।।

अर्थात् कांस्य का बर्तन श्रेष्ठ है और वह उपलब्ध न हो तो मिट्टी के नये व दृढ़ बर्तन में ला सकते हैं।

पात्रेण पिहिते पात्रे वह्निमेवानयेत्ततः।
अस्त्रेणादाय तत्पात्रं वर्मणोद्‌घाटयेत्तु तं।।
अस्त्रमन्त्रेण नैऋत्ये क्रव्यादांशं ततस्त्यजेत्।
मूलेन पुरतो धृत्वा संस्कारांश्च ततश्चरेत्।।

अर्थात् कभी भी अग्नि को खुला न लायें अपितु दूसरे पात्र से ढक कर अस्त्रमन्त्र से लायें और यज्ञमण्डप में लाने के बाद वर्ममन्त्र से उसे खोलें। अस्त्रमन्त्र से ही क्रव्यादांश के रूप में थोड़ा अंगारा नैऋत्य दिशा में फेंकें तत्पश्चात् अपने सामने रखी हुयी अग्नि की पूजा करके संस्कारों को करें। विष्णुधर्मोत्तर पुराण में अग्नि की पूजा के विषय में कहा है कि-

मध्येऽपि गन्धपुष्पादीन्दद्यादग्नेर्न संशयः।
बहिर्नैवेद्यमात्रन्तु दातव्यमिति निश्चयः।।

पंचोपचार पूजा में जो गन्ध पुष्प आदि अर्पण करते हैं उन्हें अग्नि के मध्य में ही डालें किन्तु नैवेद्य को बाहर रखके अर्पण करें।

अब **कुशकण्डिका** कर्म करें-

'अग्निमुपसमाधाय' ऐसा बोलकर कर्म के साधनभूत लौकिक अथवा स्मार्त अथवा श्रौत अग्नि को अपने सामने रखकर अग्नि की सात जिह्वाओं के नाम बोलें, **अग्नि के नाम -**

याभिर्हव्यं समश्नाति हुतं सम्यग् द्विजोत्तमैः।
काली कराली च मनोजवा च सुलोहिता चैव सुधूम्रवर्णा।।
स्फुलिंगिनी विश्वरुचिस्तथा च चलायमाना इति सप्त जिह्वा।
एताश्चोक्ता विशेषेण ज्ञातव्या ब्राह्मणेन तु।।
आहूय चैव होतव्यो यो यत्र विहितो विधिः।

अविदित्वा तु यो ह्यग्निं होमयेदविचक्षणः।।
न हुतं न च संस्कारो न तु यज्ञफलं भवेत्।

ग्रहहोम में भी हवन करते वक्त ध्यान देने योग्य बात यह है कि ग्रह के अनुसार अग्नि के नाम अलग-अलग होने से जिस ग्रह को उद्देश्य कर आहुति देना है उस की अग्नि का नाम स्मरण कर आहुति देनी चाहिये। उनके नाम स्कन्दपुराण में इस प्रकार बताया है-

आदित्ये कपिलो नाम पिंगलः सोम उच्यते।
धूमकेतुस्तथा भौमे जाठरोऽग्निर्बुधे स्मृतः।।
गुरौ चैव शिखी नाम शुक्रे भवति हाटकः।
शनैश्चरे महातेजा राहुकेत्वोर्हुताशनः।।

अर्थात् सूर्य की आहुति को कपिल नाम की अग्नि में डालना है यानि सामने में विद्यमान अग्नि में भावना करें कि 'यह कपिल नाम की अग्नि है'। इसी प्रकार अन्य ग्रहों के विषय में भी भावना करें। चन्द्र- पिंगल, मंगल- धूमकेतु, बुध- जाठर, गुरु - शिखी, शुक्र- हाटक, शनि- महातेजा, राहु और केतु (दोनों केलिये)- हुताशन।

पूर्वादि क्रम से आठों दिशाओं में पूजन करे।

"ॐ पृथिव्याः सधस्थादग्निम्पुरीष्यमङ्गिरस्वदच्छेमोऽअग्निम्पुरीष्यमङ्गिरस्वद्भरिष्यामः।" -पूर्वे,

"ॐ अग्निश्च पृथिवी च सन्नते ते मे सन्नमताम दो वायुश्चांतरिक्षश्च सन्नते ते मे सन्नमदामदऽआदित्यश्च द्यौश्च सन्नते ते मे सन्नमदामदऽआपश्च वरुणश्च सन्नते ते मे सन्नमदामदः सप्तसꣳसदोऽष्टमीभूत साधनी सकामाँ।" - दक्षिणे,

"ॐ वायो ये ते सहस्रिणोरथासस्तेभिरागाहि। नियुत्वान्सोम पीतये।।" -पश्चिमे,

"ॐ सोमो धेनुꣳसोमोराजाऽअर्वन्तमासुꣳसोमो वीरङ्कर्मण्यन्ददाति। सादन्यं वितथꣳसभेयम्पितृश्रवणं ये आददा समस्मै।।" - उत्तरे,

"ॐ अग्निन्दूतन्पुरोदधे हव्यवाहमुपब्रुवे। देवाँ३आसादयादिह।।" - आग्नेये,

"ॐ कयानश्चित्रऽआभुव दूती सदा वृधः सखा। कया शचिष्टया

वृता।।'' – नैर्ऋत्ये,

''ॐ वायुरनिलममृतमथेदम्भस्मान्तꣳशरीरम्। ॐ क्रतो३स्मर क्लिवे३स्मर कृतꣳस्मर।।'' – वायव्ये,

''ॐ ईशावास्यमिदꣳसर्वं यत्किञ्च जगत्याञ्जगत्। तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्यस्विद्धनम्।।'' – ईशान्ये।

अब मध्य में तीन मन्त्रों से पूजन करे – **''ॐ सूर्यरश्मिर्हरिकेशः पुरस्तात्सविता ज्योतिरुदयाऽअजस्रम्। तस्य पूषा प्रसवे याति विद्वान्सम्पश्यन्विश्वा भुवनानि गोपाः।। ॐ प्रजापते नत्त्वदेता–न्यन्न्यो विश्वा रूपाणि परिता बभूव। यत्कामास्ते जुहुमस्तन्नोऽअस्तु वयꣳस्याम पतयो रयीणाम्।। ॐ सदसस्पतिमद्भुतम्प्रियमिन्द्रस्य काम्यम्। सनिम्मेधा मयासिषꣳस्वाहा।।''** अब लकड़ियों (ईंधन) व समिधाओं का शोधन करे – **''ॐ कस्त्वा सत्योमदानामꣳहिष्टो–मत्सदन्धसः दृढ़ा चिदारुजे वसु।।''** तत्पश्चात् लकड़ियों व समिधाओं को अग्नि पर स्थापित करे –

"ॐ त्वामिद्धि हवामहे सा तौ वाजस्य कारवः।
त्वां वृत्रेष्विन्द्रसत्पतिन्नरस्त्वां काष्ठा सर्वतः।।"

अब अग्नि को शुद्ध करें– **''ॐ अग्नावग्निश्चरति प्रविष्टाऽऋषीणाम्पुत्रोऽभिशास्ति पावा। स नः स्योनः सुयजा यजे ह देवेभ्यो हव्यꣳसदमप्रयच्छन्त्स्वाहा।।''**

अग्नि को ग्रहण (स्वीकार) करे– **''ॐ मयि गृह्णाम्यग्ने अग्निꣳरायस्पोषाय सुप्रजास्त्वाय सुवीर्याय। मामु देवताः सचन्ताम्।।''**

अब अग्नि के गर्भाधान से विवाह पर्यन्त संस्कार करे –

1. गर्भाधानम्:–**"ॐ गर्भोऽअस्योषधीनां गर्भो वनस्पतीनाम्। गर्भो विश्वस्य भूतस्याग्ने गर्भोऽअपामसि।।"**
2. पुंसवनम्:– **"ॐ विवस्वान्नादित्यैष ते सोमपीथस्तस्मिन्मत्स्व श्रदस्मै नरो वचसे दधातन यदाशीर्दा दम्पती वाममश्नुतः। पुमान्पुत्रो जायते विन्दते वस्वधा विश्वा हारपऽएधते गृहे।।"**
3. सीमन्तोन्नयनम्:– **''ॐ अजीजनो हि पवमानसूर्यं विधारेशक्मना**

पयः। गोजीरयारꣳहमानः पुरन्ध्या।।"

4. जातकर्मः- "ॐ एजतु दशमास्यो गर्भो जरायुणा सह यथायं वायुरेजति यथा समुद्र एजति। एवायन्दशमास्यो अस्रज्जरायुणा सह।।"

5. नामकरणम्:- "ॐ यदापि पेषमातरम्पुत्रः प्रमुदितौधयन्। एतत्त-दग्नेऽअनृणो भवाम्यहतौ पितरौ मया।। सम्पृचस्थसम्या भद्रेण पृङ्क्तो विपृचस्थविमा पाप्मना पृङ्क्त।।"

6. निष्क्रमणम्:-"ॐ पूषा पञ्चाक्षरेण पञ्चदिशऽउदजयत्ता-ऽउज्जेषꣳसविता षडक्षरेण षडृतूनुदजयत्तानुज्जेषम्बृहस्पति-रष्टाक्षरेण गायत्रीमुज्जेषाम्मित्रो नवाक्षरेण।।"

7. अन्नप्राशनम्:- "ॐ अन्नपतेऽअन्नस्य नो देह्यनमीवस्य शुष्मिणः प्रप्रदातारं तारिषऽऊर्जन्नो धेहि। द्विपदे चतुष्पदे।।"

8. चूड़ाकरणम्:- "ॐ अग्नऽऽआयाहि वीतये गृणानो हव्यदातये। निहोता सत्सि बर्हिषि।।"

9. कर्णवेध::-"ॐ भद्रं कर्णेभिः श्रृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्ष-भिर्यजत्राः। स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवाꣳसस्तनूभिर्व्यशेम हि देवहितं यदायुः।।"

10. उपनयनम्:- "ॐ अग्निरेकाक्षरेणप्राणमुदजयन्तामुज्जेषमश्विनो द्व्यक्षरेण द्विपदो मनुष्यानुदजयन्तानुज्जेषं विष्णुस्त्र्यक्षरेण त्रीँल्लोकानुदजयन्तानुज्जेषꣳसोमश्चतुरक्षरेण चतुष्पदः पशूनुज्जेषं पञ्चाक्षरेण।।"

11. गायत्रीश्रवणम्:-"ॐ भूर्भुवः स्वः वैश्वानराय विद्महे सप्तजिह्वाय धीमहि। तन्नोऽअग्निः प्रचोदयात्।।"

12. समावर्तनम्:-"ॐ व्रतङ्कृणुताग्निर्ब्रह्माग्निर्यज्ञो वनस्पतिर्यज्ञीयः दैवीं धियम्मनामहे सुमृडीकामभिष्टये वर्चोधां यज्ञ वाहसꣳसु-तीर्थानोऽअसद्वशे। ये देवा मनो जाता मनो युजो दक्षक्रतवस्ते नोऽअवन्तु ते नः पान्तु तेभ्यः स्वाहा।।"

13. गोदानकर्मः- "ॐ गावऽउपावतावतम्मही यज्ञस्य रप्सुदा। उभा कर्णा हिरण्यया।।"

14. विवाहकर्म:- "**ॐ भग एव भगवाँ2। अस्तु देवास्तेन वयं भगवन्तः स्याम। तस्त्वा भग सर्व ईज्जोहवीति स नो भग पुर एता भवेह।।**"

तत्पश्चात् अग्नि को हवनकुण्ड में/स्थण्डिल पर ले जाये-

"**ॐ ऋतावानं वैश्वानरमृतस्य ज्योतिषस्पतिम्। अजस्रङ्घर्ममीमहे। उपयाम गृहीतोऽअसि वैश्वानराय त्वैषते योनिर्वैश्वानराय त्वा ।। ॐ वैश्वानरो न ऊतय आ प्रयातु परवतः। अग्निरुक्थेन वाहसा। उपयाम गृहीतोऽअसि वैश्वानराय त्वैषते योनिर्वैश्वानराय त्वा।।**"

तत्पश्चात् अग्नि को हवनकुण्ड में/स्थण्डिल पर स्थापित करे -

"**ॐ अग्निर्म्मूर्धा दिवः ककुत्पतिः पृथिव्याऽअयम्। अपाᳬरेताᳬसि जिन्वति।।**"

शोधित समिधाओं से अग्नि को प्रदीप्त यानि तेज करे -

"**ॐ स्थिरो भव वीड्वङ्ग आशुर्भव वाज्यर्वन्। पृथुर्भव सुषदस्त्वमग्नेः पुरीषवाहनः।।**" अब अग्नि से प्रार्थना करे -

ॐ आवाहये पुरुषम्महान्तं सुरासुरैर्वन्दितपादपद्मम्।
ब्रह्मादयो यस्य मुखे विशन्ति प्रविश्वकुण्डे सुरलोकनाथ।।

अग्नि के (अंगभूतकर्म सहित) संस्कार :-

पारस्कर सूत्रों के आधार पर यहां अंगभूत कर्म और संस्कारों का विधान बताया जा रहा है। "**दक्षिणतो ब्रह्मासनमास्तीर्य**" इस सूत्र के अनुसार अग्नि के दक्षिण दिशा में यज्ञीय लकड़ी से बनी हुयी पीठ के ऊपर कुशा का आसन बिछाये - "**ॐ हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक आसीत्। स दाधार पृथिवीन्द्यामुतेमां कस्मै देवाय हविषा विधेम।।**" उस पर कर्मज्ञाता चतुर्वेदी श्रोत्रिय ब्राह्मण को ब्रह्मा नामक ऋत्विक् के कर्म केलिये वरण करके बिठायें और यदि सुयोग्य ब्राह्मण उपलब्ध न हो तो 6 कुशाओं से (आगमानुसार अथवा 50 कुशा श्रौतपद्धति) निर्मित प्रतीकभूत चतुर्मुख ब्रह्मा को चावल से भरे पात्र में रखकर स्थापित करे "**ॐ आब्रह्मन्ब्राह्मणो ब्रह्मवर्चसी जायतामाराष्ट्रे राजन्यः। शूरऽइषव्योतिव्याधीमहारथो जायता-**

न्दोग्ध्रीर्धेनु र्वोढानड्वानाशुः सप्तिः पुरान्धिर्योषा निष्णुरथेष्ठाः सभे यो युवास्य यजमानस्य वीरो जायतान्निकामे नः कल्पताम्।।" (ऋग्वेद के अनुसार, यजुर्वेद के अनुसार इतना अधिक है-**निकामे निकामे नः पर्जन्यो वर्षतु फलवत्यो नः ओषधयः पच्यन्ताम् योगक्षेमो नः कल्पताम्।**) उसमें ब्रह्माजी की आवाहन आदि पूर्वक पंचोपचारपूजा करें। ब्रह्मासन के समीप में यजमान का आसन बिछाये- "**ॐ अग्ने प्रेहि प्रथमो देवयताञ्चक्षुर्देवानामुत मर्त्यानाम्। इत क्षमाण भृगुभिः सजोषा स्वर्ष्यन्तु यजमाना स्वस्ति।।**" अग्नि के उत्तरदिशा में प्रणीतापात्र केलिये प्रागग्रकुशाओं का आसन बिछाये और प्रणीता आसन व अग्नि के बीच में प्रोक्षणीपात्र केलिये प्रागग्रकुशाओं का आसन बिछाये- "**ॐ परीत्यभूतानि परीत्यलोकान् परीत्यसर्वाः प्रदिशो दिशश्च। उपस्थाय प्रथमजामृतस्यात्वमनात्कमानमभि संविवेश।।**" "**प्रणीय**" (अप इति शेषः) अर्थात् अग्नि के उत्तर दिशा में पूर्वाग्र कुशाओं से दो आसन बिछायें। बायें हाथ में यज्ञीय लकडी से बना हुआ 12 अंगुल लम्बा 4 अंगुल चौड़ा और 4 अंगुल गहरा चमस पात्र रखकर उसमें दाहिने हाथ से उद्धृतपात्रस्थ जल को भरें। जल भरने का मन्त्र- "**ॐ उदुत्तमं वरुणपाशमस्मदवाधमं विमद्ध्यमꣳश्रथाय। अथावय-मादित्यव्रते तवानागसो अदितये स्याम।। तत्त्वायामि ब्रह्मणा वन्द-मानस्तदाशास्ते यजमानो हविर्भिः। अहेडमानो वरुणेहवोद्ध्युरूश-ꣳसमान आयुः प्रमोषीः।।**" बायें हाथ से दाहिने हाथ में ग्रहण करें - "**ॐ इन्द्र आसान्नेता बृहस्पतिर्दक्षिणा यज्ञः पुरऽएतु सोमः। देवसेनानामभिभञ्जतीनाम् जयन्तीनाम्मरुतो यन्त्वग्रयम्।।**" उस चमस पात्र को पहले पश्चिम आसन पर रखके आलभन करने के बाद पूर्व आसन पर स्थापित करें।

परिस्तरण कर्म इस मन्त्र से करें- "**ॐ ये ते शतं वरुण ये सहस्रं यज्ञीयाः पाशा वितता महान्तः। तेभिर्नो अद्य सवितोतविष्णु-र्विश्वे मुञ्चन्तु मरुतः स्वर्काः स्वाहा।।**" "**परिस्तीर्य**" अर्थात् एक मुष्टि यानि पूर्वाग्र सोलह बर्हि लेकर ईशानादि से उत्तर तक अग्नि के

चारों तरफ (प्रत्येक दिशा में 4 बर्हि) यज्ञकुण्ड की मेखला के नीचे बिछायें। तत्पश्चात् प्रणीता आदि पात्रों को इस मन्त्र से ढके-"ॐ तत्त्वायामि ब्रह्मणा वन्दमानस्तदाशास्ते यजमानो हविर्भिः। अहे-डमानो वरुणेहवोद्ध्युरूशꣳसमान आयुः प्रमोषीः।।"

"**अर्थवदासाद्य**" अर्थात् जितनी सामग्री है उसी के अनुसार अग्नि के उत्तर अथवा पश्चिम दिशा में (प्रयोग करने में अपनी अनुकूलता को देखकर) दो दो अंगुल की दूरी में बिछायें (लम्बाई और चौड़ाई प्रोक्षणी, आज्यस्थाली, इत्यादि पात्रों के अनुसार)।

"**पवित्रे कृत्वा**" इस सूत्र के अनुसार पवित्री का निर्माण करना है जिसका लक्षण है-

अनन्तर्गर्भिणं साग्रं कौशं द्विदलमेव च।
प्रादेशमात्रं विज्ञेयं पवित्रं यत्र कुत्रचित्।।

अर्थात् अन्तर्गर्भित न हो ऐसे अग्र सहित दोदलवाले प्रादेशमात्र लम्बे कुशा से पवित्री को बनाना चाहिये। कुशाओं को प्रादेशमात्र काटने केलिये इस मन्त्र का प्रयोग किया जाता है-

"**ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिम्पुष्टिवर्धनम्। उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय माऽअमृतात्।। ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिम्पतिवेदनम्। उर्वारुकमिव बन्धनादितो मुक्षीय मामुतः।।**"

कुशाओं से पवित्री को बनाते वक्त इस मन्त्र का पाठ करे-

"**ॐ पवित्रेस्थो वैष्णव्यौ सवितुर्वः प्रसव उत्पुनाम्यच्छिद्रेण पवित्रेण सूर्यस्य रश्मिभिः।। देवीरापो अग्रेगुवो अग्रेपुवो अग्र इममद्य। यज्ञन्नयताग्रे यज्ञपतिं सुधातुम्यज्ञपतिन्देव युवम्।।**"

प्रोक्षणीपात्र-

वारणं पाणिपात्रं च द्वादशांगुलविस्तृतम्।
पद्मपत्राकृतिर्वापि प्रोक्षणीपात्रमीरितम्।।

अर्थात् यज्ञीय लकड़ी से निर्मित 12 अंगुलवाली अंजलि बराबर गहरा, कमल के मुकुल की आकृति अथवा कमल के पत्ते के आकार में बनाये हुये पात्र को प्रोक्षणीपात्र कहा गया है। जल भरने का मन्त्र "**ॐ इदम्मे वरुण श्रुधीहवमद्या च मृडय। त्वामवस्युराचके।**" अब दो

पवित्र को प्रोक्षणीपात्र में डाले – "**ॐ देवस्य त्वा सवितुः प्रसवेऽ-अश्विनोर्बाहुभ्याम्पूष्णो हस्ताभ्याम्। अग्नये जुष्टं गृह्णामि।।**"

आज्यस्थाली–

आज्यस्थाली कांस्यमयी यद्वा ताम्रमयी तथा।
प्रादेशमात्रदीर्घा सा ग्रहीतव्याऽव्रणा शुभा।।

अर्थात् प्रादेशमात्र नाप की कांसे की अथवा तांबे की आज्यस्थाली ग्रहण करनी चाहिये और वह चोट, छेद, दाग आदि से रहित होनी चाहिये। आज्यस्थाली ग्रहण करने का मन्त्र–"**ॐ घृतवती भुवनानामभि-श्रियोर्वी पृथ्वीमदुघे सुपेशसा। द्यावापृथिवी वरुणस्य धर्मणा विष्वग्भिस्तेऽजरे भूरि रेतसा।।**"

चरुस्थाली–

दृढा प्रादेशमात्रोर्ध्वं तिर्यङ्नातिबृहन्मुखी।
मृन्मयौदुम्बरी वापि चरुस्थाली प्रशस्यते।।

अर्थात् मजबूत व प्रादेशमात्र ऊंचा, मिट्टी से बना अथवा गूलर की लकड़ी से बने हुये पात्र को चरुस्थाली के रूप में ग्रहण करना चाहिये और वह टेढ़ा–मेढ़ा व बड़े मुँहवाला भी न हो। चरुस्थाली ग्रहण करने का मन्त्र–"**ॐ अन्नपतेऽअन्नस्य नो देह्यनमीवस्य शुष्मिणः। प्रप्प्रदातारं तारिषऽऊर्जन्नो धेहि द्विपदे चतुष्पदे।।**"

स्रुवा का लक्षण–

खादिरादेः स्रुवः कार्यो हस्तमात्रप्रमाणतः।
अंगुष्ठपर्वखातं तत् त्रिभागं दीर्घपुष्करम्।।

अर्थात् खैर आदि यज्ञीयवृक्षों की लकड़ी से बना हुआ एक हाथ लम्बा, त्रिकोणात्मक (गोल नहीं) अंगूठे के बराबर गहरा किन्तु उसके पुष्कर लम्बे हों ऐसा स्रुवा ही कर्म में प्रयोग करना चाहिये। इस मन्त्र से स्रुवा को ग्रहण करें– "**ॐ स्रुचश्च मे चमसा च मे वायव्यानि च मे द्रोणकलशश्च मे ग्रावाणश्च मे धिषवणे च मे पूतभृच्च मऽआधवनीयश्च मे वेदिश्च मे बर्हिश्च मे वभृतश्च मे स्वगाकारश्च मे यज्ञेन कल्पन्ताम्**"

स्रुवसंमार्जनकुशा-

स्रुवसंमार्जनार्थाय पंच वाथ त्रयोऽपि वा।
प्रादेशमात्रान्गृह्णीयात्संमार्जकुशसंज्ञकान्।।
उपयमनकुशाः सप्त पंच वाथ त्रयोऽपि वा।

अर्थात् स्रुवा को साफ करने केलिये संमार्जनकुशा नाम से प्रादेश मात्र लम्बे पांच अथवा तीन कुशा ग्रहण करें और उपयमनकर्म (स्रुवा पर बांधने केलिये) सात अथवा पांच अथवा तीन कुशा ग्रहण करें। सम्मार्जन कुशा ग्रहण करे

"ॐ शादन्दद्भिरवकान्दन्तमूलैर्मृदं वस्वैस्ते गान्दꣳष्ट्राभ्याꣳसरस्वत्याऽ अग्रजिहवञ्जिह्वायाऽउत्सादमवक्रन्दनतालुवाजꣳहनुभ्यामपऽआश्येन वृषणमण्डाभ्यामादित्याँ। श्मश्रुभिः पन्थानम्भ्रूभ्यान्द्यावापृथिवी वर्तोभ्यां विद्युतङ्कनीनकाभ्याꣳशुक्लाय स्वाहा कृष्णाय स्वाहा-पार्याणि पक्ष्माण्य वार्या इक्षवो वार्याणि पक्ष्माणि पार्याऽ इक्षवः।।"

उपयमनकुशा ग्रहण करे – "**ॐ उपयाम गृहीतोऽस्यन्तर्यच्छमघवन्पाहि सोमम्। उरुष्यरायऽएषो यजस्व।।**" सम्मार्जनीकुशाओं द्वारा प्रणीता पात्रस्थ जल से स्रुवा का प्रोक्षण करे (कुशा के अग्र से स्रुवा के अग्र का, मध्य से मध्य का और मूल से मूल का शोधन करे)-

"ॐ प्रत्युष्टꣳरक्षः प्रत्युष्टाऽअरातयो निष्टप्तꣳरक्षो निष्टप्ता-ऽअरातयः। उर्वन्तरिक्षमन्वैमि।।"

ब्रह्मपुराण में कहा है- **समिधा के वृक्षों के** बारे में-

शमीपलाशन्यग्रोधप्लक्षवैकंकतोद्भवाः ।।
अर्काश्वत्थोदुम्बरौ बिल्वश्चन्दनस्सरलस्तथा।
सालश्च देवदारुश्च खदिरश्चैव यज्ञीयाः।।

अर्थात् याग में ये ही लकड़ी प्रयोग करने योग्य हैं- **शमी,** पलाश, वट, जामुन, वैकंकती, पीपल, गूलर, बेल, चन्दन, चीड़, साल, देवदारु और खैर।

समिधा का लक्षण-

नांगुष्ठादधिका ग्राह्या समित्स्थूलतया क्वचित्।
न वियुक्ता त्वचा चैव न सकीटा न पाटिता।।
प्रादेशान्नाधिका नोना न तथा स्याद् द्विशाखिका।
न सपर्णा न निर्वीर्या होमेषु च विजानता।।

अर्थात् अंगूठे से ज्यादा मोटी न हो, त्वचा रहित न हो, कीड़े युक्त न हो, फटी न हो, दो शाखा युक्त न हो, पत्तों से युक्त न हो, वीर्य रहित न हो और प्रादेशमात्र से ज्यादा लम्बी न हो व न छोटी ही हो ऐसी समिधा के योग्य पूर्वोक्त पवित्र वृक्षों की टहनियों से बनी समिधा ही हवन/याग में प्रयोग करें। "**ॐ समिधाग्निन्दुवस्यत घृतैर्वोधयता-तिथिम्। आस्मिन्हव्या जुहोतन।।**"

आज्य विचारः -

उत्तमं गोघृतं प्रोक्तं मध्यमं महिषीभवं।
अधमं छागलीजातं तस्माद् गव्यं प्रशस्यते।।

अर्थात् गौ का घी उत्तम है, भैंस का मध्यम और बकरी का अधम, इसलिये गौ का घी ही हवन, पूजा आदि कार्य केलिये सर्वश्रेष्ठ है।

चरुविचारः -

हविष्येषु यवा मुख्यास्तदनु व्रीहयः स्मृताः।
यथोक्तवस्त्वसंपत्तौ ग्राह्यं तदनुकारि यत्।।
यवानामिव गोधूमा व्रीहीणामिव शालयः।
अभावे व्रीहियवयोर्दध्ना वा पयसापि वा।।

अर्थात् हवन के योग्य धान्यों में जौ मुख्य है तत्पश्चात् चावल। यदि ये दोनों उपलब्ध न हो तो इनके सदृश क्षेत्रीय धान्य का प्रयोग करें, जैसे कि जौ के सदृश गेहूं को और चावल के सदृश स्याँवाँ चावल को माना गया है आज्यस्थाली में आज्य भरे और चरुपात्र में चरु भरे - "**ॐ घृताच्यसि जुहूर्नाम्नासेदम्प्रियेण धाम्ना प्रियꣳसदऽआसीद घृताच्यसि प्रभृन्नाम्नासेदम्प्रियेण धाम्ना प्रियꣳसदऽआसीद**

घृताच्यसि ध्रुवाऽसदन्नृतस्ययोनौ ता विष्णो पाहि यज्ञम्पाहि यज्ञपतिम्पाहि मां यजन्तम्।।"

पूर्णपात्र विचार-

अकृते पूर्णपात्रे च छिद्रयज्ञः प्रजायते।
पूर्णपात्रे च संपूर्णे सर्वसंपूर्णता भवेत्।।

अर्थात् पूर्णपात्र न हो तो वह यज्ञ छिद्र युक्त होगा यानि यजमान केलिये हानिकारक होगा। इसके विपरीत यदि पूर्णपात्र संपूर्ण हो तो सब कुछ संपूर्ण होगा यानि यजमान की सकल कामनायें पूरी होंगी। **''प्रोक्षणीः संस्कृत्य''** अर्थात् प्रोक्षणीपात्र को प्रणीतापात्र की सन्निधि में स्थापित कर उसमें दूसरे पात्र से अथवा अपने हाथ से प्रणीतापात्र के जल से सींच के पवित्रों से उत्पवन करके उन पवित्रों को प्रोक्षणी में डालें। दाहिने हाथ से प्रोक्षणीपात्र को उठाकर बायें हाथ में रखकर उसके जल को उछालकर प्रणीतापात्र के जल से प्रोक्षण करें।

"ॐ देवस्य त्वा सवितुः प्रसवेऽअश्विनोर्बाहुभ्याम्पूष्णो हस्ताभ्याम्। अग्नीषोमोभ्यान्त्वा जुष्टन्नियुनज्मि।। अद्भ्यस्त्वौषधीभ्यो न त्वा मातामन्यतामनुपितानुभ्राता सगर्भ्यो नु सखा सयूथ्यः अग्नीषोमा-भ्यान्त्वा जुष्टं प्रोक्षामि।।"

"अर्थवत्प्रोक्ष्य" अर्थात् आज्यस्थाली से पूर्णपात्र पर्यन्त सकल पात्रों पर जिस क्रम से रखा गया था उसी क्रम से प्रोक्षणीपात्र के जल से प्रोक्षण करके प्रणीतापात्र और अग्नि के बीच में प्रोक्षणीपात्र को रखें।

"ॐ शन्नो देवीरभिष्टयऽआपो भवन्तु पीतये। शंय्योरभिस्रवन्तु नः।। अनिशितोऽअसि पत्नक्षिद्वा जिनिन्त्वा वाजेद्ध्यायै सम्माज्र्मि।।"

''निरूप्याज्यम्'' अर्थात् अग्नि के निकट स्थापित आज्यस्थाली में रखे हुये घी में थोड़ा चरु का प्रक्षेप करें और चरुस्थाली में रखे हुये चरु पर प्रणीतापात्र के जल से प्रोक्षण करें।

"अधिश्रित्य" अर्थात् ब्रह्मा ऋत्विक् (उसके अभाव में अध्वर्यु/होता/ यजमान स्वयं) घी का अधिश्रयण कर चरु के साथ थोड़ा घी अग्नि में डालें।

"पर्यग्नि कुर्यात्" अर्थात् जलते हुये अंगारे से घी और चरु पर प्रदक्षिणा करो यानि घुमावे अर्धश्रित चरु पर भी घुमायें।

"स्रुवं प्रतप्य संमृज्य" अर्थात् दाहिने हाथ से स्रुवा को लेकर अधोमुख (उल्टा करके) अग्नि के पश्चिम भाग में पकड़के तपाकर बायें हाथ में पकड़ लें और उस पर संमार्जनी कुशाओं से स्रुवा का शोधन करें। कैसे? कुशा के अग्रभाग से स्रुवा के मूल से शुरुकर अग्र तक स्पर्श करते हुये जायें तथा कुशा के मूल से स्रुवा के अग्र से शुरुकर मूल तक स्पर्श करते जायें। इस मन्त्र से सम्मार्जन कर प्रतपन करे – **"ॐ पुनन्तु मा देवजना: पुनन्तु मनसा धियः पुनन्तु विश्वा भूतानि जातवेद: पुनीहि मा।।"** **"पुनः प्रतप्य निदध्यात्"** अर्थात् पूर्ववत् दोबारा तपाके अपनी दाहिने दिशा में रखें। पुनः स्रुवा को इस मन्त्र से तपाये–

"ॐ तत्त्वायामि ब्रह्मणा वन्दमानस्तदाशास्ते यजमानो हविर्भि:। अहेडमानो वरुणेहबोद्ध्युरुशꣳसमान आयु: प्रमोषी:।।"

स्वस्थान में निम्नमन्त्रोच्चारण पूर्वक स्थापित करे –

" ॐ तमुत्त्वा दध्यङ् ऋषि: पुत्रऽअथर्वण:। वृत्रहणम्पुरन्दरम्।।"

" आज्यमुद्वास्य" अर्थात् आज्यस्थाली को उठाकर चरु के पूर्व दिशा से लाकर अग्नि के उत्तर दिशा में स्थापित करें और चरुस्थाली को उठाकर आज्यस्थाली के पश्चिम दिशा से लाकर आज्यस्थाली के उत्तरदिशा में रखें। आज्यपात्र को अग्नि की प्रदक्षिणा कराके स्वस्थान में रखें – **"ॐ तेजोऽअसि शुक्रमस्यमृतमसि धामनामासि। प्रियन्देवा-नामनाधृष्टन्देवयजनमसि।।"** चरुस्थाली को भी अग्नि की प्रदक्षिणा कराके स्वस्थान में रखें– **"ॐ पशुभि: पशुनाप्नोति पुरोडाशैर्ह-विꣳष्या। छन्दोभि: सामिधेनीर्याज्याभिर्वषट्कारान्।।"**

"उत्पूय" अर्थात् घी के ऊपर पवित्रीकुशाओं के माध्यम से (अथवा अपनी हथेली से) फूंक मारें। आज्य का उत्पवन करे– **"ॐ प्रत्युष्टꣳरक्ष: प्रत्युष्टा-ऽअरातयो निष्टप्तꣳरक्षो निष्टप्ताऽअरातय:। उर्वन्तरिक्षमन्वेमि।।"**

"अवेक्ष्य" अर्थात् घी को अच्छी तरह देखें (गृहस्थ हो तो पत्नी को घी देखने को कहे) और उसमें कुछ अन्य द्रव्य दीखे तो निकालें। आज्यावेक्षण करे–**"ॐ आपवस्व हिरण्यवदस्ववत्सोम वीरवत्। वाजङ्गोमन्तमाभर स्वाहा।"**

"प्रोक्षणीश्च पूर्ववत्" अर्थात् प्रोक्षणी पात्र पर भी पूर्ववत् पवित्री कुशाओं से उत्पवन करें। आज्य में कुशा को रखें- **"ॐ विष्णो रराटमसि विष्णोः श्नप्त्रेस्थो विष्णोः स्यूरसि विष्णोर्ध्रुवोऽसि। वैष्णवमसि विष्णवे त्वा।।"**
"उपयमनकुशानादाय" अर्थात् उपयमनकुशाओं को दाहिने हाथ से लेकर बायीं ओर रखें।
"समिधोऽभ्याधाय" अर्थात् बैठे हुये, समिधा को घी से युक्त कर अग्नि में डालकर अग्नि को आहुतियां डालने के योग्य तेज करें। जलती हुयी कुशा को आज्यपात्र, चरुस्थाली और अग्नि के ऊपर प्रदक्षिणा के क्रम से घुमाकर अग्नि में डाले- **"ॐ धृष्टिरस्यपाग्नेऽअग्निमामादञ्जहि निष्क्रव्यादꣳसेधा देवयजं वह। ध्रुवमसि पृथिवीन्दृꣳह ब्रह्मवनित्वा क्षत्रवनि सजात वन्यु पदधामि भ्रातृव्यस्य वधाय।।"**
"पर्युक्ष्य जुहुयात्" अर्थात् प्रोक्षण पात्र के पूरे जल को पवित्री धारण किये हुये दाहिने हाथ के चुल्लु में भरकर ईशान दिशा से आरम्भकर उत्तरदिशा तक घुमाते हुये अग्नि के चारों तरफ सींचें। तत्पश्चात् संस्रव को धारण करने केलिये प्रणीतापात्र और अग्नि के बीच में थोड़े जल से भरे संस्रवपात्र को स्थापित कर सर्वप्रथम गणाधिपति गणेश भगवान को आहुति देकर आघार आदि पांच वारुणक आहुतियां दें। पांच वारुणक आहुतियों के बारे में त्रिकारिका में कहा है कि-

आघारौ नासिके ज्ञेया आज्यभागौ च चक्षुषी।
वक्त्रश्चोदरकुक्षी च कटी व्याहृतिभिः स्मृता।।
शिरो हस्तौ च पादौ च पंचवारुणकाः स्मृताः।
प्रजापतिः स्विष्टकृतं श्रोत्रे द्वे परिकीर्तिते।।

अर्थात् ऐसी भावना करें कि आप पांच वारुणक आहुतियों से अग्निदेव के शरीर का निर्माण कर रहे हैं। कैसे ? दो आघार आहुतियों से दो नासिका, दो आज्यभाग आहुतियों से दो आंख, सप्त व्याहृतियों से (सात आहुतियों को एक आहुति मानकर पांच वारुण होता है) मुख, पेट, कुक्षी, कटि, सिर, हाथ और पैर तथा अन्त में प्रजापति देवता की आहुति और स्विष्टकृत् होम से दो कानों के निर्मित होने की भावना करें।

****

7. प्रारम्भदिनात्पूर्वदिनत्रयकृत्यं :-

किसी भी अनुष्ठान को आरम्भ करने से पहले तीन दिन प्रायश्चित्त आदि कुछ कर्म करने होते हैं। जैसे कि यदि आप आश्विन् मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपत्तिथि से अनुष्ठन आरम्भ करना चाहते हैं तो आश्विन्मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि से ही **पूर्वकृत्य** आरम्भ करना पड़ता है।

7.1 प्राक्तृतीयदिन (त्रयोदशी के दिन) का कृत्य :-

ब्रह्म मुहूर्त में उठकर प्रातः प्रभु का स्मरण करके उषाकाल में ही शौच, क्षौर आदि करके स्नान आदि से शुद्ध होकर (जब तक अनुष्ठान पूरा न हो तब तक क्षौर कर्म यानि दाढी-मूछ आदि एवं नाखून की छंटाई (ट्रिमिंग) भी नहीं कर सकते) संन्ध्यावन्दन, देवपूजा आदि नित्य नैमित्तिक कर्मों को समाप्त करके जप/पूजा स्थान पर कूर्म शोधन करें (पृ. 34 में देखें)। तत्पश्चात् चारों दिशाओं में पीपल/ गूलर/पलाश के एक बित्ता (12अंगुल) लम्बे 10 कीलों को **"ॐ नमः सुदर्शनायास्त्राय फट्"** इस मन्त्र के 108 बार जप के द्वारा अभिमन्त्रित कर निम्न मन्त्रों का आवृत्ति पूर्वक पाठ करते हुये गाड़ दें अथवा बांध दें।

"ॐ ये चात्र विघ्नकर्तारो भुवि दिव्यन्तरिक्षगाः।
विघ्नभूताश्च ये चान्ये मम मन्त्रस्य सिद्धिषु।।
मयैतत्कीलितं क्षेत्रं परित्यज्य विदूरतः।
अपसर्पन्तु ते सर्वे निर्विघ्नं सिद्धिरस्तु मे।।"

पुनः **"ॐ नमः सुदर्शनायास्त्राय फट्"** इस मन्त्र से प्रत्येक कील का पंचोपचार पूजन करके इन्द्र आदि लोकपालों का आवाहन कर पंचोपचार पूजन करें। उसके बाद जप/पूजा स्थान के बीच में गणेश, कूर्म, अनन्तनाग, भूमि (वसुधा), दिक्पाल, क्षेत्रपाल, वास्तुपुरुष और ब्राह्मणों का आवाहनादि पूर्वक पंचोपचार पूजन करके दिक्पाल, क्षेत्रपाल, वास्तुपुरुष और गणेशजी को (अन्य को नहीं) दही व उड़द

मिश्रित बलि प्रदान कर जप/पूजा स्थान से बाहर जाकर निम्न मन्त्रों से दसों दिशाओं में भूतों को बलि दें-

'ॐ ये रौद्रा रौद्रकर्माणो रौद्रस्थाननिवासिन:।
मातरोऽप्युग्ररूपाश्च गणाधिपतयश्च ये।।
विघ्नभूताश्च ये चान्ये दिग्विदिक्षु समाश्रिता:।
ते सर्वे प्रीतमनस: प्रतिगृह्णन्त्विमं बलिं।।'

हाथ-पैर धोकर आचमन करें। त्रयोदशी की रात्री में स्नान आदि करके भगवान का स्मरण करते हुये अपनी शय्या पर लेटकर शिवजी से प्रार्थना करें -

'ॐ भगवन्देवदेवेश शूलभृद्वृषवाहन।
इष्टानिष्टे समाचक्ष्व मम सुप्तस्य शाश्वत।।
ॐ नमोऽजाय त्रिनेत्राय पिंगलाय महात्मने।
वामाय विश्वरूपाय स्वप्नाधिपतये नम:।।
स्वप्ने कथय मे तथ्यं सर्वकार्येष्वशेषत:।
क्रियासिद्धिं विधास्यामि त्वत्प्रसादान्महेश्वर:।।'

इस प्रकार प्रार्थना करके सो जावे और स्वप्न में जो भी शुभ या अशुभ दर्शन हो उस पर गुरु से अथवा विद्वानों से अथवा स्वयं विचार-विमर्श कर लेना चाहिये। क्योंकि शुभाशुभ स्वप्न से संकेत मिलता है कि कर्म आरम्भ करना उचित है या नहीं।

7.2 प्राग्द्वितीयदिन (चतुर्दशी के दिन) का कृत्य :-

दन्त मंजन आदि कार्य से निवृत्त होकर प्रात:कालीन दैनिक नित्य संन्ध्यावन्दनादि कर्म करके प्रायश्चित्त कर्म करें।

7.3 प्रायश्चित्त स्नान- सर्वप्रथम **नदी या तालाब** में स्नान करना है तो उसके तट को शुद्ध जल से धोकर स्नानांगभूत संकल्प, तर्पण आदि की सामग्री और स्नान के उपकरण को स्थापित करें। हाथ-पैर धोकर शिखा बांध लें और हाथ में कुशपवित्री धारण कर नदी या तालाब में नाभिमात्र तक जल में खड़े होकर आचमन करें। देशकाल आदि का कथनपूर्वक संकल्प करें- **"मम ज्ञाताज्ञातसमस्तपापक्षयार्थं करिष्य-**

माणामुक (मन्त्रजप /श्रीयन्त्रपूजा/अन्यत्कर्म वा) **अधिकारार्थं शरीर शुद्ध्यर्थमादौ प्रायश्चित्तांगभूतानि भस्मादिभिरष्टौ स्नानानि करिष्ये।"**

7.3-1 **भस्म स्नान**-यज्ञीय भस्म को बायें हाथ में धारणकर उसमें थोड़ा जल ड़ालकर दाहिने हाथ से मिलाते हुये निम्न मन्त्र से अभिमन्त्रित करें-

"ॐ अग्निरिति भस्म। ॐ वायुरिति भस्म। ॐ जलमिति भस्म। ॐ स्थलमिति भस्म। ॐ व्योमेति भस्म। ॐ सर्वं ह वा इदं भस्म। ॐ मन एतानि चक्षूंषि भस्मानि।"

तत्पश्चात् निम्न मन्त्रों से शरीर के विभिन्न अंगों में भस्म लगायें-

'ॐ ईशानः सर्वविद्यानामीश्वरः सर्वभूतानां। ब्रह्माधिपति ब्रह्मणोऽधिपतिर्ब्रह्मा शिवो मे अस्तु सदाशिवोम्।। ॐ ईशानाय नमः।।' (शिरसि), **'ॐ तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहि। तन्नो रुद्रः प्रचोदयात्।। ॐ तत्पुरुषाय नमः।।'** (मुखे), **'ॐ अघोरेभ्योऽथ घोरेभ्यो घोरघोर-तरेभ्यः। सर्वेभ्यः शर्वसर्वेभ्यो नमस्तेऽअस्तु रुद्ररूपेभ्यः।। ॐ अघोराय नमः।।'** (हृदये), **'ॐ वामदेवाय नमो ज्येष्ठाय नमः श्रेष्ठाय नमो रुद्राय नमः। कालाय नमः कलविकरणाय नमो बलविकरणाय नमः।। ॐ वामदेवाय नमः।।'** (नाभौ), **'ॐ सद्योजातं प्रपद्यामि सद्योजाताय वै नमो नमः। भवे भवेनातिभवे भवस्व मां भवोद्भवाय नमः।। ॐ सद्योजाताय नमः।।'** (पादयोः), **'ॐ प्रसद्य भस्मना योनिमपश्च पृथिवीमग्ने। संसृज्य मातृभिष्ट्वञ्ज्योति माम्पुनरासद।।'** (सर्वांगे) फिर **प्रणव** यानि **ॐ** का उच्चारण करते हुये संपूर्ण शरीर पर भस्म को लगायें, यह भस्म स्नान हुआ।

7.3-2 **जल स्नानं**-अपने इष्टदेवता का नाम स्मरण करते हुये शुद्ध जल से स्नान करके आचमन करें।

7.3-3 **गोमय स्नानं**- निम्न विधि से गोबर लगाकर स्नान करें। शुद्ध गोबर को एक छोटे पात्र में लेकर तीर्थस्थान हो तो उत्तरदिशा में अन्यथा दक्षिणदिशा में प्रणव उच्चारणपूर्वक थोड़ा गोबर फेंक दें और अग्रिम दो मन्त्रों से अभिमन्त्रित करें-

'ॐ अग्रमग्रञ्चरन्तीनामौषधीनां वने वने। तासां वृषभ-पत्नीनां पवित्रं कायशोधनम्।। ॐ मानस्तोके तनये मानऽआयुषि मानो गोषु मानोऽअश्वेषु रीरिषः। मानो वीरान् रुद्रभामिनो वधीर्हविष्मन्तः सदमित्वा हवामहे।।'

अभिमन्त्रित गोबर को सूर्य को दिखाकर दोनों हाथों में लेकर निम्न मन्त्र का दो बार उच्चारण करते हुये पहले दाहिने हाथ के गोबर से सिर से नाभि तक मलना है ओर उसके बाद बायें हाथ के गोबर से नाभि से पैर तक मलना है-

'ॐ गन्धद्वारां दुराधर्षां नित्यपुष्टां करीषिणीम्।
ईश्वरीं सर्वभूतानां तामिहोपह्वये श्रियम्।।'

इसे गोमय स्नान कहते हैं।

7.3-4 **जल स्नानं**- पुनः अपने इष्टदेवता का नाम स्मरण करते हुये शुद्ध जल से स्नान करके दो बार आचमन करें।

7.3-5 **मृत्तिका स्नानं**-पवित्र नदी अथवा तीर्थस्थान की शुद्ध मृत्तिका (मिट्टी) को एक पात्र में ग्रहण करके निम्न मन्त्रों से अभिमन्त्रित करें- **'ॐ अश्वक्रान्ते रथक्रान्ते विष्णुक्रान्ते वसुन्धरे। मृत्तिके हर मे पापं यन्मया कायसंचितम्।। उद्धृतासि वराहेण कृष्णेन शतबाहुना। मृत्तिके हर मे पापं यन्मया दुष्कृतं कृतम्।। त्वया हतेन पापेन सर्वपापैः प्रमुच्यते।।'**

अब निम्न मन्त्र का उच्चारण करते हुये मिट्टी को पूरे शरीर में लगायें-

'ॐ इदं विष्णुर्विचक्रमे त्रेधा निदधे पदम्।
समूढमस्य पांसुरे स्वाहा।।'

इसके बाद जल से स्नान न करें, केवल दो बार आचमन करें।

7.3-6 **शुद्धोदक स्नानं**- निम्न मन्त्र का उच्चारण करके इष्टदेवता

का नाम उच्चारण करते हुये शुद्ध जल से स्नान कर लें–
'ॐ आपो हिष्ठा मयोभुवस्तानऽऊर्जे दधातन। महेरणाय चक्षसे।। यो वः शिवतमो रसस्तस्य भाजयते ह नः। उशतीरिव मातरः।। तस्मा अरङ्गमामवो यस्य क्षयाय जिन्वथ। आपो जनयथाचनः।।' स्नान करने के बाद केवल एक बार आचमन करें। उसके बाद–

7.3–7 **पंचगव्य स्नानं–**

(क) गायत्रीमन्त्र का उच्चारण करते हुये एक पात्र में गोमूत्र को ग्रहण करके गायत्री मन्त्र का उच्चारण करते हुये गोमूत्र से स्नान करें।

(ख) गन्ध द्वारा इत्यादि मन्त्र से गोबर से स्नान करें–
'ॐ गन्धद्वारां दुराधर्षां नित्यपुष्टां करीषिणीम्।
ईश्वरीं सर्वभूतानां तामिहोपह्वये श्रियम्।।'

(ग) आप्यायस्व इत्यादि मन्त्र से दूध से स्नान करें–
'ॐ आप्यायस्व समे तु ते विश्वतः सोम वृष्ण्यम्।
भवा वाजस्य संगथे।।'

(घ) दधिक्राव्ण इत्यादि मन्त्र से दही से स्नान करें–
'ॐ दधि क्राव्णोऽअकारिषञ्जिष्णोरश्वस्य वाजिनः।
सुरभिनो मुखाकरत्प्रणऽआयूंषि तारिषत्।।'

(ङ) तेजोऽसि इत्यादि मन्त्र से घी से स्नान करें–
'ॐ तेजोऽसि शुक्रमस्यमृतमसि धामनामासि।
प्रियन्देवानामनां धृष्टन्देवयजनमसि।।'

(च) देवस्य इत्यादि मन्त्र से कुशोदक स्नान करें–**'ॐ देवस्य त्वा सवितुः प्रसवेऽश्विनोर्बाहुभ्यां पूष्णो हस्ताभ्यां।।'**

7.3–8 अन्त में पुनः **शुद्धोदक स्नानम्**– अपने इष्ट देवता का नाम उच्चारण (10, 12, 32, 108, 300, 400 या सहस्र नाम) करते हुये शुद्ध जल से अच्छी तरह स्नान करें क्योंकि यह प्रायश्चित्त का अंगभूत अन्तिम स्नान है।

7.4 **अघमर्षण** (मस्तक पर जल छिड़कना) केलिये पहले हाथ में थोड़ा जल लेकर विनियोग करें '**ॐ द्रुपदादिवेत्यस्य कोकिलो राजपुत्र ऋषिरनुष्टुप्छन्दः आपो देवता शिरस्सेके विनियोगः।**' अब अघमर्षण मन्त्र की आवृत्ति तीन बार करके सिर पर जल छिड़कें- '**ॐ द्रुपदादिव मुमुचानः स्विन्नः स्नातो मलादिव।**
पूतं पवित्रेणेवाज्यमापः शुन्धन्तु मैनसः।।'

इसके बाद अघमर्षणसूक्त का विनियोग पूर्वक पाठ करें-

'**ॐ अघमर्षणसूक्तस्याघमर्षण ऋषिरनुष्टुप्छन्दो भाववृत्तो देवता अघमर्षणे विनियोगः। ॐ ऋतं च सत्यं चाभीद्धात्तपसोऽध्यजायत। ततो रात्र्यजायत। ततः समुद्रोऽअर्णवः। समुद्रादर्णवादधि संवत्सरोऽअजायत। अहोरात्राणि विदधद्विश्वस्य मिषतो वशी। सूर्याचन्द्रमसौ धाता यथापूर्वमकल्पयत्। दिवं च पृथिवीं चान्तरिक्षमथो स्वः।।**'

7.5 स्नानांगतर्पणं -

(क) पूर्वाभिमुख और सव्ययज्ञोपवीत होकर देवतीर्थ द्वारा एक एक अंजलि जल में ही तर्पण दें-

ॐ ब्रह्मादयो देवास्तृप्यन्ताम्।

ॐ गौतमादय ऋषयस्तृप्यन्ताम्।

(ख) उत्तराभिमुख मालायज्ञोपवीत होकर प्रजापतितीर्थ द्वारा दो अंजलि जल तर्पण दें-

ॐ सनकादयो मनुष्यास्तृप्यन्ताम्।

(ग) दक्षिणाभिमुख अपसव्ययज्ञोपवीत से कालातिलयुक्त जल का तर्पण दें-

ॐ कव्यवाडनलादयो दिव्यपितरस्तृप्यन्ताम्।

ॐ अस्मत्पितृपितामहप्रपितामहस्तृप्यन्ताम्।

ॐ अस्मत्पितृपितामहीप्रपितामह्यस्तृप्यन्ताम्।

ॐ अस्मन्मातामहप्रमातामह वृद्धप्रमातामहास्तृप्यन्ताम्।
ॐ अस्मन्मातामहीप्रमातामही वृद्धप्रमातामह्यस्तृप्यन्ताम्।
ॐ आब्रह्मस्तम्बपर्यन्तं जगत्तृप्यताम्।

तदनन्तर यक्ष्म केलिये जल दें-

ॐ यन्मया दूषितं तोयं मलैः शरीरसम्भवैः।
तस्य पापस्य शुद्ध्यर्थं यक्ष्मैतत्ते तिलोदकम्।।

तट पर आ जावे और थोड़ा जल हाथ में लेकर इस मन्त्र से-

ॐ अग्निदग्धाश्च ये जीवा येऽप्यदग्धाः कुले मम।
भूमौ दत्तेन तृप्यन्तु तृप्ता यान्तु परां गतिम्।।

जमीन पर जल छोड़ने के बाद सव्ययज्ञोपवीत होकर आचमन करें।

7.6 स्नानांगभूतसूर्यार्घ्य-

ॐ एहि सूर्य सहस्रांशो तेजोराशे जगत्पते।
अनुकम्पय मां देव गृहाणार्घ्यं नमोऽस्तु ते।।

सूर्य को अर्घ्य प्रदानकर शुद्ध वस्त्र धारण करें।

7.7 गृह स्नाने विशेषः-

यदि कुआं अथवा स्नानघर में स्नान करना है तो निम्न विधि का पालन करें-

गृहे उद्धृतोदकेन वा उष्णोदकेन स्नानं।
न तु पर्युषितशीतोदकेन वै कदाचन।।

अर्थात् घर में कुआं पर अथवा स्नानघर में स्नान करना है तो कुआं से निकाला गया ताजा पानी अथवा गरम जल से ही स्नान करें, भूल से भी पहले से ही भर के रखा हुआ बासी अथवा ठण्डे जल से स्नान न करें। कुआं के तट अथवा स्नानघर को शुद्ध जल से धोकर स्नान के उपकरण को स्थापित करें। हाथ पैर धोके शिखा बांध लें और हाथमें कुशापवित्री धारण कर आचमन करें। ताम्रादि के बड़े पात्र (बाल्टी) में जल को ग्रहण करें और उसमें तीर्थो का आवाहन करें-

ॐ गंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वती।

नर्मदे सिन्धु कावेरी जलेऽस्मिन्सन्निधिं कुरु।।
ॐ पुष्कराद्यानि तीर्थानि गंगाद्यास्सरितस्तथा।
आगच्छन्तु पवित्राणि स्नानकाले सदा मम।।

इन पांच ऋचाओं से जल को अभिमन्त्रित करें-

ॐ शन्नोदेवीरभिष्टयऽआपो भवन्तु पीतये। शंयोरभिस्रवन्तु नः।1।
ॐ आपः पुनन्तु पृथिवीं पृथिवीपूता पुनन्तु माम। पुनन्तु ब्रह्मणस्पति ब्रह्मपूता पुनन्तु माम।। यदुच्छिष्टमभोज्यं च यद्वा दुश्चरितं मम। सर्वं पुनन्तु मामपोऽशतां प्रतिग्रहं स्वाहा।2।
ॐ द्रुपदादिव मुमुचानः स्विन्नः स्नातो मलादिव। पूतं पवित्रेणे-वाज्यमापः शुन्धन्तु मैनसः।3।
ॐ ऋतं च सत्यं चाभीद्धात्तपसोऽअध्यजायत। ततो रात्र्यजायत। ततः समुद्रोऽअर्णवः। समुद्रादर्णवादधि संवत्सरोऽअजायत। अहोरात्राणि विदधद्विश्वस्य मिषतो वशी। सूर्याचन्द्रमसौ धाता यथापूर्वमकल्पयत्। दिवं च पृथिवीं चान्तरिक्षमथो स्वः।4।
ॐ आपो हिष्ठा मयोभुवस्तानऽऊर्जे दधातन। महेरणाय चक्षसे।। यो वः शिवतमो रसस्तस्य भाजयते ह नः। उशतीरिव मातरः।। तस्मा अरङ्गमामवो यस्य क्षयाय जिन्वथ। आपो जनयथाचनः।5।''

अब अभिमन्त्रित जल से-'**ॐ इमं मे वरुण स्रुधीहवमद्याच मृडय। त्वामवस्युराचके।।**' इत्यादि वारुण मन्त्रों का उच्चारण करते हुये स्नान करें। तत्पश्चात् निम्न चार मन्त्रों का उच्चारण करते हुये तीन कुशा से सिर पर जल को छिड़कें-

'ॐ सिसृक्षोर्निखिलं विश्वं मुहुः शुक्रं प्रजापतेः।
मातरः सर्वभूतानामापो देव्यः पुनन्तु माम्।1।

अलक्ष्मीर्मलरूपा या सर्वभूतेषु संस्थिता।
क्षालयन्ति निजस्पर्शादापो देव्यः पुनन्तु माम्।2।

यन्मे केशेषु दौर्भाग्यं सीमन्ते यच्च मूर्धनि।
ललाटे कर्णयोरक्ष्णोरापस्तद् घ्नन्तु वो नमः।3।

आयुरारोग्यमैश्वर्यमरिपक्षक्षयः सुखम्।
संतोषः क्षान्तिरास्तिक्यं विद्या भवतु वो नमः।4।

इसके बाद दोनों हाथ में जल लेकर नाक से स्पर्श करके इस अघमर्षण मन्त्र का पाठ करें-

'ॐ ऋतं च सत्यं चाभीद्धात्तपसोऽअध्यजायत। ततो रात्र्यजायत। ततः समुद्रोऽअर्णवः। समुद्रादर्णवादधि संवत्सरोऽअजायत। अहोरात्राणि विदधद्विश्वस्य मिषतो वशी। सूर्याचन्द्रमसौ धाता यथापूर्वमकल्पयत्। दिवं च पृथिवीं चान्तरिक्षमथो स्वः।'

शुभ्र वस्त्र से शरीर को पोंछ कर शुद्ध वस्त्र पहनें और अपने संप्रदाय के अनुसार तिलक कर लें। शैवों केलिये भस्म के त्रिपुण्ड्र तिलक लगा लेने की विधि इस प्रकार है- बायें हाथ में दाहिने हाथ से पवित्र भस्म को लेकर थोड़ा जल डालके इन मन्त्रों का पाठ करते हुये भस्म को अभिमन्त्रित करें-

'ॐ अग्निरिति भस्म। ॐ वायुरिति भस्म। ॐ जलमिति भस्म। ॐ स्थलमिति भस्म। ॐ व्योमेति भस्म। ॐ सर्वं ह वा इदं भस्म। ॐ मन एतानि चक्षूंषि भस्मानि।'

अलग-अलग मन्त्र के उच्चारण पूर्वक शरीर के विभिन्न अंगों पर तर्जनी, मध्यमा और अनामिका अंगुलियों से भस्म लगा लें-

ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिम्पुष्टि वर्धनम्। उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात्।। ॐ तत्पुरुषाय नमः - ललाटे।1।

ॐत्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिम्पुष्टि वर्धनम्। उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात्।। ॐ अघोराय नमः- दाहिने कंधे पर।2।

ॐत्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिम्पुष्टि वर्धनम्। उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात्।। ॐ सद्योजाताय नमः- बाये कंधे पर।3।

ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिम्पुष्टि वर्धनम्। उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात्।।ॐ वामदेवाय नमः-पेट पर।4।

ॐत्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिम्पुष्टि वर्धनम्। उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात्।। ॐ ईशानाय नमः - छाती पर।5।

अब रुद्राक्ष माला आदि धारण करें।

7.8 प्रायश्चित्तांगभूत विष्णुपूजा

अपने सामने अपने हाथ के बराबर लम्बा चौड़ा एक चतुष्कोणीय स्थण्डिल का निर्माण करके उस पर सफेद वस्त्र बिछाकर अक्षत से अष्टदल कमल बनायें। एक ताम्र कलश और शालिग्राम/विष्णुजी की मूर्ति/ विष्णुयन्त्र स्थापना करने केलिये तैयारी करने के बाद आचमन और प्राणायाम करके संकल्प करें –

'ॐ विष्णुर्विष्णु............अमुकशर्मा मम सर्वपापक्षयार्थं शरीरशुद्ध्यर्थं करिष्यमाण (श्रीयन्त्रपूजाया/अमुकमन्त्रजपस्य/ अन्यद्वा कर्मण:/उपासनाया) **अधिकारार्थं पुरुषसूक्तेन श्रीमहा विष्णुपूजनमहं करिष्ये।'**

अथ कलशस्थापनं

कलश के आधारभूत अष्टदल कमल का स्पर्श कर पाठ करें-

'ॐ भूरसि भूमिरस्यदितिरसि विश्वधा या विश्वस्य भुवनस्य धर्त्री। पृथिवीं यच्छ पृथिवीं दृꣳहपृथिवीं मा हिꣳसी:।।'

अगले मन्त्र का पाठ करते हुये थोड़े धान्य को भूमि पर डालें-

'ॐ धान्यमसि धिनुहि देवान्प्राणाय त्वा त्वोदानाय त्वा व्यानाय त्वा दीर्घामनुप्रसितिमायुषेधान् देवो व: सविता हिरण्यपाणि: प्रतिगृभ्णात्वच्छिद्रेण पाणिना चक्षुषेत्वा महीनाम्पयोसि।।'

उस पर तांबे के कलश को स्थापित करें-

'ॐ आजिघ्र कलशं मह्या त्वा विशन्त्विन्दव: पुनरूर्ज्जानि वर्तस्वसान:। सहस्रं धुक्ष्वोरुधारापयस्वती पुनर्मा विशताद्रयि:।।'

अब कलश को जल से भरें-

'ॐ वरुणस्योत्तम्भनमसि वरुणस्य स्कम्भसर्जनीस्थो वरुणस्यऽ-ऋतसदन्यसि वरुणस्यऽऋतसदनमसि वरुणस्यऽऋत सदनमासीद।'

तत्पश्चात् उसमें गन्ध को समर्पित करें-

ॐ त्वां गन्धर्वाऽअखनस्त्वामिन्द्रस्त्वां बृहस्पति:।
त्वामोषधे सोमो राजा विद्वान् यक्ष्माद मुच्यत।।

उसमें सर्वौषधी को डालें-

ॐ याऽओषधीः पूर्वा जाता देवेभ्यस्त्रियुगम्पुरा।
मनैनुवभ्रूणामहं शतं धामानि सप्त च।

तदनन्तर दूर्वा डालें–

ॐ काण्डात्काण्डात्प्ररोहन्ती परुषः परुषस्परि।
एवानो दूर्वे प्रतनु सहस्रेण शतेन च।।

अब आम के पांच पत्तों को उसमें रखें–

ॐ अश्वत्थे वो निषदनं पर्णे वो वसतिष्कृता।
गोभाजऽइत्किलासथ यत्सनवथ पूरुषम्।।

इसके बाद सप्त मृत्तिका को उसमें डालें–

ॐ स्योना पृथिवि नो भवानृक्षरान्निवेशनी।
यच्छानः शर्म स प्रथाः।।

तत्पश्चात् पूगीफल (सुपारी) को डालें–

ॐ याः फलिनीर्याऽअफलाऽअपुष्पा याश्च पुष्पिणीः।
बृहस्पतिप्रसूतास्ता नो मुंचन्त्वंहसः।।

उसके बाद पंच रत्नों को डालें–

ॐ परिवाजपतिः कविरग्निर्हव्यान्यक्रमीत्। दधद्रत्नानि दाशुषे।।

तदनन्तर कलश में दक्षिणा डालें–

ॐ हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेकऽआसीत्।
स दाधार पृथिवीं द्यामुतेमां कस्मै देवाय हविषा विधेम।।

पंच पल्लवों से कलश के अन्दर डाली गयी सामग्री को अच्छी तरह से घुमायें और कलश के गले में मौली को बाँधें अथवा लाल वस्त्र से कलश को लपेटें–

ॐ सुजातो ज्योतिषा सह शर्म वरूथमासदत्स्वः।
वासोऽअग्ने विश्वरूपं संव्ययस्व विभावसो।।

अब पत्तों को चारों दिशाओं में फैलाकर उस पर पूर्णपात्र को रखें–

ॐ पूर्णा दर्वि परापत सुपूर्णा पुनरापत।
वस्नेवविक्रीणावहाऽइषमूर्ज शतक्रतो।।

इस प्रकार स्थापित कलश को प्रतिष्ठित करें-

'ॐ मनो जूतिर्जुषतामाज्यस्य बृहस्पतिर्यज्ञमिमं तनोत्वरिष्टं यज्ञं समिमन्दधातु। विश्वेदेवास इहमादयन्तामों३ प्रतिष्ठ।।

तत्पश्चात् वरुणदेवता का आवाहन करें-

'ॐ तत्त्वायामि ब्रह्मणा वन्दमानस्तदाशास्ते यजमानो हविर्भिः। अहेडमानो वरुणेहबोद्धयुरुशं समानऽआयुः प्रमोषीः।।

ॐ भूर्भुवःस्वः वरुण इह आगच्छ इह तिष्ठ।'

अब निम्न मन्त्र से षोडशोपचार पूजन करें-

'ॐ अपांपतिवरुणाय नमः।'

तत्पश्चात् कलश को हाथ से ढ़ककर निम्न मन्त्र से अभिमन्त्रित करें-

कलशस्य मुखे विष्णुः कण्ठे रुद्र समाश्रिताः।
मूले तत्र स्थितो ब्रह्मा मध्ये मातृगणा स्मृताः।।
कुक्षौ तु सागराः सर्वे सप्तद्वीपवसुन्धरा।
ऋग्वेदोऽथ यजुर्वेद सामवेदो ह्यथर्वणः।।
अंगैश्च सहिताः सर्वे कलशाम्बुसमाश्रिताः।
आयान्तु देव पूजार्थं दुरितक्षयकारकाः।।
सर्वे समुद्राः सरितः तीर्थानि जलदानदाः।
सर्वेऽत्र प्रतितिष्ठन्तु मम कल्याणकारकाः।।

एक सफेद वस्त्र पर अष्टगन्ध से अष्टदल को लिखकर उसको कलश पर रखें और उस पर तुलसी के पत्ते पर आश्रित शालिग्राम को स्थापित करें। यदि सोने आदि की विष्णुमूर्ति/ विष्णुयन्त्र हो तो उसे एक पात्र में रखकर घी से लीपके निम्न अग्न्युत्तारण सूक्त द्वारा दूध से अभिषेक करें (शालिग्राम हो तो न करें)-

ॐ समुद्रस्य त्वावकयाग्ने परिव्ययामसि।
पावकोऽअस्मभ्यꣳशिवो भव ।1।

हिमस्य त्वा जरायुणाग्ने परिव्ययामसि।
पावकोऽअस्मभ्यꣳशिवो भव ।2।

अपामिदं न्ययनꣳसमुद्रस्य निवेशनम्।
अन्यांस्तेऽअस्मत्तपन्तु हेतयः पावकोऽअस्मभ्यꣳशिवो भव।3।
नमस्ते हरसे शोचिषे नमस्तेऽअस्त्वर्चिषे।
अन्यांस्तेऽअस्मत्तपन्तु हेतयः पावकोऽअस्मभ्यꣳशिवो भव।4।
प्राणदाऽअपानदा व्यानदा वर्चोदा वरिवोदाः।
अन्यांस्तेऽअस्मत्तपन्तु हेतयः पावकोऽअस्मभ्यꣳशिवो भव।5।

तत्पश्चात् पंचामृतस्नान कराके शुद्धजल से स्नान करावें और शुद्ध वस्त्र से सुखाकर अष्टदल से अंकित वस्त्र पर कलश के ऊपर स्थापित करें। तदनन्तर स्वशरीर एवं विष्णु में पुरुषसूक्त द्वारा न्यास करने के बाद कलश आदि का षोडशोपचार पूजन करके विष्णुसहस्रनाम से पुष्पार्चन करें। समाप्ति में पुरुषसूक्त की प्रत्येक ऋचा के अन्त में – **'भगवान् पापापहा महाविष्णुस्तृप्यताम्'** जोड़कर तर्पण करें। ततः विष्णुश्राद्ध करने के पश्चात् प्रायश्चित्त के अंगभूत एक गौ दान करें।

7.9 प्राक्प्रथमदिन (अमावस्या के दिन) का कृत्यः

दैनिक नित्य व नैमित्तिक कर्म करने के पश्चात् सब से पहले एक स्थण्डिल का निर्माण कर हवन (घी और पंचगव्य मुख्य है) सामग्री तैयार करके संकल्प करें–

'ॐ विष्णु.......अद्य प्रायश्चित्तांगभूतया विहितमाज्येन सह पंचगव्यहवनं करिष्ये। तदर्थं पंचभूसंस्कारपूर्वकमग्निस्थापनं च करिष्ये।'

पंचभूसंस्कार पूर्वक स्थण्डिल पर विधि के अनुसार **विड्** नामक अग्नि को स्थापित कर पात्रों का आसादन कर लें। जैसे कि अग्नि के उत्तरदिशा में पलाशपत्र, यज्ञीयकाष्ठ (लकड़ी), सात हरे कुशा, गोमूत्र आदि पंचगव्य अलग-अलग पात्रों में, घी आदि को स्थापित कर दक्षिणदिशा में एक अलग पात्र में पूर्व में वर्णित विधि (पृ. 75 देखें) से उत्तरदिशा में अलग-अलग रखे गये गोमूत्र आदि से पंचगव्य तैयार कर रखें और प्रणव के द्वारा उसको मिलाते हुये उसको अभिमन्त्रित करें।

तत्पश्चात् अग्नि पर्युक्षण पर्यन्त कर्म (पृ0 54-70) करके घी से आघार व आज्यभाग आहुतियां देकर संकल्प करें- **इदं समित्तिलाज्य-हवनीयद्रव्यैः या या यक्ष्यमाणदेवतास्ताभ्यस्ताभ्यः मया परित्यक्तं न मम।** पश्चात् अन्वाधान कर्म करें-

'ॐ भूः स्वाहा इदमग्नये न मम, ॐ भुवः स्वाहा इदं वायवे न मम, ॐ स्वः स्वाहा इदं सूर्याय न मम, ॐ भूर्भुवःस्वः स्वाहा इदं प्रजापतये न मम' (4x7=28 आहुति)

तदनन्तर मिश्रित पंचगव्य से प्रधान होम (कुल 9 आहुति) करें (**मम** बोलने के बाद **स्वाहा** बोलते हुये आहुति दें) -

'ॐ स्योना पृथिवि नो भवानृक्षरान्निवेशनी। यच्छा नः शर्मप्रथाः स्वाहा। इदं पृथिव्यै न मम स्वाहा।, ॐ इदं विष्णुर्विचक्रमे त्रेधा निदधे पदम्। समूढमस्यपांसुरे स्वाहा। इदं विष्णवे न मम स्वाहा।, ॐ मानस्तोके तनये मानऽआयुषि मानो गोषु मानोऽअश्वेषु रीरिषः। मानो वीरान् रुद्रभामिनो वधीर्हविष्मन्तस्सदमित्वा हवामहे स्वाहा। इदं रुद्राय न मम स्वाहा।, (जल स्पर्श करें) **'ॐ ब्रह्म यज्ञानं प्रथमम्पुरस्ताद्विशीमतः सुरुचोवेनऽआवः। सबुध्न्याऽउपमाऽअस्य विष्ठाः सतश्च योनिमसतश्चविवः स्वाहा। इदं ब्रह्मणे न मम स्वाहा।, ॐ अग्नये स्वाहा। इदमग्नये न मम स्वाहा।, ॐ सोमाय स्वाहा। इदं सोमाय न मम स्वाहा।, ॐ तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि। धियो यो नः प्रचोदयात्स्वाहा इदं सवित्रे न मम स्वाहा।, ॐ प्रजापतये स्वाहा। इदं प्रजापतये न मम स्वाहा।, ॐ परमात्मने स्वाहा इदं परमात्मने न मम स्वाहा।'**

तदनन्तर संस्रव से प्रणीता विमोक पर्यन्त कर्म करके ब्रह्मा को पूर्णपात्र दान दें और ब्राह्मणों के समक्ष पुनः संकल्प करें-

ॐ विष्णु...श्रीयन्त्रस्थापनापूर्वकं अमुक**व्रतोपवासं च करिष्ये।** (अपने सामर्थ्य के अनुसार कृच्छ्रचान्द्रायण आदि किसी भी व्रत के सहित उपवास रहने का संकल्प करें)। ब्राह्मण अनुमति दें- **'कुरुष्व'**, अनुमति प्राप्त करने के बाद हुतशेष पंचगव्य को निम्न मन्त्र से पीना है-

ॐ यत्त्वगस्थिगतं पापं देहे तिष्ठति मामके।
प्राशनात्पंचगव्यस्य दहत्यग्निरिवेन्धनम्।।

पीते वक्त मन से प्रणव का उच्चारण करते रहे। अन्त में प्रायश्चित्त का अंगभूत गोदान करें और यथाशक्ति ब्राह्मण भोजन करायें। उपवास/व्रत काल में न्यूनतम 10,000 गायत्री मन्त्र का जप करें, क्योंकि देवीभागवत में कहा है–

यस्य कस्यापि मन्त्रस्य जपादिकमारभेत्।
चक्रे समुद्राः ससिद्धयः सायुधाः सशक्तयः सवाहनाः सपरिवाराः सर्वोपचारैः संपूजिताः सन्तर्पिताः सन्तुष्टाः सन्तु नमः। (अर्घ्य जल से देवी को समर्पित करे)।

4. चतुर्दशारसर्वसौभाग्यदायकचक्र में 4 सर्वसंक्षोभिण्यादिचतुर्दश देवीश्रीपादुकां पूजयामि नमः। चक्र के सामने – 4 त्रिपुरवासिनी चक्रेश्वरीश्रीपादुकां पूजयामि नमः। 4 एताः सम्प्रदाययोगिन्यः सर्वसौभाग्यदायकचक्रे समुद्राः ससिद्धयः सायुधाः सशक्तयः सवाहनाः सपरिवाराः सर्वोपचारैः संपूजिताः सन्तर्पिताः सन्तुष्टाः सन्तु नमः। (अर्घ्य जल से देवी को समर्पित करे)।

5. बहिर्दशारसर्वार्थसाधकचक्र में 4 सर्वसिद्धिप्रदादिदशदेवी श्रीपादुकां पूजयामि नमः। चक्र के सामने – 4 त्रिपुरश्रीचक्रेश्वरी श्रीपादुकां पूजयामि नमः। 4 एताः कुलोत्तीर्णयोगिन्यः सर्वार्थसाधकचक्रे समुद्राः ससिद्धयः सायुधाः सशक्तयः सवाहनाः सपरिवाराः सर्वोपचारैः संपूजिताः सन्तर्पिताः सन्तुष्टाः सन्तु नमः। (अर्घ्य जल से देवी को समर्पित करे)।

6. अन्तर्दशारसर्वरक्षाकरचक्र में 4 सर्वज्ञादिदशदेवीश्रीपादुकां पूजयामि नमः। चक्र के सामने – 4 त्रिपुरमालिनीचक्रेश्वरी श्रीपादुकां पूजयामि नमः। 4 एताः निगर्भयोगिन्यः सर्वरक्षाकर चक्रे समुद्राः ससिद्धयः सायुधाः सशक्तयः सवाहनाः सपरिवाराः सर्वोपचारैः संपूजिताः सन्तर्पिताः सन्तुष्टाः सन्तु नमः। (अर्घ्य जल से देवी को समर्पित करे)।

7. अष्टारसर्वरोगहरचक्र में 4 वशिन्याद्यष्टदेवीश्रीपादुकां पूजयामि नमः। चक्र के सामने – 4 त्रिपुरासिद्धाचक्रेश्वरीश्रीपादुकां पूजयामि नमः। 4 एताः वशिन्यादियोगिन्यः सर्वरोगहरचक्रे समुद्राः ससिद्धयः सायुधाः सशक्तयः सवाहनाः सपरिवाराः सर्वोपचारैः संपूजिताः सन्तर्पिताः सन्तुष्टाः सन्तु नमः। (अर्घ्य जल से देवी को समर्पित करे)।

8. सर्वसिद्धिप्रदचक्र के अन्तराल त्रिकोण में –
4 महाकामेश्वरी श्रीपादुकां पूजयामि नमः।
दक्षिणकोणे – **4 महावज्रेश्वरीश्रीपादुकां पूजयामि नमः।**
वामकोणे– **4 महाभगमालिनीश्रीपादुकां पूजयामि नमः।**
चक्र के सामने– **4 त्रिपुराम्बाचक्रेश्वरीश्रीपादुकां पूजयामि नमः।**
4 एताः कामेश्वर्याद्यायोगिन्यः सर्वसिद्धिप्रदचक्रे समुद्राः ससिद्धयः सायुधाः सशक्तयः सवाहनाः सपरिवाराः सर्वोपचारैः संपूजिताः सन्तर्पिताः सन्तुष्टाः सन्तु नमः।
(अर्घ्य जल से देवी को समर्पित करे)।

9. सर्वानन्दमयचक्र के बिन्दुचक्र में –
4 महात्रिपुरसुन्दरी श्रीविद्याश्रीपादुकां पूजयामि नमः (3 बार)।
वामभाग में–**योनिमुद्राश्रीपादुकां पूजयामि नमः।**
चक्र के सामने – **4 त्रिपुरसुन्दरीचक्रेश्वरीश्रीपादुकां पूजयामि नमः। 4 एताः सच्चिदानन्दस्वरूपिणी परापरातिरहस्ययोगिनी सर्वानन्दमयचक्रे समुद्राः ससिद्धयः सायुधाः सशक्तयः सवाहनाः सपरिवाराः सर्वोपचारैः संपूजिताः सन्तर्पिताः सन्तुष्टाः सन्तु नमः।** (अर्घ्य जल से देवी को समर्पित करे)।

<u>अवशिष्टोपचाराः</u>

इसके बाद विस्तृतविधिप्रकरण में बतायी गयी विधि से धूप, दीप, नैवेद्य, आरार्तिक्य (समय हो तो मन्त्रपुष्पांजलि भी कर सकते हैं) आदि को करें अथवा निम्नप्रकार से सम्पादन करे।

11. धूपं–**कृष्णवाहमधि गुह्ययायिनं। भुजैश्चतुर्भिर्जगदादिकारणम्।।**
देवादिदेवं सकलारिसूदनं। चैतन्यरूपं प्रणमामि वायुं।।
श्रीचक्रत्रिपुरसुन्दरीदेवताभ्यो धूपं समर्पयामि पूजयामि नमः।

12. दीपं– **उद्दीप्यस्व जातवेद चोपघ्नन्निर्ऋतिमनु।**
पशुंश्चमह्यमावह जीवनञ्च दिशो दश।।
श्रीचक्रत्रिपुरसुन्दरीदेवताभ्यो दिव्यदीपं समर्पयामि पूजयामि नमः।

13. नैवेद्यं – पूर्वोक्त विधि से नैवेद्य को अर्पित करे।

14. ताम्बूलं - एलालवंगकर्पूरनागवल्लीदलैर्युतं। पूगभागैरतं देवि ताम्बूलं प्रतिगृह्यताम्।। श्रीचक्रत्रिपुरसुन्दरीदेवताभ्यो ताम्बूलं समर्पयामि पूजयामि नमः।

15. प्रदक्षिणा (नमस्कार) - यानि कानि च पापानि पूर्वजन्मकृतानि च। तत्सर्वञ्च क्षम्यतां देवि प्रसीद परमेश्वरि।। श्रीचक्रत्रिपुर-सुन्दरीदेवताभ्यो प्रदक्षिणां समर्पयामि पूजयामि नमः।

16. नीराजनं - वैदिक / स्मार्त / पौराणिक अथवा लौकिक आरती कर अर्पण करे।

16क. मन्त्रपुष्पांजलिः- वैदिक / स्मार्त / पौराणिक अथवा लौकिक पुष्पांजलि अर्पण करे।

पुनः यथाशक्ति मूलमन्त्र को जप कर सहस्रनाम /त्रिशति/ अष्टोत्तरशतनाम द्वारा स्तुति करे। तत्पश्चात् पूजासमर्पण से पात्रोद्वासनपर्यन्त कर्म करे। ।।

।।इति संक्षिप्त विधिः।।

28. परिशिष्टप्रकरणम्

28.1 विस्तृतपूजाकर्तव्यदिनानि

जो इस विस्तृत पूजा को नित्य न कर सके वह कुछ विशेष पर्वों में अवश्य करे। जैसे कि श्रीविद्यारत्नाकर और तन्त्रराजतन्त्र (1. 91-95) में बताया है - अष्टमी, चतुर्दशी, अमावस्या, पूर्णिमा, संक्रान्ति - तिथियों में तथा दोनों नवरात्र, धनतेरस आदि विशिष्ट त्यौहारों में करना चाहिये और अपनी कामना के अनुसार मुहूर्त देखकर करना चाहिये। तन्त्रराजतन्त्र आदि ग्रन्थों में गुरु, परमगुरु, परमेष्ठिगुरु के जन्म व समाधि के तथा स्वयं के जन्म की और श्रीविद्याप्राप्ति की तिथि, वार, नक्षत्र युक्त दिनों में सामर्थ्यानुसार यथाशक्ति करना चाहिये। जब आप विस्तृत पूजा को नित्य नहीं करते हैं तो इस नैमित्तिक विस्तृतपूजा को जिसे विशेषपूजा अथवा महापूजा कहा जाता है, जिसे रात्री में करना श्रेष्ठ माना गया है को करना चाहिए। जैसे कि कुलार्णव में कहा है -

नित्यार्चनं दिवा कुर्याद्रात्रौ नैमित्तिकार्चनम्।
उभयोः काम्यकर्माणि चेति शास्त्रस्य निर्णयः।।

28.2 पूजासिद्ध्यर्थं पालनीयनियमाः

गन्ना न खाये या न चूसे व न उसका रस पिये। पूजाद्रव्यों की निन्दा न करे। स्त्रियों से दुर्व्यवहार व उनकी उपेक्षा न करे। कुलभ्रष्ट पुरुष आदि (श्रेष्ठ विद्वान्, साधक अथवा ब्राह्मण आदि भी क्यों न हो। जैसे कि श्री जगद्गुरु आद्यशंकराचार्यजी ने कहा है – **असंप्रदायवित्सर्व शास्त्रज्ञोऽपि मूर्खवदुपेक्षणीयः** – गीताभाष्यं 13.2)के दर्शन, संलाप, संव्यवहार, उनसे द्रव्य ग्रहण, स्वाध्याय आदि न करे तथा रजस्वला स्त्री को देखना आदि किसी भी प्रकार का सम्बन्ध न करे व उसे प्रताडित न करे तथा उसके द्रव्य को ग्रहण न करे। स्वेच्छापूर्वक पंचमकार (मांस, मछली, मदिरा, मैथुन और मुद्रा) का सेवन न करे अपितु पंचगकार (गौ, गंगा, गायत्री, गुरु व गोविन्द) का यथाशक्ति सेवन करे। व्यवहार करने केलिये भी न्यूनतम बोले अर्थात् वाणी का संयम वर्ते। ये सब उपासक द्वारा अवश्य पालनीय है क्योंकि इनके विना की गयी पूजा व्यर्थ परिश्रम ही होगा, निरर्थक होगा। इन नियमों के अलावा दीक्षाक्रम में बताये गये व कौलशास्त्रों में वर्णित नियमों का यथाशक्ति पालन करें।

28.3 दीक्षा आदि विषयक विचारः

श्री शक्ति महिम्नः स्तोत्रम् के परिशिष्ट में तथा इस ग्रन्थ की भूमिका में दीक्षा विषयक विचार के सम्बन्ध में उपासना व साधना केलिये आवश्यक जानकारी दी गयी है, कृपया जिज्ञासु वहीं से ग्रहण करे।

28.4 सूतकादिकाले कर्तव्यविषयकविचारः

नारदपांचरात्र में कहा गया है कि आतुरस्थिति, सूतक, त्रास, दुर्बोध और भावनी – इन पांच अवस्थाओं में साधना अथवा उपासना करने की विधि में भेद है।

1. आतुर अवस्था में केवल मानस स्मरण पूर्वक मानस जप करने का विधान है।
2. यदि लंघन पर्यन्त रोग(त्रास जैसे कि बेचैनी आदि)और

3. सूतकादि की संभावना हो तो यानि दन्तशोधन, स्नानादि करना संभव न हो अथवा वर्जित हो तो प्रतिमा आदि में पूजा एवं स्थण्डिल आदि में होम करना आरम्भ ही न करे।

किन्तु सूर्यमण्डल में उपास्य की मूर्ति की कल्पना कर पूजा करे अथवा केवल मूलमन्त्र को एक बार उच्चारण करते हुये अक्षत और पुष्प को दूर से ही अर्पण करे यानि मूर्ति, यन्त्र आदि का स्पर्श न करे। रोगादि दोष व सूतकादि प्रतिबन्ध दूर होने पर उपवास पूर्वक प्रार्थना करे- **व्याध्यादिभिरुग्रैः क्लान्तैश्च यन्मयाऽकृतं न तन्मे दोषोऽस्तु।** फिर पूर्ववत् अपना पूजा पाठ आरम्भ करे।

4. दुर्बोध के कारण (मोहवशात् तिथ्यादि काल, दिशा, विधि विषयक भ्रम और वार्धक्य या बालकपन या स्त्री के अपने चंचलस्वभाव) अपनी उपासना में दोष होने का ज्ञान होने पर जप, होम व दान से दोष का परिहार कर लेना चाहिये।

5. पूर्वोक्त विस्तृत विधि अथवा दैनिक संक्षिप्त विधि से पूजन भावनी साधना के अन्तर्गत है जो स्वस्थ व सब प्रकार के प्रतिबन्ध रहित अवस्था में किया जाता है।

28.5 देशकालादिविशेषे मानसपूजाविधानम्

प्रवास और मार्ग में, पूजायोग्यस्थान प्राप्त न होने पर, जल से आप्लावित हो, कारागारादि में निबद्ध हो, शत्रु अथवा हिंसक पशुओं के कारण मन भय से व्याकुल हो, और किसी विषम परिस्थिति के कारण बाह्यपूजा न कर सके तो मानस पूजा अवश्य करनी चाहिये। दन्त धावन, स्नान आदि सकल कर्म भी मन से ही करके उपास्य की पूजा मन में योगपीठ की कल्पना करके उसके बीच में बाह्य पूजा के समान अन्तः पूजा भी समस्त अंगोपांग सहित करे। मानसपूजा में 64 उपचारों को क्रमपूर्वक करने में सहयोगी हैं ये श्लोक-

हृन्मध्यनिलये देवि ललिते परदेवते।
चतुष्षष्ट्युपचरांस्ते भक्त्या मातः समर्पये।।1।।

कामेशोत्संगनिलये पाद्यं गृह्णीष्व सादरम्।
भूषणानि समुत्तार्य गन्धतैलं च तेऽर्पये।।2।।

स्नानशालां प्रविश्याऽथ तत्रत्य मणिपीठके।
उपविश्य सुखेन त्वं देहोद्वर्तनमाचर।।3।।

उष्णोदकेन ललिते स्नापयाम्यथ भक्तितः।
अभिषिंचामि पश्चात्त्वां सौवर्णकलशोदकैः।।4।।

धौतवस्त्रप्रोंछनं च रक्तक्षौमाम्बरं तथा।
कुचोत्तरीयमरुणमर्पयामि महेश्वरि।।5।।

ततः प्रविश्यालेपमण्डपं श्रीमहेश्वरि।
उपविश्य च सौवर्णपीठे गन्धान्विलेपय।।6।।

कालागरुजधूपैश्च धूपये केशपाशकम्।
अर्पयामि च मल्ल्यादिसर्वर्तुकुसुमस्रजः।।7।।

भूषामण्डपमाविश्य स्थित्वा सौवर्णपीठके।
माणिक्यमुकुटं मूर्ध्नि दयया स्थापयाम्बिके।।8।।

शरत्पार्वणचन्द्रस्य शकलं तत्र शोभताम्।
सिन्दूरेण च सीमन्तमलंकुरु दयानिधे।।9।।

भाले च तिलकं न्यस्य नेत्रयोरञ्जनं शिवे।
वालीयुगलमप्यम्ब भक्त्या ते विनिवेदये।।10।।

मणिकुण्डलमप्यम्ब नासाभरणमेव च।
ताटंकयुगलं देवि यावकञ्चाधरेऽर्पये।।11।।

आद्यभूषणसौवर्णचिन्ताकपदकानि च।
महापदकमुक्तावल्येकावल्यादिभूषणम्।।12।।

छन्नवीरं गृहाणाम्ब केयूरयुगलन्तथा।
वलयावलिमंगुल्याभरणं ललिताम्बिके।।13।।

ओड्याणमथ कट्यन्ते कटिसूत्रञ्च सुन्दरि।
सौभाग्याभरणं पादकटकं नूपुरद्वयम्।।14।।

अर्पयामि जगन्मातः पादयोश्चांगुलीयकम्।
पाशं वामोर्ध्वहस्ते च दक्षहस्ते तथांकुशम्।।15।।

अन्यस्मिन्वामहस्ते च तथा पुण्ड्रेक्षुचापकम्।
पुष्पबाणांश्च दक्षाधः पाणौ धारय सुन्दरि।।16।।

अर्पयामि च माणिक्यपादुके पादयोः शिवे।
आरोहावृतिदेवीभिश्चक्रं परशिवे मुदा।।17।।

समानवेशभूषाभिः साकं त्रिपुरसुन्दरि।
तत्र कामेशवामांकपर्यकोपनिवेशिनम्।।18।।

अमृतासवपानेन मुदितां त्वां सदा भजे।
शुद्धेन गांगतोयेन पुनराचमनं कुरु।।19।।

कर्पूरवीटिकामास्ये ततोऽम्ब विनिवेशय।
आनन्दोल्लासहासेन विलसन्मुखपंकजम्।।20।।

भक्तिमत्कल्पलतिकां कृती स्यां त्वां स्मरन् सदा।
मंगलारार्तिक्यं छत्रं चामरं दर्पणं तथा।।21।।

तालवृन्तं गन्धपुष्पधूपदीपांश्च तेऽर्पये।
नमः परमकल्याणगुणसंचयमूर्तये ।।22।।

श्रीकामेश्वरि तप्तहाटककृतैः स्थालिसहस्रैर्भृतम्।
दिव्यान्नं घृतसूपशाकभरितं चित्रान्नभेदैर्युतम्।।23।।

दुग्धान्नं मधुशर्करादधियुतं माणिक्यपात्रार्पितम्।
माषापूपकर्पूरिकादिसहितं नैवेद्यमम्बाऽपैहि।।24।।

त्रयोविंशतिपद्योक्तचतुष्षष्ठ्युपचारात् ।
हृन्मध्यनिलया माता ललिता परितुष्यतु।।25।।

28.6 देवताभेदात् होमे मन्त्रभेदः

1. परमेश्वरी–अग्नि = **इळामग्ने पुरुदंसं सनिंगोः शश्वत्तमं हवमानाय साध। स्यान्नः सूनुस्तनयो विजावाऽग्ने साते सुमतिर्भूत्वस्मे।1।, अग्निमीळे पुरोहितं यज्ञस्य देवमृत्विजम्। होतारं रत्नधातमम्।2।**
2. भगमालिनी–ब्रह्मा = **पुनर्मामैत्विन्द्रियं पुनस्तेजः द्रविणं पुनर्भगः। पुनरग्निर्धिष्ण्या यथा स्थानं कल्पयन्तामिहैव।1।, ब्रह्म यज्ञानं प्रथमम्पुरस्ताद्विशीमतः सुरुचो वेनऽआवः। सबुध्न्या उपमा अस्य विष्ठाः सतश्च योनिमसतश्च विवः स्वाहा।2।**
3. वश्यनित्यक्लिन्न–पार्वती=**आत्वाहार्षमन्तरभूर्धुवस्तिष्ठा विचाचलत्। विशस्त्वा सर्वा वांछन्तु मा त्वद् राष्ट्रमधिभ्रशत्।1।, गौरी मिमाय सलिलानि तक्षत्येकपदी द्विपदी सा चतुष्पद्यष्टापदी नवपदी बभूवुषी। सहस्राक्षरा भुवनस्य पंक्तिस्तस्याः समुद्रा अधिविक्षरन्ति परमे व्योमन्।2।**
4. भेरुण्ड–गणेश = **लोकोऽअसि सुवर्गोऽअसि। अनन्तोऽअस्यपारोऽसि। अक्षितोऽअस्यक्षय्योऽअसि। तपसः प्रतिष्ठा।1।, गणानान्त्वा गणपतिꣳहवामहे प्रियानान्त्वा प्रियपतिꣳ हवामहे निधीनान्त्वा निधिपतिꣳहवामहे वसो मम। आहमजानिगर्भधमात्वमजासि गर्भधम्।2।**
5. वह्निवासिनी–सर्प=अमृतसंजीवनी मन्त्रः– **अस्यामृतसंजीवनीमन्त्रस्य शुक्र ऋषिः, गायत्री छन्दः, अमृत्संजीविनीदेवी देवता, ह्रीं बीजं, स्वाहा शक्तिः, हंसः कीलकं, सर्वाभीष्टसिद्ध्यर्थे विनियोग। ("मूलेन च न्यासं कुर्यात्, त्रिचतुश्चैककं पुनः। षट्चतुर्द्विककेनैव षडंगानि समाचरेत्।।"** अर्थात् 1 ह्रीं हंसः, 2 संजीवनी, 3 जूं, 4 जीवं प्राणग्रन्थिं=हंसः कुरु कुरु, 5 कुरु सौः सौः, 6 स्वाहा।) अथ मन्त्रः – **" ॐ, ह्रीं हंसः, संजीविनी, जूं, हंसः कुरु कुरु, कुरु सौः सौः, स्वाहा।" ।1।, "ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि। धियो यो नः प्रचोदयात्।।**

ॐ हौं जूं सः त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टि वर्धनम्। उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात् सः जूं हौं ॐ तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि। धियो यो नः प्रचोदयात् स्वर्भुवर्भूः।2। नमोऽस्तु सर्पेभ्यो ये के च पृथिवीमनु। येऽअन्तरिक्षे ये दिवि तेभ्यः सर्पेभ्यो नमः।3।"

6. महाविद्येश्वरीषण्मुख = यद्यते च दभिशिलषः।1।, अस्कान्द्यौः पृथिवीम्। अस्कानृषभो युवा गाः। स्कन्नेमा विश्वा भुवना।2।

7. शिवदूती-रवि = मा त्वा रुद्र चुक्रुधामा नमोभिर्मा दुष्टुती वृषभ मा सहुती। उन्नो वीराँ३ अर्पय भेषजेभिर्भिषक्तमं त्वा भिषजां श्रृणोमि।1।, उद्यन्नद्य मित्रमह आरोहन्नुत्तरां दिवम्। हृद्रोगं मम सूर्य हरिमाणं च नाशय।2।

8. त्वरिता-शिव = रुद्री नमकचमकयोः - वेदवेदाऽब्धिरामश्च रामरामद्विकैकैकम्। द्वौ द्वौ पृथग्भिर्मन्त्रैस्तु नमकाश्चमकाः स्मृता।। अर्थात्- चार, चार, चार, तीन, तीन, तीन, दो, एक, एक, दो, दो- इस प्रकार अलग-अलग मन्त्रों से नमक और चमक का क्रम विहित है।1।, नमः शम्भवाय च मयोभवाय च नमः शंकराय च मयस्कराय च नमः शिवाय च शिवतराय च।2।

9. कुलसुन्दरी-दुर्गा = जातवेदसे सुनवाम सोममराती यतो निदहाति वेदः। स नः पर्षदति दुर्गाणि विश्वा नावेव सिन्धुं दुरिता-त्यग्निः।1।, दुर्गागायत्री कात्यायन्यै च विद्महे कन्याकुमारी च धीमहि। तन्नो दुर्गिः प्रचोदयात्।2।

10. नित्या-यम = आवातवाहि भेषजं विवातवाहि यद्रपः। त्वं हि विश्वभेषजो देवानां दूत ईयसे।1। यमाय सोमं सुनुत यमाय जुहुता हविः। यमं ह यज्ञो गच्छत्यग्नि दूतोऽअरंकृतः।2।

11. नीलपताकिनी-विश्वेदेव = हस्ताभ्यां दश शाश्वताभ्यां जिह्व। वाचः पुरोगवी। अनामयित्नुभ्यां त्वा ताभ्यां त्वोपस्पृशामसि।1।, तन्नो विश्वे वरिवस्यन्तु देवाः।2।

12. विजया-विष्णु = जयसूक्त ॐ विद्मा शरस्य पितरं पर्जन्यं भूरिधायसम्। विद्मो ष्वस्य मातरं पृथिवीं भूरिवर्पसम्।1। ज्याके

परिणो नमाश्मानं तन्वं कृधि। वीडुर्वरीयोरातिरप द्वेषांस्या कृधि ।2। वृक्षं यद्गावः परिषस्वजाना अनुस्फुरं शरमर्चन्त्यृभुम्। शरुमस्मद्यावय दिद्युमिन्द्र ।3। यथा द्यां च पृथिवीं चान्तस्तिष्ठति तेजनम्। एवा रोगं चास्रावं चान्तस्तिष्ठतु मुञ्ज इत् ।4।, विष्णोर्नुकं वीर्याणि प्रवोचं यः पार्थिवानि विममे रजांसि। योऽअस्कभायदुत्तरं सधस्थं विचक्रमाणस्त्रेधोरुगायः ।1।

13. सर्वमंगला-कामदेव = पिशंगभृष्टिमं भृणं पिशाचिमिन्द्र संभ्रण। सर्वं रक्षो निवर्हय।1।, कामोऽकार्षीन्नमो नमः। कामोऽकार्षीत्कामः करोति नाहं करोमि।1। कामः कर्ता नाहं कर्ता कामः कारयिता नाहं कारयिता। एष ते काम कामाय स्वाहा।2।

14. ज्वालामालिनी- शिव = त्वमग्ने द्युभिस्त्वमाशुशुक्षणिस्त्वमद्भ्य-स्त्वमश्मनस्परि। त्वं वनेभ्यस्त्वमोषधीभ्यस्त्वं नृणां नृपते जायसे शुचिः।1।, त्वमग्ने रुद्रोऽअसुरो महो दिवस्त्वं शर्धो मारुतं पृक्ष ईशिषे। त्वं वातैररुणैर्यासि संगयस्त्वं पूषा विधातः पासि नुत्मना।2।

15. विचित्रा-चन्द्र = यद्वाग्वदन्त्यविचेतनानि राष्ट्री देवानां निषसाद मन्द्रा। चतस्र ऊर्जं दुदुहे पयांसि क्वस्विदस्याः परमं जगाम।1।, श्रिये जातः श्रिय आनिरियाय श्रियं वयो जरितृभ्यो ददाति। श्रियं वसाना अमृतत्वमायन्भवन्ति सत्या समिता मितद्रौ।2।

16. महालक्ष्मी = श्रीसूक्तं।1।

17. त्रिशक्ति=अम्बितमे नन्दितमे देवितमे सरस्वति। अप्रशस्ता इव स्मसि। प्रशस्तिमम्ब नस्कृधि।1।

18. सर्वसाम्राज्या = किन्ते कृण्वन्ति कीकटेषु गावो नाशिरं दुहे न तपन्ति घर्मम्। आनो भर प्रमगन्दस्य वेदो नैचाशाखं मघवन्रंधयानः।1।

19. परंज्योति = यश्छन्दसामृशभो विश्वरूपः छन्देभ्योध्यमृता-त्संबभूव। स मेन्द्रो मेधया स्पृणोतु। अमृतस्य देव धारणो भूयासम्। शरीरं मे विचर्षणम्। जिह्वा मे मधुमत्तमा। कर्णाभ्यां भूरिविश्रुवम्। ब्रह्मणः कोशोऽसि मेधया पिहितः। श्रुतं मे गोपाय।1।

20. शाम्भवी = परिपूषा परस्तात् दक्षं दधातु दक्षिणाम्। पुनर्नो नष्टमाजतु।1।

21. अजपा = रात्रिसूक्तं- ॐ रात्री व्यख्यदायती पुरुत्रा देव्यक्षभिः। विश्वा अधि श्रियोऽधित।1। ओर्वप्रा अमर्त्या निवतो देव्युद्वतः। ज्योतिषा बाधते तमः।2। निरुस्वसारमस्कृतोषसं देव्यायती। अपेदुहासते तमः।3। सा नो अद्य यस्या वयं नि ते यावन्नविक्ष्महि। वृक्षे न वसतिं वयः।4। नि ग्रामासो अविक्षत नि पद्वन्तो नि पक्षिणः। निश्येनासश्चिदर्थिनः।5। यवया वृक्यं वृकं यवय स्तेनमूर्म्ये। अथा नः सुतरा भव।6। उप मा पेपिशत्तमः कृष्णं व्यक्तमस्थित। उष ऋणेव यातय।7। उप ते गा इवाकरं वृणीष्व दुहितर्दिवः। रात्रि स्तोमं न जिग्युषे।8।

22. मातृका=नमो ब्रह्मणे नमोऽअस्त्वग्नये नमः पृथिव्यै नम ओषधीभ्यः। नमो वाचे नमो वाचस्पतये नमो विष्णवे महते करोमि।।

23. त्वरिता = रुद्री नमकचमकयोः - वेदवेदाऽब्धिरामश्च रामरामद्विकैकैकम्। द्वौ द्वौ पृथग्भिर्मन्त्रैस्तु नमकाश्चमकाः स्मृता।। अर्थात्- चार, चार, चार, तीन, तीन, तीन, दो, एक, एक, दो, दो- इस प्रकार अलग-अलग मन्त्रों से नमक और चमक का क्रम विहित है।1।

24. पारिजातेश्वरी = संसमिध्युवसे वृषशन्नग्ने विश्वान्यर्य आ। इळस्पदे समिध्यसे स नो वसून्याभर।1।, संगच्छध्वं सं वदध्वं सं वो मनांसि जानताम्। देवा भागं यथा पूर्वे संजानाना उपासते।2।, समानो मन्त्रः समितिः समानी समानं मनः सह चित्तमेषाम्। समानं मन्त्रमभिमन्त्रये वः समानेन वो हविषा जुहोमि।3।, समानी व आकूतिः समाना हृदयानि वः। समानमस्तु वो मनो यथा वः सुसहासति।4।

25. त्रिपुटा = इन्द्र श्रेष्ठानि द्रविणानि धेहि चित्तिं दक्षस्य सुभगत्वमस्मे। पोषं रयीणामरिष्टिं तनूनां स्वाद्मानं वाचः सुदिनत्वमह्नाम्।1।

26. पंचबाणेशी = **अक्षिभ्यां ते नासिकाभ्यां कर्णाभ्यां छुबुकादधि। यक्ष्मं शीर्षण्यं मस्तिष्काज्जिह्वाया वि वृहामि ते।1।**

27. अमृतपीठेश्वरी = **यो देवानां प्रथमं पुरस्ताद्विश्वाधि यो रुद्रो महर्षिः।1।**

28. सुधा = **या ओषधीः पूर्वा जाता देवेभ्यस्त्रियुगं पुरा। मनै नु बभ्रूणामहं शतं धामानि सप्त च।1।**

29. अमृतेश्वरी = **धन्वनागा धन्वनाजिं जयेम धन्वना तीव्राः समदौ जयेम। धनुः शत्रोरपकामं कृणोति धन्वनाः सर्वाः प्रदिशो जयेम।1।**

30. अन्नपूर्णा = **अहमस्मि प्रथमजा ऋताऽअस्य। पूर्वं देवेभ्यो अमृतश्च ना३ऽऽभायि।1।**

31. सिद्धलक्ष्मी = **नमोऽस्तु नीलग्रीवाय सहस्राक्षाय मीढुषे। अथो येऽअस्य सत्त्वानो हन्तेभ्योऽअकरन्नमः।1।**

32. राजमातंगी = **ध्रुवासु त्वासु क्षितिषु क्षियन्तो व्यररमत्पाशं वरुणो मुमोचत्। अवो वन्वाना अदितेरुपस्थाध्रयं पातः स्वस्तिभिः सदा नः।1।**

33. भुवनेश्वरी = पवमानसूक्त – **ॐ पुनन्तु मा पितरः सोम्यासः पुनन्तु मा पितामहाः पुनन्तु प्रपितामहाः। पवित्रेण शतायुषा पुनन्तु मा पितामहाः पुनन्तु प्रपितामहाः। पवित्रेण शतायुषा विश्वमायुर्व्यश्नवै।1। अग्न आयूꣳषि पवस आसुवोर्जमिषंचन। आरे बाधस्वदुच्छुनाम्।2। पुनन्तु मा देवजनाः पुनन्तु मनसा धियः। पुनन्तु विश्वाभूतानि जातवेदः पुनीहि मा।3। पवित्रेण पुनीहि मा शुक्रेण देवदीद्यत्। अग्ने क्रत्वा क्रतू३रनु।4। यत्ते पवित्रमर्चिष्यग्ने विततमन्तरा। ब्रह्म तेन पुनातु मा।5। पवमानः सोऽअद्य नः। पवित्रेण विचर्षणिः। यः पोता स पुनातु मा।6। उभाभ्यां देव सवितः पवित्रेण सवेन च। माम्पुनीहि विश्वतः।7। वैश्वदेवी पुनती देव्यगाद्यस्या-मिमा बह्वयस्तन्वा वीतपृष्ठाः। तया मदन्तः सधमादेषु वयꣳस्याम पतयो रयीणाम्।8।**

34. वाराही = भूसूक्त - ॐ भूर्मिभूम्ना द्यौर्वरिणाऽन्तरिक्षं महित्वा। उपस्थे ते देव्यदितेऽग्निमन्नादमन्नाद्यायाद धे।1। आऽयं गौः पृश्निरक्रमीदसनन्मातरं पुरः। पितरं च प्रयन्त्स्वः।2। त्रिꣳशद्धाम विराजति वाक्पतं गाय शिश्रिये। प्रत्यस्य वह द्युभिः।3। अस्य प्राणादपानत्यन्तश्चरति रोचना। व्यख्यन्महिषः सुवः।4। यत्त्वा क्रुद्धः परोवप मन्युना यदवर्त्या। सुकल्पमग्ने तत्तव पुनस्त्वोद्दीपयामसि।5। यत्ते मन्युपरोप्तस्य पृथिवीमनुदध्वसे। आदित्या विश्वे तद्देवा वसवश्च समाभरन्।6। मेदिनी देवी वसुन्धरा स्याद्वसुधा देवी वासवी। ब्रह्मवर्चसः पितृणाꣳश्रोत्रं चक्षुर्मनः।7। देवी हिरण्यगर्भिणी देवी प्रसूवरी। सदने सत्यायने सीद।8। समुद्रवती सावित्रीह नो देवी मह्यं गीः। मही धरणी महोव्यथिष्ठाः श्रृंगे श्रृंगे यज्ञे यज्ञे विभीषिणी। इन्द्रपत्नी व्यापिनी सुरसरिदिह।9। वायुमती जलशयनी श्रियं धाराजा सत्यन्धोपरि मेदिनी। श्वोपरिधत्तं परिगाय।10। विष्णुपत्नीं महीं देवीं माधवीं माधवप्रियाम्। लक्ष्मीं प्रियसखीं देवीं नमाम्यच्युतवल्लभाम्।11। ॐ धनुर्धरायै विद्महे सर्वसिद्ध्यै च धीमहि। तन्नो धरा प्रचोदयात्।12। महीं देवीं विष्णुपत्नीमजूर्याम्। प्रतीचीं मेनाꣳहविषा यजामः। त्रेधा विष्णुरुरुगायो विचक्रमे।13। महीं दिवं पृथिवीमन्तरिक्षं तच्छ्रोणैतिश्रव इच्छमाना। पुण्यꣳश्लोकं यजमानाय कृण्वती।14।, क्षेत्रस्य पतिना वयं हितेनेव जयामसि। गामश्वं पोषयित्वा स नो मृळाती दृशे।1।, रक्षोहणं वाजिनमा जिघर्मि मित्रं प्रथिष्ठमुपयामि शर्म। शिशानो अग्निः क्रतुभिः समिद्धः स नो दिवा सरिषः पातु नक्तम्।2।, विभूरसि प्रवाहणो रौद्रेणानीकेन पाहि माऽअग्ने पिपृहि मा मा माहिꣳसीः।3।

35. शैवदर्शन = सद्योजातं प्रपद्यामि सद्योजाताय वै नमो नमः। भवे भवे नातिभवे भवस्व मां। भवोद्भवाय नमः।1।

36. शाक्तदर्शन = जातवेदसे सुनवाम सोममरातीयतो निधहाति वेदः। स नः पर्षदति दुर्गाणि विश्वा नावेव सिन्धुं दुरितात्यग्निः।1।

37. वेदान्तदर्शन = **ब्रह्म यज्ञानं प्रथमम्पुरस्ताद्विसीमतः सुरुचो वेनऽआवः। स बुध्न्या उपमा अस्य विष्ठाः सतश्च योनिमसतश्च विवः स्वाहा।1।**

38. वैष्णवदर्शन = **तद्विष्णोः परमं पदं सदा पश्यन्ति सूरयः। दिवीव चक्षुराततम्।1।**

39. सारस्वतदर्शन = **उद्यन्नद्य मित्रमहः आरोहन्नुत्तरां दिवम्। हृद्रोगं मम सूर्य हरिमाणं च नाशय।1।**

40. प्रथमावरणान्ते = **इमं मे वरुण श्रुधी हवमद्या च मृळय त्वामवस्युराचके।1।, तत्त्वायामि ब्रह्मणा वन्दमानस्तदाशास्ते यजमानो हविर्भिः। अहेळमानो वरुणे हवोध्युरुशं समान आयुः प्रमोषीः।2।, त्वं नो अग्ने स त्वं नो अग्ने शं नो भवन्तु वाजे वाजे।3।, अग्ने नय सुपथा रायेऽअस्मान् विश्वानि देव वयुनानि विद्वान्। युयोध्यस्मज्जुहुराणमेनो भूयिष्ठां ते नम उक्तिं विधेम।4।,** चान्द्रायणहोम मन्त्राश्च–चान्द्रायणहोमविधिः– पंचगव्य को पृ.सं. 75 में वर्णित विधि से तैयार कर उसमें भावना करे कि – "**वरुणो देवता मूत्रे गोमये हव्यवाहनः। सोमः क्षीरे दध्नि वायुः घृते रविरुदाहृतः। कुशोदकेषु गन्धर्वः क्रमेणैषां तु देवताः।।**" अर्थात् गोमूत्र में वरुण, गोबर में अग्नि, दूध में सोम, दही में वायु, घी में सूर्य और कुशोदक में गन्धर्व देवता का ध्यान/भावना करे। "**आपो हिष्ठेति चालोड्य मानस्तोकेऽभिमन्त्रयेत्। स्थापयित्वा दर्भेषु पालाशैः पात्रकैरथ।।**" अर्थात् आपो हिष्ठा – मन्त्र से मिलावे और मानस्तोके – मन्त्र से अभिमन्त्रित कर पलाश के पत्तों से निर्मित पात्र में दर्भो पर स्थापित करे। '**ॐ आपो हिष्ठा मयोभुवः ता न ऊर्जे दधातन। महेरणाय चक्षसे यो वः शिवतमो रसस्तस्य भाजयते ह नः उषतीरिव मातरः।।**' मन्त्र से पंचगव्य को अच्छी तरह मिलावे और '**ॐ मानस्तोके तनये मानऽआयुषि मानो गोषु मानोऽअश्वेषु रीरिषः। मानो वीरान् रुद्रभामिनो वधीर्हविष्मन्तः सदमित्त्वा हवामहे।।**' मन्त्र से पंचगव्य को अभिमन्त्रित करे। तत्पश्चात् निम्न मन्त्रों से पंचगव्य से हवन करे–

ॐ काराय स्वाहा।1। ॐ अग्नये स्वाहा।2। ॐ सोमाय स्वाहा।3। **ॐ इरावती धेनुमती हि भूतꣳसूयवसिनी मनवे दशस्या। यस्कभ्ना रोदसी विष्णवे ते दाधर्थ पृथिवीमभितो मयूखैः स्वाहा।4। ॐ इदं विष्णुर्विचक्रमे त्रेधा निदधे पदम्। समूढमस्य पाꣳसुरे स्वाहा।5।** ॐ मानस्तोके तनये मानऽआयुषि मानो गोषु मानोऽअश्वेषु रीरिषः। मानो वीरान् रुद्रभामिनो वधीर्हविष्मन्तः सदमित्त्वा हवामहे स्वाहा।6। ॐ पुनन्तु मा पितरः सोम्यासः पुनन्तु मा पितामहाः पुनन्तु प्रपितामहाः। पवित्रेण शतायुषा पुनन्तु मा पितामहाः पुनन्तु प्रपितामहाः। पवित्रेण शतायुषा विश्वमायुर्व्यश्नवै स्वाहा।7। **ॐ अग्न आयूꣳषि पवस आसुवोर्जमिषंचन। आरे बाधस्वदुच्छुनाम् स्वाहा।8।** ॐ पुनन्तु मा देवजनाः पुनन्तु मनसा धियः। पुनन्तु विश्वाभूतानि जातवेदः पुनीहि मा स्वाहा।9। ॐ पवित्रेण पुनीहि मा शुक्रेण देवदीद्यत्। अग्ने क्रत्वा क्रतूꣳरनु स्वाहा।10। ॐ यत्ते पवित्रमर्चिष्यग्ने विततमन्तरा। ब्रह्म तेन पुनातु मा स्वाहा।11। ॐ पवमानः सोऽअद्य नः पवित्रेण विचर्षणिः यः पोता स पुनातु मा स्वाहा।12। **ॐ उभाभ्यां देव सवितः पवित्रेण सवेन च। माम्पुनीहि विश्वतः स्वाहा।13। ॐ वैश्वदेवी पुनती देव्यगाद्यस्यामिमा बह्व्यस्तन्वा वीतपृष्ठाः। तया मदन्तः सधमादेषु वयꣳस्याम पतयो रयीणाम् स्वाहा।14।** ॐ कारायस्वाहा।15। ॐ भूः स्वाहा।16। ॐ भुवः स्वाहा।17। ॐ स्वः स्वाहा।18। ॐ महः स्वाहा।19। ॐ जनः स्वाहा।20। ॐ तपः स्वाहा।21। ॐ सत्यं स्वाहा।22। **ॐ प्रजापतये स्वाहा।23। ॐ स्विष्टकृते स्वाहा।24।** हवन करने के बाद अवशिष्ट पंचगव्य को निम्न विधि से पीना है – **"नदीप्रस्रवणे तीरे रहस्ये देवमन्दिरे। शुचौ देशे पवित्रात्मा अहोरात्रोषितः पिबेत्।। ब्रह्महा परदारी च ये चान्येऽस्थिगता मलाः। ब्रह्मकूर्चो दहेदेतान् यथाग्निः तृणमेव तु।।"** अर्थात् बहती नदी के तट पर, एकान्तस्थान, देवमन्दिर अथवा किसी भी शुद्ध स्थान पर बैठ के दिनरात की तपस्या से व शुद्ध विचार से युक्त होकर पीना है। इस प्रकार चान्द्रायण विधि का

पालन पूर्वक हवन करने से ब्रह्महत्या दोष, परस्त्रीसमागम दोष आदि अन्य समस्त पाप रूपी मल जो हड्डियों में स्थित हैं वे सब अग्नि में घास के जलने के समान नष्ट हो जाते हैं।

41. द्वितीयावरणान्ते = **तरत्स मन्दी धावति धारा सुतस्यान्धसः। तरत्स मन्दी धावति।1। सिꣳहीरसि महिषीरस्युरु प्रथस्वोरु ते यज्ञपतिः प्रथतां ध्रुवाऽअसि देवेभ्यः शुन्धस्व देवेभ्यः शुम्भस्वेन्द्रघोष स्त्वा।2।**, फलीकरणहोममन्त्राश्च- **स्तुवानमग्न आ वह यातुधानं किमीदिदम्। त्वं हि देव वन्दितो हन्ता दस्योर्बभूविथ।1। आज्य परमेष्ठिन् जातवेदस्तनूवशिन्। अग्ने तौलस्य प्राशान यातुधानान् वि लापय।2। वि लपन्तु यातुधाना अत्त्रिणां ये किमीदिनः। अथेदमग्ने नो हविरिन्द्रश्च प्रति हर्यताम्।3। अग्निः पूर्व आरभ्यतां प्रेन्द्रो नुदतु बाहुमान्। ब्रवीतु सर्वो यातुमान् अयमस्मीत्येत्य।4। पश्याम ते वीर्यं जातवेदः प्र णो ब्रूहि यातुधानान् नृचक्षः। त्वया सर्वे परितप्ताः त आ यन्तु प्रब्रुवाणा उपेदम्।5। आ रभस्व जातवेदोऽस्माकाऽअर्थाय जज्ञिषे। दूतो नो अग्ने भूत्वा यातुधानान् वि लापय।6। त्वमग्ने यातुधानान् उपबद्धाँ इहावह। अथैषामिन्द्रो वज्रेणापि शीर्षाणि वृश्चतु।7।**

42. तृतीयावराणान्ते = **अनुहवं परिहवं परिवादं परिक्षपम्। दुस्वप्नं दुरुदितं तद् द्विषद्भ्यो दिशाम्यहम्।1।**, **आरात्त्रिपार्थिवꣳरजः पितुरप्रायिधामभिः। दिवः सदाꣳसि बृहती वितिष्ठसऽआत्त्वेषं वर्तते तमः।2।** प्राजापत्य होम मन्त्राः - **ब्राह्मणमद्य विदेयं पितृमन्तं पैतृमत्यमृषिमार्षेयꣳसुधातु दक्षिणम्। अस्माद्दाता देवत्रा गच्छत प्रदातारमाविशत।।1।। मातेव पुत्रं पृथिवी पुरीष्यमग्निꣳस्वे योनावभारुषा। तो विश्वैर्देवैर्ऋतुभिः संविदानः प्रजापतिर्विश्वकर्मा वि मुंचतु।।2।। ब्रह्म यज्ञानं प्रथमं पुरस्ताद्वि सीमतः सुरुचो वेनऽआवः। स बुध्न्याऽउपमाऽअस्य विष्ठाः सतश्च योनिमसतश्च विवः स्वाहा।।3।। ब्रह्म क्षत्रं पवते तेजऽइन्द्रियꣳसुरया सोमः सुतऽआ-सुतो मदाय। शुक्रेण देव देवताः पिपृग्धि रसेनान्नं यजमानाय धेहि।।4।।**

आ ब्रह्मन् ब्रह्मणो ब्रह्मवर्चसी जायतामा राष्ट्रे राजन्यः शूरऽइष-व्योऽतिव्याधी महारथो जायताम् दोग्ध्री धेनुर्वोढानड्वानाशुः सप्तिः पुरन्धिर्योषा जिष्णू रथेष्ठाः सभेयो युवास्य यजमानस्य वीरो जायतां निकामे निकामे नः पर्जन्यो वर्षतु फलवत्यो नऽओषधयः पच्यन्तां योगक्षेमो नः कल्पताम्।।5।। ब्रह्म सूर्यसमं ज्योतिर्द्यौः समुद्र-समꣳसरः। इन्द्रः पृथिव्यै वर्षीयान् गोस्तु मात्रा न विद्यते।।6।। प्रजापते न त्वदेतान्यन्यो विश्वा रूपाणि परिता बभूव। यत्कामास्ते जुहुमस्तन्नोऽअस्तु वयꣳस्याम पतयो रयीणाम्।।7।। ब्राह्मणासः पितरः सोम्यासः शिवे नो द्यावापृथिवीऽनेहसा। पूषा नः पातु दुरितादृतावृधो रक्षा माकिर्नोऽअघशꣳसऽईशत।।8।। ब्रह्मणे ब्राह्मणं क्षत्राय राजन्यं मरुद्भ्यो वैश्यं तपसे शूद्रं तमसे तस्करं नारकाय वीरहणं पाप्मने क्लीबमाक्रायायाऽअयोꣳकामाय पुँश्चलूमतिक्रुष्टाय मागधम्।।9।। ब्रह्माणि मे मतयः शꣳसुतासः शुष्मऽइयर्ति प्रभृतो मेऽअद्रिः। आ शासते प्रति हर्यन्त्युक्थेमा हरी वहतस्ता नोऽअच्छ।।10।। ब्रह्मणस्पते त्वमस्य यन्ता सूक्तस्य वोधि तनयं च जिन्व। विश्वं तद्भद्रं यदवन्ति देवा बृहद्वदेम विदथे सुवीराः। यऽइमा विश्वा विश्वकर्मा यो नः पितान्नपतेऽअन्नस्य नो देहि।।11।।

43. चतुर्थावरणान्ते = अग्न्याधानहोमस्य प्रधानाहुतिमन्त्रः– **ममाग्ने वर्चो विहवे वस्तु वयन्त्वेन्धानास्तन्वं पुषेम। मह्यं नमन्तां प्रदिशश्चत-स्रस्त्वयाध्यक्षेण पृतना जयेम स्वाहा।1। भूर्भुवःस्वः स्वाहा।2।**

44. पंचमावरणान्ते = गणहोममन्त्राः– गणेशजी का ध्यानादि करके 11 आहुतियां दें – "**ॐ स्वहा 1, ॐ श्रीं स्वाहा 2, ॐ श्रीं ह्रीं स्वाहा 3, ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं स्वाहा 4, ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं ग्लौं स्वाहा 5, ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं ग्लौं गं स्वाहा 6, ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं ग्लौं गं गणपतये स्वाहा 7, ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं ग्लौं गं गणपतये वरवरद स्वाहा 8, ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं ग्लौं गं गणपतये वरवरद सर्वजनं मे स्वाहा 9, ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं ग्लौं गं गणपतये वरवरद सर्वजनं मे वशमानय स्वाहा 10, ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं ग्लौं गं गणपतये वरवरद सर्वजनं मे वशमानय**

स्वाहा ह्रीं श्रीं ॐ स्वाहा 11। अब इस मन्त्र से 108 आहुतियां दें - **"ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ग्लौं गं गणपतये वरवरद सर्वजनं मे वशमानय स्वाहा ह्रीं श्रीं ॐ स्वाहा"।** तत्पश्चात् **"ॐ क्षं इं पं रें गं गणपतये स्वाहा"** इस मन्त्र से 108 आहुतियां दें। (समय व सामर्थ्य हो तो गणेशाथर्वशीर्ष अथवा गणेशस्तव से भी हवन करें।)

45. षष्ठावरणान्ते = गृहवास्तुहोममन्त्राः -(आज्याहुतिद्वयं दद्यात्) **ॐ इहरतिरिहरमध्वमिह धृतिरिहस्वधृतिः स्वाहा। इदमग्नये न मम।1। ॐ उपसृजंधरुणं मात्रे धरुणो मातरधयन्। रायस्पोषमस्मासु दीधरत्स्वाहा। इदमग्नये न मम।2।** (समित्तिलपायसाज्यैः 108 आहुतीः - 4 मन्त्र % 27 बार) **ॐ वास्तोष्पते प्रतिजानीह्यस्मान्त्स्वावे शोऽअनमीवोभवानः। यत्वेमहे प्रतितन्नो जुषस्व शन्नो भव द्विपदे शं चतुष्पदे स्वाहा। इदं वास्तोष्पतये न मम।1। ॐ वास्तोष्पते प्रतरणोनऽएधि गयस्फानो गोभिरश्वेभिरिन्द्रो। अजरासस्ते सख्ये स्याम पितेव पुत्रान्प्रतितन्नो जुषस्व शन्नो भव द्विपदे शं चतुष्पदे स्वाहा। इदं वास्तोष्पतये न मम।2। ॐ वास्तोष्पते शग्मयासꣳसदा ते सक्षीम हितण्ययागा तु मत्या। पाहि क्षेमऽउत योगे वरन्नो यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः स्वाहा। इदं वास्तोष्पतये न मम।3। ॐ अमीवहा वास्तोष्पते विश्वारूपाण्याविशन्। सखा सुशेवऽएधि नः स्वाहा। इदं वास्तोष्पतये न मम।4।**

46. सप्तमावरणान्ते = बौधायनोक्तापूर्वविधिशान्तिहोममन्त्राः- **ॐ शन्नऽइन्द्राग्नी भवतामवोभिः शन्नऽइन्द्रावरुणारातहव्या। शमिन्द्रासोमासुविताय शंयोः शन्नऽइन्द्रापूषणावाजसातौ।1। शन्नो भगः शमुनः शंनोऽअस्तु शन्नः पुरंधिः शमुसन्तुरायः। शन्न सत्यस्य सुयमस्य शंसः शन्नोऽर्यमा पुरुजातोऽस्तु।2। शन्नो धाता शमु धर्ता नोऽस्तु शन्न उरूची भवतु स्वधाभिः। शं रोदसी बृहती शन्नोऽद्रिः शन्नो देवानां सुहवानि सन्तु।3। शन्नोऽग्निर्ज्योतिरनीकोऽस्तु शन्नो मित्रावरुणावश्विना शम्। शन्नः सुकृता सुकृतानि सन्तु शन्नऽइषिरोऽअभिवातु वातः।4। शन्नो द्यावापृथिवी पूर्वहूतौ**

शमन्तरिक्षं दृशये नोऽअस्तु। शन्न ओषधीर्वनिनो भवन्तु शन्नो रजसस्पतिरस्तु जिष्णुः।5। शन्न इन्द्रो वसुभिर्देवोऽस्तु शमादित्येभिर्वरुणः सुशंसः। शन्नो रुद्रो रुद्रेभिर्जलाषः शन्नस्त्वष्टाग्नाभिरिह श्रुणोतु।6। शन्नः सोमो भवतु ब्रह्म शन्नः शन्नो ग्रावाणः शमु सन्तु यज्ञाः। शन्नः स्वरूणां मितयो भवन्तु शन्नःप्रस्वः शम्वस्तु वेदिः।7। शन्नः सूर्य उरु चक्षा उदेतु शन्नश्चतस्रः प्रदिशो भवन्तु। शन्नः पर्वता ध्रुवयो भवन्तु शन्नः सिन्धवः शमु सन्त्वापः।8। शन्नोऽदितिर्भवतु व्रतेभिश्शन्नो भवन्तु मरुतः स्वर्काः। शन्नो विष्णुः शमु पूषा नोऽअस्तु शन्नो भवित्रं शम्वस्तु वायुः।9। शन्नो देवः सविता त्रायमाणः शन्नो भवन्तूशसो विभातीः। शन्नः पर्जन्यो भवतु प्रजाभ्यः शन्नः क्षेत्रस्य पतिरस्तु शम्भुः।10। शन्नो देवा विश्वेदेवा भवन्तु शं सरस्वती सह धीभिरस्तु। शमभिषाचः शमुरातिषाचः शन्नो दिव्याः पार्थिवाः शन्नोऽअप्याः।11। शन्नः सत्यस्य पतयो भवन्तु शन्नोऽअर्वन्तः शमु सन्तु गावः। शन्न ऋभवः सुकृतः सुहस्ताः शन्नो भवन्तु पितरो हवेशु।12। शन्नोऽअज एकपाद्देवोऽअस्तु शन्नोऽअहिर्बुध्न्यः शं समुद्रः। शन्नोऽअपांन-पात्पेरुरस्तु शन्नः पृश्निर्भवतु देवगोपा।13। आदित्या रुद्रा वसवो जुषन्तेदं ब्रह्म क्रियमाणं नवीयः। श्रृण्वन्तु नो दिव्याः पार्थिवासो गोजाता उत ये यज्ञियासः।14। ये देवानां यज्ञियायज्ञियानां मनोर्य-जत्राऽमृता ऋतज्ञाः। तेनोरासन्तामुरुगायमद्य यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः।15।

47. अष्टमावरणान्ते = बौधायनोक्तदर्शपूर्णमासहोममन्त्राः - अग्निध्यानमन्त्र- **ॐ अग्निर्मूर्धा दिवः ककुत्पतिः पृथिव्या अयम्। अपां रेतांसि जिन्वतो3म्।।** आहुतिमन्त्र- **ये3 यजामहे अग्निं भुवो यज्ञस्य रजसश्च नेता यत्रानियुद्भिः सचसे शिवाभिः। दिवि मूर्धानं दधिशे स्वर्षा जिह्वामग्ने चकृशे हव्यवाहां3 वौ3षट् स्वाहा।। इदमग्नये न मम।1।** अग्नीषोमप्रथमध्यानमन्त्र- **ॐ अग्नीषोमाविमं सु मे श्रृणुतं वृषणा हवम्। प्रति सूक्तानि हर्यतं भवतं दाशुषे मयो3म्।** आहुतिमन्त्र- **ये3 यजामहे अग्नीषोमावाज्यस्य वीतां वौ3षट् स्वाहा।**

अग्नीषोमाभ्यामिदं न मम।2। अग्नीषोमद्वितीयध्यानमन्त्र- **ॐ अग्नीषोमा सवेदसा सहूती वनतं गिरः। सं देवत्रा बभूवथो3म्।।** आहुतिमन्त्र- **ये3 यजामहे अग्नीषोमौ युवमेतानि दिवि रोचनान्यग्निश्च सोम सक्रतू अधत्तम्। युवं सिन्धूँरभिशस्तेरवद्यादग्निषोमाममुंचतं गृभीतान् वौ3षट् स्वाहा।। अग्नीषोमाभ्यामिदं न मम।3।**

48. नवमावरणान्ते = चण्डीहोम को दुर्गासूक्त (तैत्तिरीय आरण्यक 4.10.2) और देवीसूक्त (ऋग्वेद संहिता 10.8.125) से करें। (दुर्गासूक्तं-) **ॐ जातवेदसे सुनवाम सोम मरातीयतो निदहाति वेदः। स नः पर्षदति दुर्गाणि विश्वा नावेव सिन्धुं दुरिताऽत्यग्निः।1। तामग्निवर्णां तपसा ज्वलन्तीं वैरोचनीं कर्मफलेषु जुष्टाम्। दुर्गां देवी॰शरणमहं प्रपद्ये। सुतरसि तरसे नमः।2। अग्ने त्वं पारया नव्यो अस्मान्स्वस्तिभिरति दुर्गाणि विश्वा। पूश्च पृथिवी बहुला न उर्वी भवा तोकाय तनयाय शंयोः।3। विश्वानि नो दुर्गहा जातवेदः सिन्धुन्न नावा दुरिताऽतिपर्षि। अग्ने अत्रिवन्मनसा गृणानोऽस्माकं बोध्यविता तनूनाम्।4। पृतना जित॰सहमानमुग्रमग्नि॰हुवेम परमासधस्तात्। स नः पर्षदति दुर्गाणि विश्वा क्षामद्देवो अति दुरिताऽत्यग्निः।5। प्रत्नोषि कमीड्यो अध्वरेषु सनाच्च होता नव्यश्च सत्सि। स्वाञ्चाऽग्ने तनुवं पिप्रयस्वास्मभ्यं च सौभाग्यमायजस्व।6। गोभिर्जुष्टमयुजो निषिक्तं तवेन्द्र विष्णोरनु संचरेम। नाकस्य पृष्ठमभि संवसानो वैष्णवीं लोको इह मादयन्ताम्।7।** (देवीसूक्तं-) **ॐ अहं रुद्रेभिर्वसुभिश्चराम्यहमादित्यैरुत विश्वदेवैः। अहं मित्रावरुणोभा बिभर्म्यहमिन्द्राग्नी अहमश्विनोभा।1। अहं सोममाहनसं बिभर्म्यहं त्वष्टारमुत पूषणं भगम्। अहं दधामि द्रविणं हविष्मते सुप्राव्ये यजमानाय सुन्वते।2। अहं राष्ट्रीं संगमनी वसूनां चिकितुषी प्रथमा यज्ञियानाम्। तां मा देवा व्यदधुः पुरुत्रा भूरिस्थात्रां भूर्यावेशयन्तीम्।3। मया सोऽअन्नमत्ति यो विपश्यति यः प्राणिति य ईं शृणोत्युक्तम्। अमन्तवोमान्त उपक्षियन्ति श्रुधिश्रुत श्रद्धिवं ते वदामि।4। अहमेव स्वयमिदं वदामि जुष्टं देवेभिरुत मानुषेभिः। यं कामये तं तमुग्रं कृणोमि तं ब्रह्माणं तमृषिं तं सुमेधाम्।5। अहं रुद्राय धनुरातनोमि ब्रह्मद्विषे शरवेहन्त वा उ। अहं जनाय समदं**

कृणोम्यहं द्यावापृथिवी आविवेश।6। अहं सुवे पितरमस्य मूर्धन्मम योनिरप्स्व1न्तः समुद्रे। ततो वितिष्ठे भुवनानु विश्वो तामूं द्यां वर्ष्मणोपस्पृशामि।7। अहमेव वातऽइव प्रवाम्यारभमाणा भुवनानि विश्वा। परो दिवा पर एना पृथिव्यै तावती महिना संबभूव।8। तथा आगम के अनुसार पौराणिक मन्त्रों यानि सप्तश्लोकी दुर्गा से भी हवन करें- ॐ ज्ञानिनामपि चेतांसि देवी भगवती हि सा। बलादाकृष्य मोहाय महामाया प्रयच्छति।1। दुर्गे स्मृता हरसि भीतिमशेषजन्तोः, स्वस्थैः स्मृता मतिमतीव शुभां ददासि। दारिद्र्यदुःखभयहारिणि का त्वदन्या, सर्वोपकारकरणाय सदार्द्रचित्ता ।।2।। सर्वमंगलमांगल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके। शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोऽस्तु ते।।3।। शरणागतदीनार्तपरित्राणपरायणे। सर्वस्यार्तिहरे देवि नारायणि नमोऽस्तु ते।।4।। सर्वस्वरूपे सर्वेशे सर्वशक्तिसमन्विते। भयेभ्यस्त्राहि नो देवि दुर्गे देवि नमोऽस्तु ते।।5।। रोगानशेषानपहंसि तुष्टा रुष्टा तु कामान् सकलानभीष्टान्। त्वामाश्रितानां न विपन्नराणां त्वामाश्रिता ह्याश्रयतां प्रयान्ति।।6।। सर्वाबाधाप्रशमनं त्रैलोक्यस्याखिलेश्वरि। एवमेव त्वया कार्यमस्मद्वैरिविनाशनम्।।7।।

28.7 कामनाभेदात् होमे द्रव्यभेदः

(मूलमन्त्र का न्यूनतम 10,000 जप कर कामना के अनुसार नीचे विधान किये गये द्रव्य से दशांश हवन करें। कम से कम 48 दिन का एक अनुष्ठान करना चाहिये। जिस कामना में कम अथवा अधिक दिन करना होगा वह स्पष्ट कर दिया गया है।)

1. **लक्ष्मीप्राप्ति - बिल्वपत्र से हवन करें।**
2. **नौकरीप्राप्ति - मोगरा (मल्लिका) और सफेद सदाबहार के फूल से होम करे (7 शुक्रवार)।**
3. **शत्रुनाश - अडोल के फूलों से हवन करे (7 दिन)** अथवा **कुशाग्र से जल में हवन कर उस जल से शत्रु निवास की दिशा में तर्पण दे (11 दिन)।**

4. विद्यालाभ - दूर्वा से हवन करें (न्यूनतम 3 अनुष्ठान)।
5. सर्वसामान्यवशीकरण - सफेद सरसों से हवन करे अथवा सादा नमक, कालानमक, श्रोत्रांजन, शहद, घी और शक्कर मिलाकर अभिमन्त्रित करके हवन करे अथवा अडोल के फूलों से हवन करें।
6. मनोऽभीष्टकार्यसिद्धिः - कालातिल और घी से हवन करें।
7. अधिकारी व इष्टस्त्री वशीकरण - लालचन्दन व लाल कनेर के फूल से हवन करें।
8. देवता, भूत, प्राणी व ग्रह वशीकरण - सफेद अगरु और घी से हवन करें (108 दिन)।
9. रोगनाश, धनप्राप्ति व सौभाग्यवृद्धि - दही और घी ।
10. अपमृत्युनिवारण व आयुवृद्धि - दूध व घी से हवन करे।
11. कठिनरोगनाश व ऋणमुक्ति -शहद और घी (108 दिन)।
12. दरिद्रता व कष्ट निवारण - त्रिफला और त्रिकूटा।
13. पदप्राप्ति व उद्योग-लालकमल व कुंकुमयुक्त घी (108 दिन)।
14. ऐश्वर्यप्राप्ति - कुमुदिनी (सफेदकमल) से हवन करें।
15. वाक्सिद्धि - खाने का कपूर व घी से हवन करें।
16. बड़े लोगों का वशीकरण - केला और घी (81 दिन)।
17. सर्वदोषनिवारण - चावल, घी और नवग्रह की समिधाओं से हवन करें (21 दिन)।
18. दुःखनाश - गुग्गुल और घी से हवन करें (21 दिन)।
19. यशःप्राप्ति - खीर व घी से हवन करें।
20. विवाह - कपूर, कुंकुम, कस्तूरी व घी से हवन करें।
21. परस्परप्रीति - चमेली, पाटल, विश्वफूल व घी।
22. व्यापारवृद्धि - खील (लाजा) व घी से हवन करें।
23. भूतादिवश - करंजफल व घी से हवन करें।
24. नेत्र व शिरोरोग निवृत्ति - 11 पूर्णिमा भस्म से सहस्रनामार्चन करके लालकमल, चावल व घी से हवन करें।

✣ ✣ ✣ ✣ ✣

28.8 श्रीयन्त्रलेखनप्रकार:

बिन्दुत्रिकोण वसुकोण दशारयुग्मम्,
मन्वस्रनागदल शोभित षोडशारम्।
वृत्तत्रयं च धरणीसदनत्रयं च,
श्रीचक्रमेतदुदितं परदेवतायाः।।

1. लाल बिन्दु, 2. अधोमुखत्रिकोण, 3. अष्टकोण, 4. अन्तर्दशार, 5. बहिर्दशार, 6. चतुर्दशकोण, 7. अष्टदलपद्म, 8. षोडशदलपद्म, 9. चतुष्कोण। इस श्रीचक्र को लिखने के अनेक प्रक्रिया है। किन्तु हम यहाँ त्रिपुरोपनिषद् भाष्य के अनुसार कौलमार्ग में श्रीयन्त्र को लिखने की प्रक्रिया को दर्शा रहे हैं – सर्व प्रथम 5 सेंमि. व्यासार्ध/त्रिज्या (रेडियस) का वृत्त बनाये। उसके केन्द्र बिन्दु से 1.5 सेंमि नीचे और 1.5 सेंमि ऊपर 9.5 सेंमि रेखा उत्तर से दक्षिण खींचे (चित्र सं. 28, पृ. सं. 351 में क्रमांक 3 व 7)। पुनः उन दोनों में से ऊपरवाली रेखा (7) के 1 सेंमि ऊपर और नीचेवाली रेखा (3) के 1 सेंमि नीचे 6.0 सेंमि रेखा उत्तर से दक्षिण खींचे (चित्र में क्रमांक 2 व 8)। उसी प्रकार पुनः उन दोनों में से ऊपरवाली रेखा (8) के 1 सेंमि ऊपर और नीचेवाली रेखा (2) के 1 सेंमि नीचे 4.0 सेंमि रेखा उत्तर से दक्षिण खींचे (चित्र में क्रमांक 1 व 9)। तत्पश्चात् एक छोटी रेखा वृत्त के केन्द्र बिन्दु से 0.5 सेंमि ऊपर 1.8 सेंमि रेखा उत्तर से दक्षिण खींचे (चित्र सं. 28 में क्रमांक 5)। फिर वृत्त के केन्द्र बिन्दु से 0.9 सेंमि ऊपर और नीचे 2.7 सेंमि चौड़े उत्तर से दक्षिण रेखा खींचे (चित्र में क्रमांक 4 व 6)। इस प्रकार कुल 9 रेखायें वृत्त के अन्दर बनायी गयी हैं। अब सर्वप्रथम अधोमुखी त्रिकोणों को बनाना है। रेखा सं 9 के किनारों से दो भुजा इस प्रकार खीचें की त्रिकोण की नोक रेखा सं 4 के बीच में हो। इसी प्रकार रेखा सं 8 के किनारों से रेखा सं 1 के बीच में, रेखा सं 7 के किनारों से वृत्त के मूल में, रेखा सं 6 के किनारों से रेखा सं 2 के बीच में और रेखा सं 5 के किनारों से रेखा सं 3 के बीच में भुजाओं को जोड़ें। अब ऊर्ध्वमुखी त्रिकोणों को बनाये। रेखा सं 1 के

किनारों से रेखा सं 7 के बीच में, रेखा सं 2 के किनारों से रेखा सं 9 के बीच में, रेखा सं 3 के किनारों से वृत्त के ऊपरी छोर में, रेखा सं 4 के किनारों से रेखा सं 8 के बीच में भुजाओं को जोड़ें। अब प्रथम वृत्त के बाहर 6.5 सेंमि. व्यासार्ध/त्रिज्या (रेडियस) का दूसरा वृत्त बनाये और दोनों वृत्तों के बीच में कमल की 8 पंखुड़ियों को चित्रित करे। पुनः दूसरे वृत्त के बाहर 7.5 सेंमि. व्यासार्ध/त्रिज्या (रेडियस) का तीसरा वृत्त बनाये और दोनों वृत्तों के बीच में कमल की 16 पंखुड़ियों को चित्रित करे। तत्पश्चात् उस तीसरे वृत्त के बाहर 7.7 सेंमि. व्यासार्ध/त्रिज्या (रेडियस) का चौथा वृत्त बनाये और पुनः उस चौथे वृत्त के बाहर 8.0 सेंमि. /व्यासार्ध/त्रिज्या (रेडियस) का पांचवां वृत्त बनाये। अब इस पांचवें वृत्त के बाहर तीन/ चतुष्कोणात्मक चौकोर परिधि 0.25 सेंमि दूरी रखते हुये बनाये। उन चौकोरों की चारों भुजाओं के बीच में चार द्वार न्यूनतम 2 सेंमि चौड़े बनाये। दक्षिणामूर्ति मत में द्वार बन्द होते हैं और अन्यों के मत में नहीं, जैसे कि चित्र संख्या 28, में दर्शाया गया है। वाममार्ग में श्रीयन्त्र लिखने की प्रक्रिया में अन्तर है। अपने श्रीगुरु से अन्तर को समझकर बनाये।

।।श्रीदेव्यर्पणमस्तु।।

चित्र 28

29. श्री राजराजेश्वर्यष्टकं

शार्दूलविक्रीडित छन्द का लक्षण है - **'सूर्याश्वैर्यदि मः सजौ सततगाः शार्दूलविक्रीडितम्।'** अर्थात् मसजसतत गणों व अन्त में एक गुरुवर्ण से विरचित होता है। अतः 12, 7 अक्षरों का विभाग पूर्वक पाठ करना है। यह स्तोत्र इसी छन्द का प्रभेद में विरचित है, अन्तर इतना है कि मयजसततग गणों से बना है। दूसरे त्रिक में सगण के स्थान पर यगण है।

अम्बा शाम्भवी चन्द्रमौलिरबलाऽपर्णा ह्युमापार्वती,
काली हैमवती शिवा त्रिनयनी कात्यायनी भैरवी।
सावित्री नवयौवना शुभकरी साम्राज्यलक्ष्मीप्रदा,
चिद्रूपी परदेवता भगवती श्रीराजराजेश्वरी।। 1।।

अम्बा मोहिनी देवता त्रिभुवनी ह्यानन्दसंदायिनी,
वाणी पल्लवपाणी वेणुमुरलीगानप्रियालोलिनी।
कल्याणी ह्युडुराजबिम्बवदना धूम्राक्षसंहारिणी,
चिद्रूपी परदेवता भगवती श्रीराजराजेश्वरी।। 2।।

अम्बा नूपुररत्नकंकणधरी केयूरहारान्विता,
जाजीचंपकवैजयन्तिलहरी ग्रैवेयकै राजिता।
वीणावेणुनिनादमंडितकरा वीरासने संस्थिता,
चिद्रूपी परदेवता भगवती श्रीराजराजेश्वरी।। 3।।

अम्बा रौद्रिणी भद्रकाली बगला ज्वालामुखी वैष्णवी,
ब्रह्माणी त्रिपुरान्तकी सुरनुता देदीप्यमानोज्ज्वला।
चामुण्डाश्रितरक्षपोषजननी दाक्षायणी पल्लवी,
चिद्रूपी परदेवता भगवती श्रीराजराजेश्वरी।। 4।।

अम्बा शूलधनुःकुशांकुशधरी ह्यर्धेन्दुबिम्बाधरी,
वाराही मधुकैटभप्रशमनी वाणीरमासेविता।

मल्लाद्यासुरमूकदैत्यदमनी माहेश्वरी ह्यम्बिका,
चिद्रूपी परदेवता भगवती श्रीराजराजेश्वरी।।5।।

अम्बा सृष्टिविनाशपालनकरी ह्यार्यादिसंसेविता,
गायत्री प्रणवाक्षरामृतरस - पूर्णानुसंधीकृता।
ॐ कारी विनतासुतार्चितपदा ह्युद्दण्डदैत्यापहा,
चिद्रूपी परदेवता भगवती श्रीराजराजेश्वरी।।6।।

अम्बा शाश्वती चागमादिविनुता ह्याद्या महादेवता,
या ब्रह्मादिपिपीलिकान्तजननी या वै जगन्मोहिनी।
या पंचप्रणवादिरेफजननी या चित्कलामालिनी,
चिद्रूपी परदेवता भगवती श्रीराजराजेश्वरी।।7।।

अम्बा पालितभक्तराजरचितं ह्यम्बाष्टकं यः पठेत्,
अम्बा लोककटाक्षवीक्षललिता चैश्वर्यमव्याहता।
अम्बा पावनमन्त्रराजपठनादन्ते च मोक्षप्रदा,
चिद्रूपी परदेवता भगवती श्रीराजराजेश्वरी।।8।।

।। इति श्री राजराजेश्वर्यष्टकं संपूर्णम्।।

30. अथ (षोडशी)कल्याणी स्तोत्रम्

इस स्तोत्र के 1 से 15 तक के श्लोक **वसन्ततिलका** छन्द में है, जिसका लक्षण है - '**उक्ता वसन्ततिलका तमजाः जगौ गः।**' अर्थात् तमजज गणों व अन्त में दो गुरुवर्णों से विरचित होता है। अतः 8, 6 अक्षरों का विभाग पूर्वक पाठ करना है।

कल्याणवृष्टिभिरिवामृतपूरिताभि-
र्लक्ष्मी स्वयंवरमंगलदीपिकाभिः।
सेवाभिरम्ब तव पादसरोजमूले,
नाकारि किम्मनसि भक्तिमताञ्जनानाम्।।1।।

एतावदेव जननि स्पृहणीयमास्ते,
त्वद्वन्दनेषु सलिलस्थसरोजनेत्रे।
सान्निध्यमुद्यदरुणाम्बुजसोदरस्य,
त्वद्विग्रहस्य सुधया सपर्याप्लुतस्य।।2।।

ईषत्प्रभावकलुषाः कतिनाम सन्ति,
ब्रह्मादयः प्रतिदिनम्प्रलयाभिभूताः।
एकस्स एव जननि स्थिरसिद्धिरास्ते,
यः पादयोस्तव सकृत्प्रणतिङ्करोति।।3।।

लब्ध्वासकृत्त्रिपुरसुन्दरि तावकीनम्-
कारुण्यकन्दलति कान्तिभरङ्कटाक्षम्।
कन्दर्पभाव सुभगास्त्वयि भक्तिभाजः,
सम्मोहयन्ति तरुणीम्भुवनत्रयेऽपि।।4।।

ह्रींकारमेव तव नाम गृणन्ति ये वा,
मातस्त्रिकोणनिलये त्रिपुरे त्रिनेत्रे।
त्वत्संस्मृतौ यमभटाभि भवं विहाय,
दीव्यन्ति नन्दनवने सह लोकपालैः।।5।।

हन्तुः पुरामधिगलत्परिपूर्णमानः,
क्रूरः कथन्न भविता गरलस्य वेगः।
नाश्वासनाय यदि मातरिदन्तवार्द्धम्,
देहस्य शाश्वदमृताप्लुतशीतलस्य।।6।।

सर्वज्ञतां सदसि वा पटुताम्प्रसूते,
देवि त्वदङ्घ्रिसरसीरुहयोः प्रणामः।
किञ्च स्फुरन्मुकुटमुज्ज्वलमातपत्रम्,
द्वे चामरे च महतीं वसुधां दधाति।।7।।

कल्पद्रुमैरभिमतः प्रतिपादितपादनेषु,
कारुण्यवारिधिभिरम्ब भवत्कटाक्षैः।
आलोकय त्रिपुरसुन्दरि मामनाथं,
त्वय्यैव भक्तिभरितं त्वयि बद्धदृष्टिम्।।8।।

हन्तेतरेष्वपिनिधाय मनांसि चान्ये,
भक्तिं वहन्ति किल सापरदैवतेषु।
त्वामेव देवि मनसाहमनुस्मरामि,
त्वामेव नौमि शरणं जननि त्वमेव।।9।।

लक्षेषु सत्स्वपि तवाक्षिविलोकनाना-
मालोक्य त्रिपुरसुन्दरि च मां कथञ्चित्।
नूनं मया च सदृशं करुणैकपात्रं ,
जातो जनिष्यति जनो न च जायते वा।।10।।

ह्रीं ह्रीमिति प्रतिदिनं जपतां तवाख्यां,
किन्नाम दुर्लभमिह त्रिपुराभिधाने।
मालाकिरीटमदवारणमाननीयां-
स्तान्सेवते मधुमती स्वयमेव लक्ष्मीः।।11।।

सम्पत्कराणि सकलेन्द्रियनन्दनानि,
साम्राज्यदानकुशलानि सरोरुहाक्षि।
त्वद्वन्दनानि दुरितोद्धरोद्यतानि,
मामेव मातरनिशङ्कलयन्तु नान्यम्।।12।।

कल्पोपसंहरणकल्पितताण्डवस्य,
देवस्य खण्डपरशोः परभैरवस्य।
पाशांकुशैक्षवशरासनपुष्पबाणाः,
सा साक्षिणी विजयते तव मूर्तिरिका।।13।।

लग्नं सदा भवतु मातरिदन्त्वदीयम्,
तेजः परम्बहुलकुंकुमपंकशोणम्।
भास्वत्किरीटममृतांशुकलावतंसम्,
रूपं त्रिकोणमुदितम्परमामृताक्तम्।।14।।

ह्रींकारमेव तव धाम तदेव रूपं,
त्वन्नाम सुन्दरि सरोजनिवासमूलम्।
त्वत्तेजसा परिणतं वियदादिभूतं,
सौख्यं तनोति सरसीरुहसम्भरादेः।।15।।

यह अन्तिम श्लोक **शार्दूलविक्रीडित** छन्द में है, जिसका लक्षण है –

'सूर्याश्वैर्यदि मः सजौ सततगाः शार्दूलविक्रीडितम्।'

अर्थात् मसजसतत गणों व अन्त में एक गुरुवर्ण से विरचित होता है। अतः 12, 7 अक्षरों का विभाग पूर्वक पाठ करना है।

ह्रींकारत्रयसम्पुटेन महता मन्त्रेण संदीपितं,
स्तोत्रं यः प्रतिवासरन्तव पुरो मातर्जपेन्मन्त्रवित्।
तस्य क्षोणिभुजो भजन्ति वशगा लक्ष्मीश्चिरस्थायिनी,
वाणी निर्मलसूक्तिभावभरिता जागर्ति दीर्घं यशः।।16।।

।। इति ब्रह्मविरचितं षोडशीकल्याणीस्तोत्रं संपूर्णम्।।

31. अथ मन्त्रमातृकास्तोत्रम्

इस स्तोत्र के 1 से 16 तक के श्लोक **शार्दूलविक्रीडित** छन्द में है, जिसका लक्षण है –

'सूर्याश्वैर्यदि मः सजौ सततगाः शार्दूलविक्रीडितम्।'

अर्थात् मसजसतत गणों व अन्त में एक गुरुवर्ण से विरचित होता है। अतः 12, 7 अक्षरों का विभाग पूर्वक पाठ करना है।

कल्लोलोल्लसितामृताब्धिलहरिमध्ये विराजन्मणि
द्वीपे कल्पकवाटिकापरिवृते कादम्बवाट्युज्ज्वले।
रत्नस्तम्भसहस्रनिर्मितसभामध्ये विमानोत्तमे,
चिन्तारत्नविनिर्मितं जननि ते सिंहासनं भावये।।1।।

एणांकानलभानुमण्डललसच्छ्रीचक्रमध्ये स्थितां,
बालार्कद्युतिभासुरां करतलैः पाशांकुशौ बिभ्रतीम्।
चापं बाणमपि प्रसन्नवदनां कौसुम्भवस्त्रान्वितां,
तां त्वां चन्द्रकलावतंसमुकुटां चारुस्मितां भावये।।2।।

ईशानादिपदं शिवैकफलकं रत्नासनं ते शुभं,
पाद्यं कुंकुमचन्दनादिभरितैरर्घ्यं सरत्नाक्षतैः।
शुद्धैराचमनीयकं तव जलैर्भक्त्या मया कल्पितं,
कारुण्यामृतवारिधे तदखिलं सन्तुष्टये कल्पताम्।।3।।

लक्ष्ये योगिजनस्य रक्षितजगज्जाले विशालेक्षणे,
प्रालेयाम्बुपटीरकुंकुमलसत्कर्पूरमिश्रोदकैः।
गोक्षीरैरपि नारिकेलसलिलैः शुद्धोदकैर्मन्त्रितैः,
स्नानं देवि धिया मयैतदखिलं सन्तुष्टये कल्पताम्।।4।।

ह्रींकारांकितमन्त्रलक्षिततनो हेमाचलात्संचितैः,
रत्नैरुज्ज्वलमुत्तरीयसहितं कौसुम्भवर्णांशुकम्।
मुक्तासन्ततियज्ञसूत्रममलं सौवर्णतन्तूद्भवं,
दत्तं देवि धिया मयैतदखिलं सन्तुष्टये कल्पताम्।।5।।

हंसैरप्यतिलोभनीयगमने हारावलीमुज्ज्वलां ,
हिन्दोलद्युतिहीरपूरिततरे हेमांगदे कंगणे।
मंजीरौ मणिकुण्डले मुकुटमप्यर्धेन्दुचूडामणिं,
नासामौक्तिकमंगुलीयकटकौ कांचीमपि स्वीकुरु।।6।।

सर्वांगे घनसारकुंकुमघनः श्रीगन्धपंकांकितम्,
कस्तूरितिलकं च भालफलके गोरोचनापत्रकम्।
गण्डादर्शनमण्डले नयनयोर्दिव्यांजनं तेऽंचितम्,
कण्ठाब्जे मृगनाभिपंकममलं त्वत्प्रीतये कल्पताम्।।7।।

कल्हारोत्पलमल्लिकामरुवकैः सौवर्णपंकेरुहै-
र्जातीचम्पकमालतीबकुलकैर्मन्दारकुंदादिभिः।
केतक्या करवीरकैर्बहुविधैः क्लृप्ताः स्रजो मालिकाः,
संकल्पेन समर्पयामि वरदे सन्तुष्टये गृह्यताम्।।8।।

हन्तारं मदनस्य नन्दयसि यैरंगैरनंगज्वलै-
र्यैर्भृंगावलिनीलकुन्तलभरैर्बध्नासि तस्याशयम्।
तानीमानि तवाम्ब कोमलतराण्यामोदलीलागृहा-
ण्यामोदाय दशांगगुग्गुलघृतैर्धूपैरहं धूपये।।9।।

लक्ष्मीमुज्ज्वलयामि रत्ननिवहोद्भास्वत्तरे मन्दिरे,
मालारूपविलम्बितैर्मणिमयस्तम्भेषु संभावितैः।
चित्रैर्हाटकपुत्रिकाकरधृतैर्गव्यैर्घृतैर्वर्धितै-
र्दिव्यैर्दीपगणैर्धिया गिरिसुते सन्तुष्टये कल्पताम्।।10।।

ह्रींकारेश्वरि तप्तहाटककृतैः स्थालीसहस्रैर्भृतं,
दिव्यान्नं घृतसूपशाकभरितं चित्रान्नभेदं तथा।
दुग्धान्नं मधुशर्करादधियुतं माणिक्यपात्रे स्थितं,
माषापूपसहस्रमम्ब सफलं नैवेद्यमावेदये।।11।।

सच्छायैर्वरकेतकीदलरुचा ताम्बूलवल्लीदलैः,
पूगैर्भूरिगुणैः सुगन्धिमधुरैः कर्पूरखण्डोज्ज्वलैः।
मुक्ताचूर्णविराजितैर्बहुविधैर्वक्त्राम्बुजामोदनैः,
पूर्णा रत्नकलाचिका तव मुदे न्यस्ता पुरस्तादुमे।।12।।

कन्याभिः कमनीयकान्तिभिरलंकारामलारार्तिका,
पात्रे मौक्तिकचित्रपंक्तिविलसत्कर्पूरदीपालिभिः।
तत्तत्तालमृदंगगीतसहितं नृत्यत्पदाम्भोरुहं,
मन्त्राराधनपूर्वकं सुविहितं नीराजनं गृह्यताम्।।13।।

लक्ष्मीमौक्तिकलक्षकल्पितसितच्छत्रं तु धत्ते रसा-
दिन्द्राणी च रतिश्च चामरवरे धत्ते स्वयं भारती।
वीणामेणविलोचनाः सुमनतां नृत्यन्ति तद्रागव-
द्भावैरांगिकसात्त्विकैः स्फुटरसं मातस्तदालोक्यताम्।।14।।

ह्रींकारत्रयसंपुटेन मनुनोपास्ये त्रयीमौलिभि-
र्वाक्यैर्लक्ष्यतनोस्तव स्तुतिविधौ को वा क्षमेताम्बिके।
संलापाः स्तुतयः प्रदक्षिणशतं संचार एवास्तु ते,
संवेशो नमसः सहस्रमखिलं त्वत्प्रीतये कल्पताम्।।15।।

श्रीमन्त्राक्षरमालया गिरिसुतां यः पूजयेच्चेतसा,
सन्ध्यासु प्रतिवासरं सुनियतस्तस्यामलं स्यान्मनः।
चित्ताम्भोरुहमण्डपे गिरिसुता नृत्तं विधत्ते रसा-
द्वाणीवक्त्रसरोरुहे जलधिजा गेहे जगन्मंगला।।16।।

यह अन्तिम श्लोक मालिनी छन्द में है, जिसका लक्षण है – '**ननमयययुतेयं मालिनी भोगिलोकैः।**' अर्थात् ननमयय गणों से विरचित होता है। अतः 8, 7 अक्षरों का विभाग पूर्वक पाठ करना है।

इति गिरिवरपुत्रीपादराजीवभूषा,
भुवनममलयन्ती सूक्तिसौरभ्यसारैः।
शिवपदमकरन्दस्यन्दिनीयं निबद्धा,
मदयतु कविभृंगान्मातृकापुष्पमाला।।17।।

।।इति श्रीमंत्रमातृकापुष्पमाला संपूर्णा।।

32. अथ श्रीमकरन्दस्तोत्रम्

इस स्तोत्र के 1 से 16 तक के श्लोक स्रग्धरा छन्द में है, जिसका लक्षण है- 'म्रभ्नैर्यानां त्रयेण त्रिमुनियतियुता स्रग्धरा कीर्तितेयं।' अर्थात् मरभनयय गणों से विरचित होता है। अत: 7, 7, 7 अक्षरों का विभाग पूर्वक पाठ करना है।

श्रींबीजे नादबिन्दुद्वितये शशिकलाकाररूपे स्वरूपे,
मातर्मे देहि बुद्धिं जहि जहि जड़तां पाहि मां दीनदीनम्।
अज्ञानध्वान्तनाशक्षमरुचिरुचिरप्रोल्लसत्पादपद्मे,
ब्रह्मेशाद्यैः सुरेन्द्रैः सुरगणविनतैः संस्तुतां त्वां नमामि।।1।।

लज्जाबीजस्वरूपे त्रिजगति वरदे व्रीडया या स्थितेयं,
तां नित्यां शम्भुशक्तिं त्रिभुवनजननीं पालयन्तीं जगच्च।
संसारे तान्निदानं सकलगुणमयीं सच्चिदानन्दरूपां,
तेजोरूपां प्रदीप्तां त्रिभुवनतिमिराज्ञानहन्त्रीं नमामि।।2।।

क्लींबीजे कामकूटे धृतकुसुमधनुर्बाणपाशांकुशां तां,
वन्दे भास्वत्सरोजोदरनिभवपुषं मोहयन्तीं त्रिलोकीम्।
कांचीमंजीरहारांगदमुकुटलसत्स्वर्णमाणिक्यरत्नै,
राजन्तीमिन्दुवक्त्रां स्तनभरनमितां क्षीणमध्यां त्रिनेत्राम्।।3।।

ऐं वाणी बीजरूपां त्रिभुवनजड़ताध्वान्तविध्वंसिनीं त्वां,
शब्दब्रह्मस्वरूपा श्रुतिभिरनुपदं गीयमाना त्वमेव।
मातर्मे देहि बुद्धिं मम सदसि परद्वन्द्वसंक्षोभकर्त्रीं,
ऐन्द्रीं वाचस्पतेरप्यतिविविधपदां त्वत्पदाम्भोजमीडे।।4।।

सौः कार्यजाते घटपटप्रभृताविष्टहेतौ सहाया,
केचिन्मायासह त्वं प्रकृतिपरिणतौ मूलभूता त्वमेव।
केचिद्बाह्यप्रपंचे मणिरिव हि मणौ हेतुभूता त्वविद्या,
